फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 70 प्रभात जयपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Bombay's David Sassoon With A Big Heart**

Disturbed by the Ottoman clampdown on Jews, the Sassoons made large financial contributions to help those who were forced to flee.

**World Gulab Jamun Day**

**Why Are Some TV Shows and Movies So Dark Now?**

# हरियाणा के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत वहाँ क्या कर रहे थे, चुनाव के दौरान?

## जब पार्टी के विद्रोही, हरियाणा में बगावत पर आमादा थे तो क्या इस वरिष्ठ पर्यवेक्षक ने पार्टी के ज़मीनी हालात से हाईकमान को अवगत कराया था

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। यह प्रश्न नई दिल्ली से चंडीगढ़ और जयपुर तक पूछा जा रहा है कि हरियाणा चुनाव के दौरान पार्टी के सामने आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिये, हरियाणा के लिये पार्टी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत आखिर क्या कर रहे थे।

जब पार्टी महासचिव तथा हरियाणा प्रभारी बीमार थे तथा कोमा में थे, तो उस स्थिति में, विद्रोहियों, जो पार्टी को नुकसान पहुँचा रहे थे, को संभालने के लिये, उनसे निपटने के लिये पर्यवेक्षकगण क्या कर रहे थे, तथा जो कुछ कुछ जमीनी स्तर पर हो रहा था, नेतृत्व को उसकी क्या जानकारी दी जा रही थी?

अशोक गहलोत और अजय माकन जैसे पर्यवेक्षक कहीं भी दिखाई या सुनाई नहीं दे रहे थे। किसी को भी नहीं मालूम, कि वे क्या कर रहे थे।

क्या गहलोत केवल किसी पद की फिराक में थे ताकि वे दुनिया को दिखा सकें कि उनका राजनैतिक अस्तित्व खत्म नहीं हुआ है?

- **क्या अशोक गहलोत का हरियाणा जाने का मकसद केवल यह था कि जनता में यह मैसेज जाये कि वे पार्टी में अभी भी राजनीतिक दृष्टि से लुप्त नहीं हुए हैं, अभी भी अहमियत रखते हैं।**
- **यह ही स्थिति, दूसरे पर्यवक्षेक अजय माकन की थी।**
- **कुछ ऐसे ही सवाल के.सी. वेणुगोपाल के बारे में पूछे जा रहे हैं। जैसा कि विदित ही है, वेणुगोपाल को राहुल गांधी ने अपनी ''पावर ऑफ एटॉर्नी'' दे रखी है, उन्होंने हरियाणा में पाँच टिकट दिलवाये थे तथा पाँचों उम्मीदवार वहाँ हारे।**
- **अगर राहुल गांधी को पार्टी का सर्वोच्च नेता बने रहना है तो उन्हें अपने ''घर'' को संभालना होगा और उन सब पुराने लोगों को हटाना होगा जो आज के संदर्भ में मायने नहीं रखते और पार्टी के हित के खिलाफ काम कर रहे हैं। राहुल पार्टी का संचालन आउट सोर्स कर सकते हैं, अपने चाटुकारों को, उन्हें ''हैण्ड्स ऑन अप्रोच'' अपनानी पड़ेगी तथा पार्टी की मैली राजनीति में अपने हाथ गंदे करने पड़ेंगे।**


और भूपिन्दर सिंह हूडा, जो उनके पुराने मित्र हैं, जैसे वरिष्ठ नेताओं द्वारा उन्हें क्या संरक्षण/प्रोत्साहन दिया जा रहा था।

वेणुगोपाल, राहुल गांधी द्वारा पावर ऑफ अटॉर्नी दे दिये जाने के कारण, पार्टी में सत्ता के एकमात्र केन्द्र बने हुये हैं। उन्होंने पांच लोगों को टिकट दिये थे तथा वे सब के सब चुनाव हार गये। इनमें एक महिला भी शामिल हैं, जो उनके निकट मानी जाती हैं, वे चौथे नम्बर पर रही हैं।

इस बड़ी पराजय के बाद, राहुल को अपने घर को व्यवस्थित करने की जरुरत है तथा फालतू लोगों, भाजपा-एजेंटों, अक्षम लोगों को हटा देने की जरुरत है, जो पार्टी हित के विरुद्ध काम कर रहे हैं।

अगर राहुल सर्वमान्य नेता बने रहना चाहते हैं तो उन्हें पार्टी के जिम्मेदारी पूर्ण काम बाहर के लोगों तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# रतन टाटा नहीं रहे

मुंबई, 9 अक्टूबर। मशहूर उद्योगपति रतन टाटा का निधन हो गया है। उन्होंने 86 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्री रतन टाटा जी एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। इससे पहले 7 अक्टूबर को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रतन टाटा ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव

- **टाटा समूह के चेयरमैन 86 वर्षीय रतन टाटा ने मुबंई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अप्रत्याशित हार के बाद अपमान के घाव भी मिल रहे हैं कांग्रेस को

## इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने कांग्रेस को आँखे दिखानी शुरु कर दी हैं

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। इस समय कांग्रेस केवल भाजपा से मिले चुनावी आघात एवं जख्म से ही नहीं, बल्कि इंडिया ब्लॉक के गठबंधन पार्टनरों से काफी हद तक अपमानित महसूस कर रही है।

हरियाणा में अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद, भाजपा को सत्ता से हटा पाने की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में कांग्रेस के असफल रहने के बाद, इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने इस 'ग्रांड ओल्ड पार्टी' के विरुद्ध बड़े बोल बोलने शुरु कर दिए हैं। अरविन्द केजरीवाल की आप ने घोषणा कर दी है कि वह आगामी दिल्ली चुनाव अपने बलबूते पर लड़ेगी। उधर, महाराष्ट्र में एम.वी.ए. की गठबन्धन पार्टनर शिव सेना ने अपने मुखपत्र ''सामना'' में अत्यन्त कटु सम्पादकीय लिखा है। सम्पादकीय कांग्रेस की आलोचना करते हुये कहता है कि कांग्रेस ने ''आन्तरिक अनबन'' और अति आत्मविश्वास एवं अधिकार मान लेने की भावना'' के फलस्वरुप, हरियाणा की स्पष्ट एवं सहज जीत का अवसर गँवा दिया है। उद्धव ठाकरे एम.वी.ए. के दोनों पार्टनरों पर दबाव बनाये हुये हैं कि महाराष्ट्र के चुनावों से पहले मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर दिया जाये। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के अखिलेश यादव ने भी कांग्रेस नेताओं से चर्चा किये बिना ही, इसी साल होने वाले 10 विधानसभा उपचुनावों की 10 में से 6 सीटों के लिये उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। आठ अक्टूबर को हुई चुनाव परिणामों की घोषणा को एक दिन भी नहीं हुआ, और घटनाक्रम ऐसे संकेत देने लगा है कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को हुआ लाभ, तथा उसके बाद, राहुल गांधी का नेता, प्रतिपक्ष बनना, इन दोनों ही उपलब्धियों का महत्व अब कम होने लगा है। इस अर्थ में, कांग्रेस की हरियाणा में हुई हार कांग्रेस के लिये राष्ट्रव्यापी महत्व रखती है तथा यह हार इस सोच को भी मजबूत कर रही है कि कांग्रेस जीती हुई लड़ाई भी हार जाती है।

जम्मू-कश्मीर में इंडिया ब्लॉक की निर्णायक जीत का जिक्र करते हुये, ''सामना'' के सम्पादकीय में कहा गया है कि आप जैसे मित्र दलों से परामर्श न करना, हरियाणा में कांग्रेस के लिये महँगा साबित हुआ है। जहाँ तक आप नेताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **लोकसभा चुनावों के अच्छे प्रदर्शन और फिर राहुल गांधी के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद कांग्रेस फूली नहीं समा रही थी तथा सहयोगी दल कुछ शांत से थे। हरियाणा चुनावों की हार से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को कांग्रेस पर उंगली उठाने का मौका मिल गया है।**
- **आप ने कह दिया है कि वो दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। वहीं सपा ने भी यू.पी. की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों के लिए 6 सीटों पर प्रत्याशियों की एकतरफा घोषणा कर दी।**
- **महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिव सेना ने अपने मुख पत्र सामना के संपादकीय में कांग्रेस की कड़ी आलोचना की।**




के.एस. मोटर्स प्रा. लि.: एम. आई. रोड: 7574808728, वैशाली नगर: 07942530977, वी.के.आई. रोड़ नं0 5: 9783384408, ( ब्रांच ):- कोटपुतली: 8852884871, 9166409090, शाहपुरा: 9001238949, 9461671901, लालसोट: 9414570752, महुआ: 9829552732, बस्सी: 7574808728, दूदू: 9929236333, विराटनगर: 9929373114, बांदीकूई: 9414517132, जोबनेर: 8094582000, जैतपुरा: 9460466992, 9828150910, दौसा: 8233279427, 9414045855, जयपुर: ऑटो वर्ल्ड टोंक रोड, प्रतापनगर: 8929653907, राजापार्क: 8929653907, ( ब्रांच ):- सवाईमाधोपुर: 8929653907, गंगापुरसिटी: 8929653907, टोंक: 8929653907, अलवर: जे.एस. फोरव्हील मोटर्स प्रा. लि. अलवर, बहरोड़, करौली: 8302658892, भिवाड़ी: 9289464947, धौलपुर/भरतपुर: 9625374409, सीकर: गहलोत मोटर्स प्रा. लि. सीकर: 9414039978, 9983086958, श्रीमाधोपुर: 7412074594, झुंझुनूं: 9414059948, उदयपुरवाटी: 9414039952, चिड़ावा: 7412049988, खेतड़ी: 9983560927, नीम का थाना: 9414033482, बीकानेर: बीकानेर मोटर्स प्रा. लि. बीकानेर/चूरू/सुजानगढ़: 8527241179 , उदयपुर: के.एस. ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. उदयपुर: 7574808555, आईओसी पेट्रोल पम्प, गोवर्धन विलास, उदयपुर: 9001317899, प्रतापगढ: 7727087373, 9001897397, बांसवाड़ा: 7727011069, 9773316278, 9773318630, 9773326964, 9950207844, डूंगरपुर: 9001297956, 8233009909, सागवाड़ा: 7726006927, 9929958164, चित्तौड़गढ़: 8003093548, 8233009810, 9001799790, 9773396753, 9116629684, प्रतापगढ़: 7727087373, 9001897397, रावतभाटा: 8233009810, आबूरोड़: 9116504111, 9928040209, सिरोही: 9929958177, 7727083939, 8529080964, भीलवाड़ा: भीलवाड़ा एग्रो ऑटो सर्विस ( प्रा. ) लि. भीलवाड़ा/बिजोलिया/राजसमन्द/भीम: 8875016206, कोटा: एवरग्रीन मोटर्स कोटा: 9654126004, 9928911655, क्यूब: 9654126004, 9829029755, बूंदी: 9654126004, 9829226555, बारां: 9654126004, 9829226655, झालावाड़: 9654126004, 9928922755, अजमेर: परम ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. अजमेर: 9205995747, किशनगढ़: परम महिंद्रा किशनगढ़: 9205995747, 9521815789, नागौर: नागौर ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. नागौर: 7291983310, 8003899701, ( ब्रांच ) मेड़ता : 7291983310, 9414119003, डेगाना : 7291983310, 9414603205, कुचामन सिटी : 7291983310, 9413385702, डीडवाना : 7291983310, 9829146228, छोटी खाटू : 8239343536, लाडनूं: 7291983310, 9314014841, गंगानगर: वी. डी. मोटर्स प्रा. लि. श्रीगंगानगर: 9672078696, 9672078697, 9414093025, 9414093041, सूरतगढ: 9672064445, 9414093016, अनूपगढ़: 9414093027, हनुमानगढ़: 9214093020, 9672064447, 9672058887, नोहर: 9672028885, जोधपुर: ओ. एस. मोटर्स जोधपुर: 9413078666, 7791960164, बाड़मेर: 7023067805, बालोतरा: 9664251725, जैसलमेर: 7340105190, फलोदी: 9413660844, पाली: 9610078677, सुमेरपुर: 9784839760, जालौर: 9772708668, भीनमाल: 9829809490, सांचौर: 9602664390, जैतारन : 9024835145, बासनी : 9829433352

## विचार बिन्दु

**अविश्वास आदमी की प्रवृत्ति को जितना बिगाड़ता है, विश्वास उतना ही बनाता है। –धर्मवीर भारती**

# पोल की पोल खुल गई

हरियाणा चुनाव के नतीजों नें कई ख्यातनाम राजनीतिक समीक्षकों व एंकर्स की व बनावटी–ठकुर सुहाते एग्जिट पोल्स की पोल खोल कर रख दी। इस लेखक के एक मोटी बात समझ में आई कि भारत की राजनीति में सफलता की कुंजी है कि या तो समाज को विभिन्न जातियों में बांटो, एक दूसरी के विरुद्ध करो या फिर जातीयों का गठजोड करो।

हरयाणा के परिणामों में यह साफ झलकता है। एक बड़ी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जाती को यथासम्भव थोड़ा बहुत बांटो और अन्य कम जनसंख्या वाली जातियों को उसके विरुद्ध भड़काओ।जिस पार्टी नें ऐसा सफलतापूर्वक किया वह सत्तासीन हो गई और जो यह नहीं समझ सकी वह  को दोष देकर खीज मिटा रहे है।

कांग्रेस की दयनीय स्थिति पर, नीतियों के खोखले पन पर तथा नेताओं के परिवारवाद व अहंकार के सम्बंध में इस लेखक का 29 मार्च, 2022 के राष्ट्रदूत में लेख प्रकाशित हुआ था, जो वर्तमानं में भी प्रसांगिक है। लेख का शीर्षक इस प्रकार है::––

आम आदमी प्रश्न पूछते है कि वह कांग्रेस से क्यों जुड़ा रहे या कोई नया व्यक्ति उस से क्यों जुड़े?

तब की जनसंघ व अब की भाजपा छोटी पार्टी थी तब इन्हें प्रतिक्रिवादी पार्टीयां कहा जाता था क्योंकि वे सरकार की हर अच्छी–बूरी योजना, कदम की आलोचना ही करती थी। यद्यपि इन पार्टियों ने कुछ मुद्दे ऐसे भी पकड़ रखे थे जिन्हें वे अपने हर चुनावी मैनिफेस्टो में दोहराते रहे है, जैसे– धारा 370, समान नागरिक संहिता व अन्य। जनसंघ, भाजपा की इन मुद्दों पर स्पष्टता थी, चाहे तत्समय आम जन मानस उसे स्वीकार नहीं करता था।

वर्तमानं में कांठोस वैसा ही कुछ कर रही है जैसा किसी जमाने में जनसंघ, भाजपा करती थी।

आज, आम जन को प्रभावित, आकर्षित करने के लिए कांग्रेस की कोई स्पष्ट और भाजपा से बहुत ज्यादा भिन्न विचारधारा नजर नहीं आती सिवाय उलझी सी धर्म निरपेक्षता पर कांग्रेस की राय के। यह राय भी भाजपा की ''सब का साथ, सबका विश्वास, सब का विकास'' नीति के सामने कुंद होती नजर आती है। जनसंघ, भाजपा उस समय छोटी पार्टियां जरूर थी किन्तु हर समय 20,30,50 लोगों के साथ ही सही, गली मोहल्लों में, आम आदमी से जुड़े बिजली, पानी, दफ्तरों में छोटे–मोटे भ्रष्टाचार के मुद्दों पर संघर्ष करती हुई, अपनी मौजदगी दर्ज कराती दिखती थी।

कांग्रेस प्रवक्ताओं के तो बड़े ही अजीब तर्क हैं––कभी बीजेपी के भी दो संसद थे, हमने उन्हें यहां हराया–वहां हराया–फिर हराएंगे–ध्रुवीकरण से जीते है, हिंद–ुमुसलमान करके जीते––क्या इन तर्क से कांग्रेस का रिवाइवल हो जाएगा? नहीं। कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं को सड़कों पर आना होगा––आगे कांग्रेस क्या करेगी, क्या विजन है, यह जनता को बताना होगा।

मात्र सरकार की आलोचना, प्रतिक्रियाएं देने से तो कम नहीं चलने वाला

आज भाजपा की यूएसपी मुख्यत: वे योजनाएं है जो किसी जमाने में कांग्रेस ने शरू की। टार्गेटेड राशन योजना कांग्रेस की देन किन्तु गरीब के राशन की चोरियां होती थी, इस से कोई इनकार नहीं कर सकता। आधार और पोश मशीन के कारण, अब इन चोरियों पर अंकुश लगा है। गरीब का राशन अब भी डीलर इधर–उधर करता है किंतु उसकी सहमति से।

मनरेगा एक्ट व योजना कांग्रेस की देन। नि:सन्देह एक अत्यंत अच्छी योजना थी किन्तु इसे कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओं नें सभा, रैलियों में भीड़ इक्कठा करने का साधन बना लिया। कांग्रेस के मंत्री तक यह स्वीकार करते हैं। मस्ट्रोल्स में फर्जी नाम, बिना काम किए नाम होना, बिना काम हुए ही मस्ट्रोल्स भरना, पँचायत स्तरीय गुट बाजी के आधार पर अनावश्यक कामों का चयन और आवश्यक कामों का चयन न करने की आम शिकायतें थी। इन तरीकों से, इसमें पंचायत स्तर से लेकर ऊपर तक गबन होता था।

वही योजना अब भी लागू है, छोटा–मोटा भ्रष्टाचार अब भी है किंतु आधार और बैंक खातों में सीधे भुगतान नें उस पर अंकुश लगा दिया। कांग्रेस कहती रहे कि भाजपा सरकार ने मनरेगा बजट कम कर दिया वगैरा वगैरा, पर जनता ऐसी बातें अस्वीकार कर रही है।

स्वच्छ भारत योजना भी, टोटल सैनिटेशन कम्पेन के नाम से यूपीए सरकार में चल रही थी, किन्तु भाजपा सरकार ने इसे एक अभियान का रूप देकर घर–घर पहुंच दिया। सरकारी सहायता, न्यूनतम भ्रष्टाचार के साथ बेनेफसीयरी के पास सीधे बैंक खाते में पहुंच गई। कांग्रेस केवल यही आलोचना करती रही कि बिना पानी शौचालय किस काम के। ऐसी आलोचनाओं को आम आदमी अस्वीकार कर देता है।

**भ्रष्टाचार समाज, देश, आमआदमी के लिए नासूर बन चुका। कांग्रेस की सरकारों का रिकार्ड इस बिंदु पर उज्ज्वल नहीं। कांग्रेस कुछ भी कहेगी, जनता बमुश्किल विश्वास करेगी। गिनी चुनी 1,2 जो सरकारें हैं, उनकी कार्यप्रणांली साफ करके इरादे तो जाहिर करें। राजस्थान में तो मंत्री तक मानते है कि''---इस प्रकार के काम बिना भ्रष्टाचार के सम्भव नहीं--'' यदि कांग्रेस के बड़े-छोटे नेता दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हैं तो मन में तो वे भी मानते होंगे कि यहां नीचे से लेकर ऊपर तक भयंकर भ्रष्टाचार का बोलबाला है।**

आधार नम्बर की योजना के क्रियान्वयन को परवान चढ़ाया कांग्रेस नें। कई ख्यातनाम भाजपाइयों ने इसका पानी पी पी कर विरोध किया । सत्ता में आते ही उन्ही नेताओं ने इसके महत्व को समझा और आम आदमी के हित में उसका व्यापक स्तर पर उपयोग कर लिया। आम आदमी को मिलने वाली सारी सरकारी सहायताएं जैसे छात्रवृतियां, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रसूता सहायता, किसान सम्मान निधि राशि आदि आदि, सीधे बेनेफिसियरी के खाते में नकद, बिना बिचोलियों और छिज्जत के जाने लगी। किसको अच्छा नहीं लगेगा।

आम आदमी के लिए लोकतंत्र का मतलब चुनाव और उसके नजरिये से चुनाव हो रहे तो लोकतंत्र सुरक्षित। संस्थाएँ मतलब पँचायत, राशन डीलर, तालुका–जिला दफ्तर और वहाँ उसका काम बिना टके पैसे हो जाए तो संस्थाएं सही हैं। उसके आगे बड़े–बड़े वक्त कुछ भी कहें कि लोकतन्त्र–संस्थाएँ खतरे में, आम आदमी के लिए सब महत्वहीन है। कांग्रेस–विपक्ष समझे इस बात को।

आम आदमी प्रसन्न है, उसे उपरोक्त कामों के लिए किसी के आगे हाथ जोड़ते नहीं फिरना पड़ता। वह इसका श्रेय भाजपा को देता है। कांग्रेसी नेता गाला फाड़–फाड़ कर कहते रहें कि योजना उन्होंने शुरू की पर इनका सफल क्रियान्वयन कर भाजपा नें सिद्ध कर दिया––''जो सही ढंग से लागू करे सो आम खाए''।

आज भाजपा टीवी चैनल्स के माध्यम से, अपने गिने–चुने छुटभैये नेताओं से नैरेटिव सेट करवाती है, कांग्रेस उस पर उतावलेपन से रियेक्ट कर फंसती है। तीन तलाक के मुद्दे पर जहां भजपा स्पष्ट थी, कांग्रेस लगातार ढुलमुल दिखी।

हिंदुत्व के मुद्दे पर अनावश्यक बयानबाजी कर फंसती है जबकी आम आदमी अच्छी तरह जानता है धर्म क्या है और धर्म का सत्ता के लिए दुरुपयोग क्या है? सोची समझी रणनीति के अनुसार, काऊ विजिलेंट्स, मोब लिंचीन, पशुधन परिवहन व इसी प्रकार के धार्मिक भावनाओं से जुड़े मुद्दों को समय समय पर आवश्यक्तानुसर उछाला जाता है और कुछ समय बाद उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इन पर कांग्रेस की कोई धरातलीय नीति, कार्ययोजना नही है और न जो एलिमेंट्स ऐसा करते है उनका सशक्त विरोध की क्षमता है। कांग्रेस का सेवादल संगठन निष्क्रिय सा है। यह संगठन बजरंग दल, गौ रक्षा दल व अन्य ऐसे संगठनों का कैसे सामना कर सकता है?

शाहबानो केस, बाबरी मस्जिद ताला खोलने पर कांग्रेस नें गलतियां की–परिणाम भुगत रही है। धार्मिक उन्माद व दंगे के मुद्दे भी कांग्रेस को सहायता नहीं कर सकते क्योंकि कांग्रेस का भी दामन साफ नहीं है।

कांग्रेस की लगातार चुनावी हार के लिए केवल राहुल गांधी की ओर अंगुली उठाना भी, सत्यता से मुंह मोड़ना है। माना की राहुल गांधी धुँवाधार भाषण नहीं दे सकते किन्तु जो अंगुली उठा रहे है, वे नेता क्या करते रहे है? के डर से सब दड़बों में छुपे है––राहुल, कम से कम, निर्भीकता से मुद्दे उठा तो रहे है।

भाजपा नेताओं के भाषणों में हर छोटी–बड़ी उपलब्धि का श्रेय मोदी जी को आदर के साथ दिया जाता है, कांग्रेस से अपने पूर्वप्रधानमंत्री नरसिम्हा राव व मनमोहन सिंह ऐसे आदरभाव का अभाव रहा।

क्या हो कांग्रेस की नई यूएसपी???? वर्तमानं सरकार की लोक हित नीतियों की मात्र आलोचना या उन्हें बन्द करने की बात नई यूएसपी नहीं हो सकती। मंहगाई का गली मोहल्लों तक विरोध हो सकती है बशर्ते इसे नियंत्रण का स्पष्ट रोड़ मैप साथ हो। अनेक कलिष्ट कानूनों का सरलीकरण, अनावश्यक कानूनों को समाप्त करना, लोकसभा–विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना, सरकारी नौकरियों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत करना, सरकारी कामकाज में निर्णय बिना किसी प्रकार के धार्मिक अधरों पर तुष्टिकरण के करने का वादा, त्वरित न्याय सुलभ करवाना, इसका रोड मैप–––किसान कल्याण के लिए एमएसपी, इसे मंहगाई से जोड़ कर सतत रिवीजन हो और एमएसपी न मिलने से किसानों पर बढ़े कर्जे पर स्पष्ट नीति रखें–कृषि का बड़े स्तर पर विविधीकरण हो––कृषि जुड़ी नीतियों के निर्माण व क्रियान्वयन के साथ किसानों के संगठनों को जोड़ा जाए,उनकी राय ली जाए।

सैनिक कल्याण, कर्मचारी कल्याण, श्रमिक कल्याण, जनअभव –अभयोग निराकरण, निजीकरण, शिक्षा–पाठ्य पुस्तकों आदि पर स्पष्ट नीतियां घोषित करे, मात्र खाना पूर्ति वाली नीतियां, योजनाएं नहीं।

भ्रष्टाचार समाज, देश, आमआदमी के लिए नासूर बन चुका। कांग्रेस की सरकारों का रिकार्ड इस बिंदु पर उज्ज्वल नहीं। कांग्रेस कुछ भी कहेगी, जनता बमुश्किल विश्वास करेगी। गिनी चुनी 1,2 जो सरकारें हैं, उनकी कार्यप्रणांली साफ करके इरादे तो जाहिर करें। राजस्थान में तो मंत्री तक मानते है कि''–––इस प्रकार के काम बिना भ्रष्टाचार के सम्भव नहीं––'' यदि कांग्रेस के बड़े–छोटे नेता दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हैं तो मन में तो वे भी मानते होंगे कि यहां नीचे से लेकर ऊपर तक भयंकर भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

आज कांग्रेस के बारे में आम धारणा यह है कि यह केवल ट्विटिया, सोशल मिडिया पर पोस्ट्स तक सीमित, जागीरदारों की पार्टी मात्र है जहां आम कार्यकर्ता को कहा जाता है 25 साल रगड़ाई होगी तब कांग्रेस की रीतिनीति समझ आती है और तब बात सुनी जाएगी। आज का युवा क्यों आकर्षित हो ऐसी पार्टी की ओर जहां छोटे बड़े सारे पद परिवारों, रिश्तेदारों और पूर्णत: जागीरदार नेताओं पर आश्रितों लिए आरक्षित हों ?

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# आखिर कब रुकेंगे सड़क हादसे....



**अविनाश जोशी**

सड़क हादसे जिंदगी की रफ्तार को रोक देते हैं। परिवार टूट जाते है एवम कई बार तो यह प्रश्न होता है की आगे की जिंदगी कैसे जी जाएगी। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जिस दिन देश के किसी भी भाग में सड़क हादसा न हो और कुछ लोगों को जान से हाथ न धोना पड़े। अमूमन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने वाले आम जन होते हैं। इसलिए वे अखबारों की सुर्खियां नहीं बन पाते, जिससे उन दुर्घटनाओं पर लोगों का ध्यान भी नहीं जाता है। अनुमानत हमारे देश में हर मिनट में एक सड़क दुर्घटना होती है और हर तीन मिनट में सड़क दुर्घटना में एक जान जाती है। दुनिया में सबसे ज्यादा सड़क हादसे भारत में ही होते हैं। जबकि चीन, रूस और अमेरिका जैसे कई देशों में भारत की अपेक्षा कहीं अधिक संख्या में कारें हैं। दुर्घटनाओं पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े दिल दहलाने वाले हैं। पिछले दस साल में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में लगभग चालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इस अवधि में आबादी में सिर्फ  बारह प्रतिशत का इजाफा हुआ है। ज्यादातर मौतें दो–पहिया वाहनों की दुर्घटना में हुई हैं और तेज व लापरवाही से वाहन चलाना उनकी वजह रही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार 2021 की तुलना में सड़क दुर्घटना 11.9 फीसद, इसमें मृत्यु 9.3 फीसद और स्थायी अपंगता 15.3 फीसद की दर से बढ़ी है। राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस हाइवे पर दुर्घटना दर 36.2 फीसद और राज्य मार्गों पर 39.4 फीसद है। इन दुर्घटनाओं में मरने वाले 83.3 फीसद अपने परिवार को पालने वाले कामकाजी लोग थे।

आज के युग में विज्ञान ने मनुष्य का जीवन अत्यंत सरल बना दिया है उससे उतना कठिन परिश्रम नहीं करना पड़ता जितना पहले करना पड़ता था हर क्षेत्र में आज मनुष्य वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग करता है वाहन भी विज्ञान की ही देन है जिसके माध्यम से आज हम एक दूसरे स्थान तक आसानी से पहुंच जाते हैं परंतु इन्हीं भावनाओं के कुछ नुकसान भी है वायु को दूषित करने के अतिरिक्त सड़क दुर्घटना भी इन्हीं वाहनों की देन है। सड़क सुरक्षा के मानकों का महत्त्व समझना और समझाना दोनों जरूरी है, क्योंकि देश में सड़क नेटवर्क का तेजी से हो रहे विस्तार, गाड़ियों की संख्या में हो रही वृद्धि और शहरीकरण का नकारात्मक पक्ष सड़क दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ चुका है। सड़क हादसों में होने वाली मौतें और अपंगता की बढ़ती संख्या ने यह सोचने पर विवश किया है कि क्या विकास की धुरी मानी जानी वाली सड़कें मौत का प्रमुख कारण और जगह बनती जा रही हैं?

हमारी सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाहनों की सुरक्षा के मानकों की समय–समय पर जांच होनी चाहिए। भारी वाहन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को परमिट दिए जाने की प्रक्रिया में कड़ाई बरती जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता भी तय की जाए, साथ ही छोटे बच्चों और किशोरों के वाहन चलाने पर कड़ाई से रोक लगे। तेज रफ्तार, सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग न करने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। स्कूलों में भी सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान चलाए जाएं, तभी भारत में सड़कों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग पाएगी।

शहरों में लालबत्ती पार करने, अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने और आगे निकलने की प्रवृत्ति आम है। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। इससे सैकड़ों लोग घायल होते और मरते हैं। इसमें यातायात पुलिस की लापरवाही कम जिम्मेदार नहीं है। वहीं हादसा होने के बाद घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में हुई देरी घायल व्यक्ति की मौत का बड़ा कारण है, मगर आम लोग घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आते। राज्य सरकार की तरफ से घायल को तत्काल चिकित्सा और राहत पहुंचाने वाली सुविधाएं भारत में बहुत कम हैं। इससे भी घायल व्यक्ति की मौत असमय हो जाती है।

पिछले कुछ सालों में भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा संबंधी कई उपाय किए हैं। उनमें सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहित करना, जागरूकता पैदा करना, सुरक्षा कानूनों का प्रवर्तन, सड़क सुरक्षा सूचना का डेटाबेस तैयार करना जैसे उपाय शामिल हैं। इसके कुछ सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। मगर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने इन सारे उपायों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। वजह है कि इन उपायों का पालन ठीक से नहीं कराया जा रहा है। कठोर कानून के बावजूद लोगों को उसका भय नहीं सतता, जिसका परिणाम प्रतिदिन सैकड़ों सड़क हादसों के रूप में सामने आता है। विडंबना ही कही जाएगी कि जो सुझाव सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात विशेषज्ञों द्वारा दिए जाते रहे हैं उन्हें मुस्तैदी के साथ पालन कराने के लिए यातायात पुलिस कुछ दिन तो काम करती है, लेकिन धीरे–धीरे फिर वही पुराना ढर्रा कायम हो जाता है। वरना क्या कारण है कि भारत में ही सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं?

विश्व के कुल वाहनों का महज दो फीसदी भारत में हैं, पर सड़क हादसों में होने वाली मौतें बारह फीसदी से ज्यादा हैं। दुनिया के तमाम देशों ने अपने कड़े सड़क कानून और जनजागरूकता अभियानों के जरिए सड़क हादसों में वृद्धि नहीं होने दी, लेकिन पिछले बीस सालों में सड़क दुर्घटनाओं की वजह से भारत में पचहत्तर फीसद से ज्यादा की वृद्धि हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत में कितना सड़क कानूनों का पालन किया और कराया जाता है। सड़क सुरक्षा पर जारी की गई विश्व स्थिति रिपोर्ट ने सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामले की मुख्य पांच वजहें बताई हैं। इनमें सीमा से ज्यादा तेज गाड़ी चलाना, नशे में गाड़ी चलाना, सुरक्षा पेटी न बांधना, दुपहिया चलाते वक्त हेलमेट न पहनना और बच्चों की सुरक्षा के उपायों की अनदेखी शामिल है।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के मुताबिक नब्बे फीसदी हादसे ड्राइवर की गलती की वजह से होते हैं। इस पर यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ड्राइविंग लाइसेंस देते वक्त कायदे से जांच–परख की जाती है? क्या सुरक्षा मानकों पर गाड़ियों की कड़ी जांच–पड़ताल होती है? ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर क्या और सख्ती होनी चाहिए? भारत में रोज तेरह सौ से ज्यादा सड़क हादसे होते हैं और हर दिन सड़क हादसों में करीब चार सौ मौतें होती हैं। सड़क हादसों में सालाना करीब बीस अरब डॉलर का नुकसान होता है। भारत में बारह करोड़ से ज्यादा वाहन हैं और इनके चलने के लिए पर्याप्त सडकें होना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या सड़क हादसों में होने वाली मौतों को रोका जा सकता है?

जिस तरह देश–समाज की सुरक्षा वाले कानूनों का पालन महज दिखावा बन कर रह गया है वैसे ही यातायात नियमों की अनदेखी एक प्रवृत्ति बन गई है। यातायात नियमों का पालन, अतिरिक्त सावधानी, वाहन को नियंत्रित सीमा में रखना, पैदल यात्रियों का सड़क पार करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना, सड़कों को मानक रूप में बेहतर बनाए रखना और 'ओवरटेक' करने से बचना जरूरी है। सड़क सुरक्षा सप्ताहों में जिस तरह पुलिस यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक और बाध्य करती है, वैसी जागरूकता हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाए, तो हादसों में कमी लाई जा सकती है।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# रूपनगढ़ चिकित्सालय में लाखों की सोनोग्राफी मशीन धूल फांक रही है

## चिकित्सा विभाग की घोर लापरवाही, सोनोलॉजिस्ट नही होने के अभाव में मशीन बंद है

**रूपनगढ़,** (निसं)। रूपनगढ़ के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले 6 माह से सोनोग्राफी मशीन सोनोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण बंद पड़ी है, लेकिन चिकित्सा विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वैसे भी रूपनगढ़ चिकित्सालय की पूरी बिल्डिंग जगह–जगह से उधड़ गई है।

**■ सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद भी प्रसूता महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है**

गौरतलब है कि 6–7 माह पहले राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने प्रसूता महिलाओं को हो रही परेशान को देखते हुये रूपनगढ़ चिकित्सालय में 45 लाख रुपये की लागत से विधायक कोष से सोनोग्राफी मशीन दी जो मशीन आज दिन तक बंद पड़ी है। उस समय मंत्री ने हाथों हाथ एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति भी करवा दी लेकिन वह महिला चिकित्सक भी छुट्टियों पर है। अब ऐसे में प्रसूता महिलाओं का सोनोलॉजिस्ट नहीं होने के अभाव में यह लाखों रुपए की सोनोग्राफी मशीन कबाड़ हो रही है। मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मशीन तो अस्पताल में दे दी ग्रामीणों से वाहवाही तो लूट ली लेकिन आज तक इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया ना ही चिकित्सा विभाग के कोई अधिकारी ध्यान दे रहे हैं। वहीं चिकित्सालय की बिल्डिंग भी जगह–जगह से जर्जर हो गई है। जिसका एस्टीमेट भी बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है लेकिन इस और भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# तीन पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता मिली



**जिला कलेक्टर नमित मेहता ने प्रमाण पत्र दिये।**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पाकिस्तान से आए तीन विस्थापितों के लिए मंगलवार का दिन खुशियां लेकर आया। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने तीन पाक विस्थापितों जिनमें अशोक, विजय कुमार और जोनी कुमार को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र दिए। सभी को राजनिष्ठा की शपथ दिलाने के बाद भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अशोक, विजय कुमार और जोनी कुमार ने कहा कि आज हमारी नागरिकता की मुराद पूरी हुई है, इससे बड़ा गर्व हमारे लिए क्या हो सकता है। केन्द्र व राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन को सभी ने धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इस अवसर पर एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया भी मौजूद रही।

# मेड़ता में रावदूदा की अष्टधातु से बनी मूर्ति स्थापित

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मेड़ता शहर के संस्थापक और भक्त शिरोमणि मीरांबाई के दादा राव दूदा की अष्टधातु की अश्वरूढ़ प्रतिमा को बुधवार सप्तमी के पर जोधपुर के कलात्मक पत्थर से निर्मित फाउंडेशन पर विराजित किया गया।

राष्ट्रकूट कुलभूषण वीर शिरोमणि श्री राव दूदा मेड़ताधीश मूर्ति निर्माण समिति के अध्यक्ष महेशपालसिंह बडू, संयोजक विजयसिंह सिरसू, कोषाध्यक्ष छोटूसिंह भुनास, उपाध्यक्ष अभयसिंह भैंसडा, सचिव दिलीप सिंह बछवारी, सदस्य शिवप्रताप सिंह ईडवा, डॉ. गोविंदसिंह सहित सदस्यों ने उपस्थित होकर विधिवत पूजा–अर्चना कर मूर्ति स्थापित कराई। इस दौरान अध्यक्ष महेशपाल सिंह ने बताया कि जयपुर में बनी इस अष्टधातु की प्रतिमा का वजन तीन टन तथा ऊंचाई 16 फीट है, करीब एक वर्ष में बनकर तैयार हुई इस प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह देवउठानी एकादशी के बाद किया जाएगा। जयपुर शहर के आनंद कला निकेतन में बनकर तैयार हुई इस प्रतिमा को अलग–अलग हिस्सों में मेड़ता लाया गया। राजपूत समाज के वित्तीय सहयोग से निर्मित यह प्रतिमा राव दूदागढ़ भवन में स्थापित की गई है। बुधवार को इस मूर्ति का रसायन व कलर का कार्य शुरू किया गया है। इस अवसर पर जयपुर के मूर्तिकार विकास कुमार शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता धनसिंह राठौड़, मीरांबाई पैनोरमा प्रबंधक नरेंद्रसिंह जसनगर, नैनसिंह जोधा, दीपक कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**जोधपुर के कलात्मक पत्थर से निर्मित फाउंडेशन पर राव दूदा की मूर्ति को स्थापित किया।**

# अज्ञात हिंसक वन प्राणी के हमले से 22 भेड़ मरी

**बौंली–बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के डूंगरवाडा ग्राम पंचायत के गुर्जर कोलेता गांव में अज्ञात हिंसक वन प्राणी के हमले से 22 भेड़ों की मौत हो गई एवं 16 घायल हो गई, जिनका मौके पर ही पशु चिकित्सा टीम द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना पर बामनवास थाना पुलिस, वन विभाग की टीम मय पशु चिकित्सा टीम के साथ मौके पर पहुंची एवं घायल भेड़ों का मौके पर प्राथमिक उपचार शुरू किया।

वनपाल जल सिंह ने बताया कि डूंगरवाडा ग्राम पंचायत के गुर्जर कोलेता का गांव के जयकिशन गुर्जर का 51 भेड़ों का झुंड बाड़े में बंधा हुआ था। रात्रि को किसी हिंसक वन प्राणी ने हमला कर बाड़े में बंधी 22 भेड़ों को हमला कर मार डाला एवं 16 को घायल कर दिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम में शामिल सहायक वनपाल पंकज शर्मा व वनकर्मी अमर सिंह ने मौके पर जांच व पगमार्ग के आधार पर जंगली भेड़िया को इस हमले का आधार माना है।

## राशिफल गुरूवार 10 अक्टूबर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र शुक्रवार प्रात: 5:41 तक, अतिगंड योग रात्रि 4:36 तक, वणिज करण दिन 12:32 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मिथुन, बुध–कन्या, गुरू–वृष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा दिन 12:32 से रात्रि 12:19 तक रहेगी। बुध तुला राशि में दिन 11:20 से प्रवेश करेगा। आज महा सप्तमी, सरस्वती पूजन, त्रिदिनात्मक दुर्गापूजन आरम्भ होगी और अन्नपूर्णा परिक्रमा दिन 12:32 से प्रारम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:54 तक, चर 10:47 से 12:14 तक, लाभ–अमृत 12:14 से 3:07 तक, शुभ 4:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:28, सूर्यास्त 6:00

**मेष**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मकर**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# जोधपुर में ''कांगो फीवर'' ने दस्तक दी, महिला की मौत, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## पशुपालन से जुड़ी 51 साल की महिला सप्ताह भर से बीमार थी, अहमदाबाद में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया

- **मंगलवार देर रात को रिपोर्ट में कांगो फीवर की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला के गांव पहुंची**
- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिजनों और आसपास के ग्रामीणों के ब्लड सैम्पल लिए**
- **बताया जा रहा है कि पशुओं के साथ रहने से कांगो फीवर का खतरा अधिक बढ़ जाता है**

**जोधपुर,** (कास)। जोधपुर में ''कांगो फीवर'' ने दस्तक दी है। पशुपालन से जुड़ी 51 साल की महिला सप्ताह भर से बीमार थी। अहमदाबाद में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मंगलवार देर रात को रिपोर्ट में कांगो फीवर की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला के गांव पहुंची और परिजनों और आसपास के ग्रामीणों के ब्लड सैम्पल लिए जा रहे हैं।

जोधपुर डिप्टी सीएमएच डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र के नांदड़ा कला गांव में एक 51 साल की महिला की 3 अक्टूबर को तबीयत खराब हो गई थी। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए थे, जहां से उन्हें जोधपुर के एमडीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। यहां से तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अहमदाबाद के एक हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। वहां उनकी 8 अक्टूबर की सुबह मौत हो गई थी। इसके बाद महिला के ब्लड सैम्पल जांच के लिए पुणे भेजे गए थे। देर रात मंगलवार को महिला की रिपोर्ट आई थी, जिसमें उसे कांगो फीवर की पुष्टि हुई थी।

डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि महिला के कांगो फीवर की रिपोर्ट आते ही मेडिकल टीम अलर्ट हो गई थी। बुधवार सुबह जल्दी टीमों को नांदड़ा गांव भेज दिया गया। पूरे गांव में सर्वे करवाया जा रहा है। साथ ही महिला के सभी परिजनों के सैम्पल लिए गए हैं। डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि जोधपुर में कांगो फीवर का मामला साल 2019 में सामने आया था। उस समय तीन बच्चों में इस फीवर के लक्षण नजर आए थे। साथ ही दो रोगियों की मौत भी हुई थी। जोधपुर में पहली बार वर्ष 2014 में कांगो फीवर के मरीज सामने आए थे।

अधिकारियों ने बताया कि कांगो फीवर ने पीड़ित महिला पशुपालन से जुड़ी हुई थी। बताया जा रहा है कि पशुओं के साथ रहने से कांगो फीवर का खतरा अधिक बढ़ जाता है। पशुओं की चमड़ी के चिपके रहने वाला हिमोरल (किलनी) नामक परजीवी इस रोग को बढ़ाता है। कांगो फीवर को संक्रमण से रोगी को बुखार का एहसास होता है और उसके शरीर की मांस पेशियों में दर्द होता है। उसे चक्कर आते हैं, सिर दर्द करता है, आंखों में जलन और रोशनी से डर लगने लगता है।

सिंह ने बताया कि महिला के संपर्क में आने वाले सभी लोगों की हिस्ट्री खंगाली जाएगी। उन्हें 15 से 20 दिन तक सर्विलांस पर रखा है। 2019 में जो केस आए थे वैसा ही केस सामने आया है। गांव में मवेशियों के सैंपल लिए गए हैं। इसकी रिपोर्ट आने के बाद पशुपालन विभाग के साथ मिलकर आगे की कार्य योजना बनाई जाएगी।

# दस हजार रुपए की रिश्वत लेते शिक्षाकर्मी गिरफ्तार

## साथी शिक्षाकर्मी का पेंशन प्रकरण तैयार कर भेजने की एवज में 20 हजार की रिश्वत मांगी थी



बिछीवाड़ा ब्लॉक अन्तर्गत आरा स्कूल के शिक्षाकर्मी को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी डूंगरपुर ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते बिछीवाड़ा ब्लॉक में आरा स्कूल के शिक्षाकर्मी को बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। नौ महीने पहले रिटायर्ड हुए साथी शिक्षाकर्मी के पेंशन प्रकरण को तैयार कर भेजने की एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत के मांग की जा रही थी।

एसीबी के डीएसपी रतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बिछीवाड़ा ब्लॉक के एक रिटायर्ड शिक्षाकर्मी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि वह 31 जनवरी को शिक्षाकर्मी की पोस्ट से रिटायर्ड हुआ है। इसके बाद पेंशन प्रकरण तैयार करने के लिए गवर्नमेंट अपर प्राईमरी स्कूल आरा का साथी शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत पर एसीबी की ओर से पुष्टि करवाई गई। जिसमें शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड की ओर से रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इस पर एसीबी ने ट्रैप का जाल बिछाया। शिक्षाकर्मी ने रिश्वत की राशि के लिए सिंटेक्स तिराहे पर बुलाया। जिस पर एसीबी की टीम सिंटेक्स पहुंची। पीड़ित शिक्षाकर्मी ने 10 हजार रुपए की रिश्वत की राशि आरोपी शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड को दी। ईशारा मिलते ही एसीबी की टीम पहुंच गई और शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड को पकड़ लिया। एसीबी की टीम ने शिक्षाकर्मी के पास से रिश्वत में दिए 10 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। आरोपी शिक्षाकर्मी को गिरफ्तार कर रिश्वत की रकम और किसी को देने के लिए ली थी या नहीं इस बारे में पूछताछ रही है।

# ड्रोन के जरिये सीमा पार से पहुंची थी हेरोइन, तस्करों से पूछताछ में कई खुलासे

- **संयुक्त जांच एजेंसियों की तस्करों से पूछताछ में सामने आया है कि पाक में बैठे तस्कर ने ही हेरोइन को गिराने की लोकेशन तय की थी**
- **तस्करों से पूछताछ में सामने आया है कि इसके पैसों का लेनदेन हवाला के जरिए दुबई से किया गया था**
- **खाजूवाला बॉर्डर एरिया में बीएसएफ ने एक ड्रोन और करीब 11 करोड़ की 2 किलो हीरोइन बरामद कर छह तस्करों को गिरफ्तार किया था**

**बीकानेर,** (निसं)। खाजूवाला बॉर्डर एरिया में सीमा पार से गत 2 अक्टूबर को ड्रोन के जरिए पहुंचाई गई 11 करोड़ रुपये की हेरोइन को लेकर संयुक्त जांच एजेंसियों द्वारा तस्करों से की गई पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। संयुक्त जांच एजेंसियों की तस्करों से पूछताछ में सामने आया है कि पाक में बैठे तस्कर ने ही हेरोइन को गिराने की लोकेशन तय की थी और इसके पैसों का लेनदेन हवाला के जरिए दुबई से किया गया था।

गौरतलब है कि खाजूवाला बॉर्डर एरिया में बीएसएफ को नीलकंठ पोस्ट के पास एक ड्रोन और करीब 11 करोड़ रुपये की 2 किलो हीरोइन बरामद हुई थी। इस मामले को लेकर पुलिस और बीएसएफ ने 6 तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस, सीआईडी आईबी, बीएसएफ द्वारा तस्करों से 2 दिन की पूछताछ के बाद चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। हेरोइन तस्करी की डील पंजाब में बैठे मुख्य तस्कर ने पाकिस्तानी तस्कर से की थी। इस काम के लिए उन्होंने हाल ही में रोहतक जेल से छूट बलदेव सिंह को केरियर बनाया था। सौदा डेढ़ लाख रुपये में तय हुआ था और एक लाख रुपए अहमद ने दुबई से हवाला के जरिए बलदेव के बताए गए बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए थे लेकिन बीएसएफ पुलिस की चौकसी के चलते तस्कर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए।

बताया जा रहा है कि बलदेव सिंह पिछले एक साल से पाकिस्तानी तस्कर अहमद के संपर्क में था। पुलिस ने इस मामले में पंजाब के फाजिल्का के बलजीत सिंह, हरभजन सिंह, अमरीक सिंह, मस्तान सिंह और हनुमानगढ़ निवासी महेंद्र सिंह और परगट सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी तारासिंह अभी फरार चल रहा है। मामले की जांच छतरगढ़ थाना प्रभारी संदीप कुमार कर रहे हैं। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार ड्रोन का इस्तेमाल तस्करों द्वारा तेजी से किया जा रहा है, क्योंकि यह सीमा पर लगे कड़े सुरक्षा इंतजामों को चकमा देने का एक नया तरीका है। सुरक्षा एजेंसियों ने हाल के महीनों में ऐसे कई ड्रोन पकड़े हैं, जिनके जरिए नशीले पदार्थ और हथियार भारतीय क्षेत्र में भेजे जा रहे हैं। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने सीमा पर निगरानी और सख्त कर दी है। ड्रोन के खिलाफ लड़ाई को और कारगर बनाने के लिए उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि तस्करों के इन प्रयासों को विफल करने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह से सतर्क हैं और इस तरह की घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## देवर ने भाभी पर चाकू से हमला किया

**उदयपुर,** (कासं)। आपसी कहासुनी के दौरान देवर चाकू से हमला कर भाभी को घायल कर फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित आयड़ छीपा कॉलोनी निवासी मो. इमरान पुत्र उस्मान खां ने अपने छोटे भाई सरफराज के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता ने बताया कि 8 अक्टूबर रात में घर पर थी। इस दौरान किसी बात को लेकर विवाद होने पर आरोपी मेरी पत्नी मदीना (30) पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। हमले में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

# झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय की महापंचायत कल

**झुंझुनूं।** मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनूं द्वारा आयोजित मुस्लिम महापंचायत 11 अक्टूबर को जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह मैदान में होगी, जिसे लेकर झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल है। यह महापंचायत उप चुनावों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक होने वाली है।

संयोजक इमरान बड़गुजर ने बताया कि कार्यक्रम में झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के लोग एवं बगड़ नगरपालिका और जिला मुख्यालय के सभी मुस्लिम समुदाय के नगरपालिका चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन, सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक मेंबर, पूर्व ब्लॉक मेंबर, पार्षद, पूर्व पार्षद, जिले के जनप्रतिनिधि, जमीयत उलेमा ए हिंद राजस्थान के प्रदेश महासचिव मौलाना वाहिद खत्री, पूर्व जिला कलेक्टर असफाक हुसैन, राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार और उलेमा हजरात भी महापंचायत में शिरकत करेंगे। बड़गुजर ने बताया कि होने वाले झुंझुनूं विधानसभा के उप चुनाव के संदर्भ में मुस्लिम समाज की सभी 30 बिरादरी के लोग एक जाजम पर बैठकर सामाजिक एवं चुनावी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। न्याय मंच के सहसंयोजक उस्मान खान मालीगांव ने झुंझुनूं के सभी मुस्लिम समाज के लोगों से महापंचायत में आने की अपील की है।

## पुलिस चौकी से वाहन चोरी

**टोंक,** (निसं)। मेहन्दवास थाना क्षैत्र के अन्तर्गत बरवास चौकी परिसर से सरकारी मोटरसाईकिल चोरी हो जाना बताता है कि क्षैत्र में चोरो के हौसले कितने बुलन्द है। इस मामले में जहां थाना मेहन्दवास में वाहन चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई, वही बरवास चौकी पर नियुक्त हेड कानि. फैलूराम व साथ कानि. राजेश को सस्पेंड भी किया गया है।

# थाने में फरियादी महिला एवं बेटे के साथ एएसआई ने दुर्व्यवहार किया




न्याय दिलाने की मांग को लेकर पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची

- **एफआईआर की कॉपी लेने थाने गई थी फरियादी महिला एवं बेटा**
- **एएसआई पर अश्लील गालियां देने का आरोप, एसपी से गुहार लगाई**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। कारोई थाने में दर्ज मामले की एफआईआर की निःशुल्क कॉपी लेने गए फरियादी मां व बेटे के साथ थाने के एएसआई ने दुर्व्यवहार कर, डरा-धमका कर अश्लील गालियां निकाली। महिला ने एएसआई पर अश्लील गालियां देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता कृष्णा देवी शर्मा पत्नी प्रकाश शर्मा निवासी झबरकिया (सहाड़ा) ने बताया कि दो अक्टूबर को गांव के ही कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके निवास स्थान पर अनाधिकृत प्रवेश कर घर में गुंडागर्दी करते हुए तोड़फोड़ एवं मारपीट की, जिसकी सूचना उन्होंने कारोई थाने में दी, लेकिन थाने वालों ने प्राथमिकी दर्ज करना तो दूर, उन्हें डराकर भगा दिया। इसके पश्चात उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर से फरियाद की और उनके आदेश से प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद कृष्णा देवी शर्मा एवं उसके बेटे राहुल ने कारोई थाने जाकर अनुसंधान अधिकारी एएसआई ओमप्रकाश मीणा से उन्हें दर्ज मामले की एफआईआर की निःशुल्क प्रतिलिपि देने का अनुरोध किया। इस पर गुस्से में मीणा ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए अश्लील गालियां दी और कहा कि तुमने एएसपी साहब गंगापुर के यहां रिपोर्ट क्यू दी और उन्हें थाने में डराया-धमकाया गया। पीड़िता कृष्णा देवी पत्नी प्रकाश शर्मा ने बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को रिपोर्ट देकर कारोई थाने के एएसआई ओमप्रकाश मीणा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने एवं उनके मामले की जांच अन्य सक्षम अधिकारी से करवाने की मांग की है।

# जोधपुर के पहले जी.आई.एस. तकनीक आधारित ग्रिड सब-स्टेशन का संचालन शुरू

- **200 एम.वी.ए. क्षमता के जी.आई.एस. तकनीक आधारित 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन बनाड़ का संचालन शुरू किया**
- **आबादी वाले स्थानों में जहां जगह की काफी कमी है व बिजली का लोड काफी अधिक है, वहां ऐसे जी.एस.एस. स्थापित किये जाते हैं : नथमल डिडेल**

**जयपुर।** राजस्थान में बिजली प्रसारण तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये विद्युत प्रसारण निगम ने जोधपुर शहर के पहले 200 एम.वी.ए. क्षमता के गैस इन्सुलेटेड सब-स्टेशन (जी.आई.एस.) तकनीक आधारित 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन बनाड़ का संचालन शुरू कर दिया गया है।

प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि जोधपुर शहर के बनाड़ में 132 केवी ग्रिड-स्टेशन पूर्व में स्थापित था परन्तु लोड अधिक होने से इसे काफी समय से क्रमोन्नत करने की आवश्यकता महसूस हो रही थी परन्तु यहां स्थानाभाव के कारण पारम्परिक 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन बनाना संभव नहीं था। इसलिए जी.आई.एस. तकनीक आधारित 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन बनाने का निर्णय हुआ। जी.आई.एस. ग्रिड सब-स्टेशन पारम्परिक ग्रिड सब-स्टेशन की तुलना में काफी कम स्थान में स्थापित हो जाते हैं। आबादी वाले स्थानों में जहां जगह की काफी कमी है व बिजली का लोड काफी अधिक है, वहां ऐसे जी.एस.एस. स्थापित किये जाते हैं।

इस जी.एस.एस. पर करीब 52 करोड़ रूपये का व्यय आया है एवं ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण से लगभग 25.32 लाख यूनिट प्रतिवर्ष विद्युत छीजत में कमी संभावित है, जिससे लगभग 101.28 लाख रूपये प्रतिवर्ष राजस्व में बचत अपेक्षित है। इससे बनाड़, सूरपूरा एवं जोधपुर शहर में विद्युत आपूर्ति में समुचित सुधार होगा। प्रबन्ध निदेशक डिडेल ने प्रसारण निगम के अभियन्ताओं एवं कर्मचारियों को जोधपुर शहर के पहले जी.आई.एस. तकनीक आधारित 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन का संचालन शुरू करने पर बधाई दी है।

# बाड़मेर कलेक्टर टीना डाबी ने सफाई अभियान निरीक्षण के दौरान स्पा सेंटर पर छापा मारा

## स्पा सेंटर का दरवाजा तोड़कर कर मौके से दो युवक और पांच युवतियों को हिरासत में लिया

- **कलेक्टर ने देह व्यापार की आशंका जता पुलिस अधिकारियों को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए**

**बाड़मेर,** (निसं)। जिला कलेक्टर टीना डाबी के निर्देशों पर पुलिस टीम ने शहर के एक स्पा सेंटर पर दरवाजा तोड़कर कर बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से दो युवक और पांच युवतियों को हिरासत में लिया है। कार्यवाही के दौरान जिला कलेक्टर टीना डाबी मौके पर मौजूद रही। पुलिस की कार्रवाई से शहर के स्पा संचालकों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बाड़मेर कलेक्टर टीना डाबी ने शहर में सफाई अभियान के निरीक्षण के दौरान एक स्पा सेंटर पर भी छापा मारा। कलेक्टर को देखकर सेंटर मालिक ने अंदर से लॉक लगा लिया। जब काफी कोशिश के बाद भी उसने गेट नहीं खोला तो कलेक्टर डाबी भड़क उठी और यूआईटी अधिकारियों की मदद से गेट तोड़ दिया। स्पा सेंटर से पांच लड़कियों सहित सात लोगों को हिरासत में लिया। कलेक्टर टीना डाबी ने देह व्यापार की आशंका जताते हुए पुलिस अधिकारियों को मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार शहर में नवो बाड़मेर अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सुबह नौ बजे चामुंडा सर्किल से चौहटन सर्किल पर सफाई की जा रही थी। इस दौरान करीब नौ बजे जिला कलेक्टर टीना डाबी भी पहुंची। कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों को देख स्पा सेंटर संचालक ने मुख्य दरवाजे के साथ एंट्री गेट को बंद कर दिया था। इस पर टीना डाबी को शक हुआ तो उन्होंने सेंटर संचालक को गेट खोलने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। वे करीब 30 मिनट तक यहां खड़ी रही। डाबी ने बाहर से फटकार लगाते हुए कहा कि छुप क्यूं रहा है। अब तो मैं तब तक खड़ी रहूंगी जब तक गेट नहीं खुल जाए। चाहे दरवाजा तोड़ना पड़। गेट तोड़ने की कार्रवाई के दौरान बाड़मेर शहर के अतिरिक्त कलेक्टर राजेंद्र चांदावत सेंटर के अंदर छत पर मौजूद दूसरे गेट से घुस गए। सेंटर का एक गेट बाहर से तोड़ा गया व दूसरा अंदर से एडीएम ने खोला। इसके बाद अंदर घुसे अधिकारियों ने वहां मौजूद सात लोगों को हिरासत में लिया।

सदर थानाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों को वेरिफिकेशन के लिए कोतवाली थाने भेजा गया है। दो लड़के और पांच लड़कियों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इन पांच लड़कियों में से ही कोई एक स्पा संचालक है, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि पुलिस को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए है। साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक को शहर में अन्य जगहों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ कार्यवाही के लिए कहा है।


**EXECUTIVE ENGINEER PWD DN-LALSOT**

File No. 1298-1305 **Notice Inviting Bid** Date 01.10.2024

Bids for various CD Work & Building maintenance work Under Pwd Division Lalsot District Dausa of Nit No. 08 Year 2024-25 of Procurement are invited from interested bidders upto 12.30 PM (time) 01.10.2024 to 14.10.2024 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://www.eproc.rajasthan.gov.in "http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and "http://www.pwd.rajasthan.gov.in" departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 236.22 Lacs

NIB Code- PWD2425A1982
1. PWD2425WSOB07291
2. PWD2425WSOB07294
3. PWD2425WSOB07295

Executive Engineer
PWD Division-Lalsot

DIPR/C/9570/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक- 1620-1628 दिनांक-04.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या-07/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला गंगापुर सिटी (खण्ड टोडाभीम) में सड़क/भवन कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN NO. PWD2425WSRC07336, 2. UBN NO. PWD2425WSRC07339,
3. UBN NO. PWD2425WSRC07340, 4. UBN NO. PWD2425WSRC07342

(के.के. मीना) अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/9605/2024

**Rajasthan Council of School Education**
S. Radha Krishnan Shiksha Sankul, 5th Block, 2nd & 3rd Floor, JLN Marg, Jaipur - 17

क्रमांक :- राजस्कूलशिप/आईसीटी/VSK हॉर्डवेयर/2024-25/3448 दिनांक :- 07/10/2024

**NOTICE INVITING e-BID (NIB : 14/2024-25)**

Request for proposal invited for Supply, Installation, Testing, Commissioning of Hardware Equipments for Vidya Samiksha Kendra with comprehensive on-site warranty for three years up to 06:00 PM of dated 16.10.2024. Other details may be seen in the Bidding Document at State Public Procurement Portal website **www.sppp.rajasthan.gov.in** or website **"www.rajsmsa.nic.in"** or E-Proc portal.

U.B.N. : RSE2425GLOB01349
Estimated cost : 1,70,07,000/-

State Project Director
RCScE, Jaipur

Raj.Samwad/C/24/6343

**राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय**
सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रतापनगर, जयपुर- 302018 (राज.)
दूरभाष: 0141-2795527 वेबसाईट : www.ruhsraj.org

F11()Pre Cell/RUHS/2024/20686

**NOTIFICATION**
**M.Sc (Med) Entrance Exam. 2024**
**and**
**RUHS Ph.D Admission Test 2024**

Rajasthan University of Health Sciences (RUHS) invites online applications from eligible candidates for admission (through computer-based test) to M.Sc. (Med) course (2024) and Ph.D. Programme (2024, in faculty of Medicine, Dentistry and Pharmacy) in colleges affiliated to RUHS. Online application form can be filled at RUHS website **(www.ruhsraj.org)** from 10.10.2024 to 05.11.2024. The tentative date for conduct of admission test will be notified later. Applicants are required to refer RUHS website for information booklet, eligibility criteria, application form fee etc. and visit the website **www.ruhsraj.org** regularly for future notifications / updates.

Chairman
Entrance and Recruitment Cell, RUHS

Raj.Samwad/C/24/6377

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर**

क्रमांक-911 दिनांक-04.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 11/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सडक निर्माण कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 16.10.2024 को 06.00 बजे तक।

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB07371 |
| 2 | PWD2425WSOB07373 |
| 3 | PWD2425WSOB07375 |

(अंकित बिन्दल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर

DIPR/C/9655/2024

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग**
प्रथम तल, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड, जालोर

क्रमांक-अ.अ./चि.एवंस्वा/2024-25/2158-68 दिनांक-02.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 10/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 197.20 लाख के 3 सिविल कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाई निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण डीआईपीआर की वेब साईट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB NO. NRH2425A0311
1. NRH2425WSOB01204, 2. NRH2425WSOB01206, 3. NRH2425WSOB01209

(रणवीरसिंह कछवाहा)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर

DIPR/C/9581/2024

**कार्यालय श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/लेखा/श्रीसांमंमं/2024-25/2569 दिनांक:-07.10.2024

**-: ई- निविदा सूचना संख्या-17/2024-25:-**

श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा **construction of BT Road Devda Peepli to Koshital Road** (अनुमानित लागत 40.67 लाख) निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष व योग्य संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।निविदा प्रपत्र व सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्तें इन्टरनेट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.raj.nic.in पर दिनांक 11.10.2024 को प्रातः 09:00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 21.10.2024 सायं 06:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। निविदाओं का निविदा शुल्क, धरोहर राशि व प्रोसेसिंग फीस श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल के बैंक ऑफ बडौदा, शाखा-मण्डफिया के खाता क्रमांक-52430100000001 IFSC-BARBOMANDPH में RTGS/NEFT/IMPS के माध्यम से जमा करवानी होगी। प्राप्त निविदाओं का तकनिकी निविदाएं दिनांक 22.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी।

UBN-SMM2425WSOB00079

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल

# संसार चंद्र रोड पर 'रॉयल वर्ल्ड मॉल' में भीषण आग

## एक दर्जन से अधिक दमकलों ने पांच घंटे में आग पर काबू पाया



संसार चंद्र रोड पर रॉयल वर्ल्ड मॉल में लगी भीषण आग को एक दर्जन से अधिक दमकलों ने काफी मशक्कत से बुझाया।

**जयपुर (कासं)।** संसार चंद्र रोड पर रॉयल वर्ल्ड मॉल में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग चौथे फ्लोर पर लगी। इस दौरान ऑफिस में तीन चार लोग मौजूद थे। सूचना पर करीब एक दर्जन से अधिक दमकल मौके पर पहुंची और करीब पांच घंटे में आग पर काबू पाया।

घटना संसार चंद्र रोड स्थित रॉयल वर्ल्ड टावर में सुबह करीब साढ़े 8 बजे की है। हादसे

- **बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर बने ऑफिस में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी, देखते ही देखते आग की लपटों ने पांचवीं मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया**
- **बताया जा रहा है कि इस कॉम्पलेक्स में लगे आग बुझाने के उपकरण खराब थे। अग्निशमन सिलेण्डर आखिर बार 2017 में भरवाया गया था, इसके बाद इसकी जांच नहीं करवाई गई।**
- **इस लापरवाही पर हैरिटेज निगम प्रशासन वर्ष 2022 से अब तक चार बार नोटिस जारी कर चुका था, लेकिन इस भवन को संभालने वाली समिति ने ध्यान नहीं दिया।**

के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग से चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया था। हैरिटेज निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सुबह आग लगने की सूचना मिली थी। चौथे फ्लोर किसी कंपनी का ऑफिस बना हुआ है। आग इतनी भीषण थी कि पांचवें फ्लोर तक आग की लपटें पहुंच गई थी। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सामने आया है। आग लगने के दौरान तीन-चार कर्मचारी कार्यालय में मौजूद थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी को बाहर निकाल लिया। यहां पर कपड़ों के एक्सपोर्ट का काम होता है। दमकल के अलावा हाइड्रोलिक ऐस्केलेटर मशीन को भी मौके पर बुलाया गया।

कॉम्प्लेक्स की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है और बिल्डिंग को खाली करवा दिया गया है। आग की सूचना पर करीब एक दर्जन दमकल मौके पर पहुंची थी, कई दमकलों से दो से तीन फेरे भी लगाए, तब जाकर आग पर काबू पाया गया। आग से कम्पनी कार्यालय में रखे दस्तावेज और अन्य सामान जला है। सीएफओ हैरिटेज देवेन्द्र कुमार ने बताया कि इस भवन में लगे आग बुझाने के उपकरण खराब पड़े थे।

यहां पर लगे अग्निशमन सिलेण्डर आखिर बार 2017 में भरवाया गया था इसके बाद इसकी जांच नहीं करवाई गई। जांच में खामी मिलने पर निगम 2022 से अब तक चार बार नोटिस जारी कर चुका था, लेकिन इस भवन को संभालने वाली समिति ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आग बुझाने के दौरान दो निगम कर्मियों को मामूली चोटें आई है।

## करधनी में प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगी

**जयपुर ।** करधनी इलाके में मंगलवार देर रात प्लास्टिक रीसायकल फैक्ट्री में आग लग गई। आग पर बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे काबू पाया गया। फैक्ट्री में लगी सभी मशीन और प्लास्टिक जल गया। प्रारंभिक जांच से शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि रात करीब सवा दो बजे फैक्ट्री से धुएं के साथ चिंगारी निकलती देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग देखकर मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंच कर करीब एक दर्जन अधिक दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में करीब चार से पांच घंटे लग गए। आग पर काबू पाने के लिए बनीपार्क, मानसरोवर, बिंदायका के अलावा अन्य जगहों से गाड़ियां मंगवाई गई। करीब 12 से ज्यादा फायर बिग्रेड की गाड़ियां आग को बुझाने में लगी। फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया हैं। फैक्ट्री में प्लास्टिक को रीसायकल किया जाता था।

# 'सरस' राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज करवायेगा अपनी मौजूदगी

- **केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ. बघेल ने दिया विस्तार में सहयोग का भरोसा**

**जयपुर ।** राजस्थान में सहकारी क्षेत्र का प्रतिष्ठित सरस मिल्क ब्राण्ड अब दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करायेगा। भारत सरकार ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश में विस्तार कार्यक्रमों के लिये हर संभव सहायोग का आश्वासन दिया है। यह आश्वासन आज यहा दो दिवसीय राजकीय दौरे पर आये केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ0 एस0पी0 सिंह बघेल ने दिया। राजस्थान में डेयरी विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में डेयरी विकास की अपार संभावनाऐं हैं और भारत सरकार इस क्षेत्र में राज्य सरकार और आरसीडीएफ को हर संभव मदद मुहैया करायेगी।

इस अवसर पर राज्य के पशुपालन, देवस्थान और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत और डेयरी और ग्रह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ्म ने उन्हें बताया कि राईजिंग राजस्थान के दौरान डेयरी के क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संधों की भौतिक एवं आर्थिक गतिविविधयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ द्वारा गत वित्तीय वर्ष में रिकार्ड लाभ अर्जित किया है। उन्होंने आरसीडीएफ द्वारा दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित विस्तार, एक्सपोर्ट, नवाचार, नये सरस उत्पाद जैसे कोल्ड कोफी और डाईट आधारित उत्पाद आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन मंत्री बघेल ने आरसीडीएफ के सरस दीवाली गिफट हैंड पैक को भी लॉन्च किया। दीवाली गिफ्ट पैक में सरस उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की तारीफ करते हुए उन्होंने आरसीडीएफ द्वारा दीवाली जैसे बड़े त्यौहार के मौके पर आम उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट एवं स्वास्थवर्धक मिठाईयां उपलब्ध कराने के प्रयास की जमकर तारीफ की।

# कॉन्गो फीवर को लेकर प्रदेशभर में सतर्कता बरतने के निर्देश

**जयपुर ।** प्रदेश में कॉन्गो फीवर से एक मौत की पुष्टि होने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशभर में इस बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अहमदाबाद के एनएचएल म्यूनिसिपल मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन कॉन्गो फीवर से पीड़ित जोधपुर निवासी 51 वर्षीय महिला की बुधवार को मौत हो गई। नेशनल इंस्टीट्ययूट आफ वायरोलॉजी, पुणे में हुई जांच में महिला का सैंपल पॉजिटिव पाया गया।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि जोधपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभावित क्षेत्र में रेपिड रेस्पॉन्स टीम भेजकर संक्रमण की रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, क्षेत्र में संदिग्ध एवं सिम्पटोमेटिक रोगियों की ट्रेसिंग कर उन्हें आइसोलेशन में रखने को कहा गया है। डॉ. माथुर ने बताया कि कॉन्गो फीवर एक जूनोटिक वायरल डिजीज है, जो टिक (पिस्सू) के काटने से होती है। इसे देखते हुए पशुपालन विभाग को इस बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में इस बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए सभी सुरक्षात्मक कदम उठाने तथा आमजन को जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि संक्रमण का प्रसार नहीं हो। सभी निजी एवं राजकीय चिकित्सा संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि किसी व्यक्ति में कॉन्गो फीवर के लक्षण नजर आएं तो तत्काल प्रभाव से सैम्पल लेकर जांच के लिए भिजवाएं।

# दुबई से लौटे यात्री में मंकी पॉक्स की पुष्टि नहीं हुई

- **रिपोर्ट में निकला चिकन पॉक्स, आरयूएचएस से डिस्चार्ज किया**

**जयपुर ।** दुबई से जयपुर लौटे यात्री के जांच में मंकी पॉक्स नहीं होने की पुष्टि हुई है। बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में यात्री को मंकी पॉक्स की बीमारी नहीं पाई गई। बल्कि, यात्री को चिकन पॉक्स की समस्या है। ऐसे में मेडिकल स्टाफ ने सभी रिपोर्ट सामान्य आने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया है।

दरअसल, मंगलवार को स्पाइसजेट के विमान से एक यात्री दुबई से जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा था। जहां उसका स्वास्थ्य खराब होने के बाद शुरुआती जांच में यात्री में मंकी पॉक्स के लक्षण पाए गए। ऐसे में वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन की गाइडलाइन को देखते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी जानकारी मेडिकल डिपार्टमेंट को दी। इसके बाद मरीज को एयरपोर्ट से सीधा आरयूएचएस हॉस्पिटल भेजा गया। जहां मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट कर उनकी जांच करवाई गई थी। इसके बाद बुधवार को आई जांच के बाद ही पता चला की यात्री को मंकी पॉक्स नहीं बल्कि, चिकन पॉक्स से ग्रसित था। हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर अजीत सिंह ने बताया कि मंकी पॉक्स को लेकर हॉस्पिटल में विशेष व्यवस्था की गई है। एक पूरा फ्लोर सिर्फ मंकी पॉक्स से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए रखा गया है। एयरपोर्ट से आए संदिग्ध मरीज की भी जांच करवाई गई थी। जिसकी रिपोर्ट में मंकी पॉक्स के लक्षण नहीं आने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# संस्कृत विवि. में अवकाश 25 से

**जयपुर (कासं)।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में दीपावली की छुट्टियां 25 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 3 नवंबर तक होगी। कुलसचिव खेमाराम यादव ने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय में सभी शैक्षिणक विभाग एवं अशैक्षिणक कार्यालय बंद रहेंगे। कुलसचिव ने बताया कि दशहरा अवकाश 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक रहेगा।

# रेजीडेंट डॉक्टर्स भूख हड़ताल पर बैठे

## कलकत्ता के आरजी.कर. मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंट महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर डॉक्टर्स ने विरोध-प्रर्दशन किया



कलकत्ता में रेजीडेंट महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर बुधवार को सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में रेजीडेंट्स ने भूख हड़ताल पर बैठकर न्याय की मांग की।

**जयपुर ।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंट महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर बीते दो महीने से लगातार विरोध जारी है। जिसके तहत पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एक बार फिर से देश भर के रेजीडेंट चिकित्सक आंदोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल का कहना है कि पश्चिम बंगाल की घटना को बीते दो महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी भी पीड़िता को न्याय नहीं मिल पाया है। जिसके बाद पूरे देश के चिकित्सा वर्ग में रोष व्याप्त है। ऐसे में देशभर में इस घटना का विरोध लगातार जारी है। अलग-अलग स्थानों पर भूख हड़ताल की जा रही है। जिसके तहत एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भी रेजीडेंट चिकित्सक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। बुधवार को डॉ. मनोहर सियोल, डॉ. सुधांसु सारंण, कविता सिंघल और डॉ. मनीष भूख हड़ताल पर बैठे। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि पीड़िता को न्याय मिले और चिकित्सकों को सुरक्षा ताकि भविष्य में इस तरह का घटनाक्रम दोबारा न हो सके। इसके साथ ही रेजीडेंट चिकित्सकों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी और पीड़िता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से अटेच अस्पतालों में कार्य कर रहे रेजीडेंट हड़ताल रहे। यह हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। दरअसल रेजीडेंट चिकित्सकों ने सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप लगाए हैं। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स के प्रेसीडेंट डॉ. मनोहर सियोल का कहना है कि कोलकाता में एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए जघन्य अपराध के विरोध में हड़ताल की गई थी और सरकार से मांग रखी गई थी कि राजस्थान के मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा व अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके बाद सरकार ने आश्वासन दिया था कि रेजीडेंट चिकित्सकों की मांगों को एक माह में पूरा किया जाएगा। लेकिन अभी तक सरकार ने मांगों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। चिकित्सकों के प्रति प्रशासन का उदासीन रवैया और बार-बार अनुरोध करने के बावजूद लंबित मांगों की अनदेखी से आहत होकर एसएमएस मेडिकल कॉलेज की जीबीएम में रेजीडेंट डॉक्टर कड़ा निर्णय लेने को बाध्य हुए हैं।

# दीपावली से पहले सफाई, खराब लाइटें और टूटी सड़कें सुधारेगा ग्रेटर निगम



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बुधवार को ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली।

**जयपुर ।** दीपावली से पहले जयपुर शहर में सफाई, खराब लाइटें, टूटी सड़कें सुधारने और अतिक्रमण व आवारा पशुओं को हटाने के मुद्दे पर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, सभी जोन उपायुक्त और अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि दशहरे व

- **वार्ड वाइज फॉगिंग करवाने, बेसहारा गौवंश को पकड़कर गौशाला भिजवाने तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए**

दीपावली पर्व को देखते हुए ग्रेटर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। समय-समय पर रात्रिकालीन सफाई भी जांची जायेगी। उन्होंने अफसरों को फील्ड में उतरकर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धरातल पर काम करने को कहा। महापौर ने सीएचओ को निर्देश दिये कि वार्ड वाईज फोगिंग की जाये, जिससे डेंगू-मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियां ना फैलें।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने निर्देश दिये कि शहर की सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजें, ताकि कोई भी पशु, पटाखे आदि से घायल नहीं हो। दीपावली पर घरों में सफाई से निकले हुये अनावश्यक सामान को जो किसी जरूरतमंद के काम आ सकता है उस सामान को आर.आर.आर. सेन्टर के माध्यम से निःशुल्क रूप से जरूरतमंद ले सकते है। महापौर ने आमजन से अपील की कि ऐसे अनुपयोगी सामान को सेन्टर पर पहुंचाये यह सामान किसी जरूरतमंद को दीपावली पर्व पर खुशी दे सकता है। महापौर ने कहा कि बारिश के दौरान जो सड़कें टूट गई है, जिनमें गड्ढे पड़ गये है, उनकी मरम्मत की जाये तथा 26 अक्टूबर से पहले सभी सड़कों की मरम्मत एवं पेचवर्क का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

महापौर ने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को शहर की खराब रोड लाइट्स को तत्काल दुरूस्त करने के लिए कहा। महापौर ने सभी जोन उपायुक्तों को निर्देश दिये कि अपने-अपने जोन में किसी स्थान को चिन्हित कर उसकी रोशनी आदि से सजावट की जाये जिससे आमजन नगर निगम ग्रेटर की रोशनी व्यवस्था को देखने आ सके। उपायुक्त सतर्कता को अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये इसके साथ ही उपायुक्त राजस्व को अवैध होर्डिग, बैनर, पोस्टर हटाने के निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि जिस प्रकार से बाजारों को सर्वश्रेष्ठ रोशनी के लिये पुरस्कृत किया जाता रहा है उसी प्रकार संबंधित व्यापार मण्डल को स्वच्छ बाजार का अवार्ड दिया जायेगा। करीब 2.50 लाख गौमय दीपक से जयपुर को जगमग किया जायेगा।

# सर्वाधिक रूफटॉप सोलर लगाने वाले कार्मिक होंगे सम्मानित

**जयपुर ।** प्रदेश में पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना में डिस्कॉम स्तर पर कार्मिकों को सम्मानित करने की अनूठी पहल की गई है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक डिस्कॉम में सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर स्थापित करने वाले वृत्त, खंड एवं उपखंड कार्यालय के कार्मिकों को उनके प्रदर्शन एवं कार्य निष्पादन के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। रूफ टॉप सोलर के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है।

चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने बताया कि जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में प्रत्येक तिमाही आधार पर सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर स्थापित करने वाले सर्किल, डिवीजन एवं सब डिवीजन कार्यालय के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता सहित कनिष्ठ अभियंता, फीडर प्रभारी एवं लाइनमैन को रूफ टॉप सोलर चैंपियन अवार्ड तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जायेगा। इससे कार्मिक बेहतर कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित होंगे। साथ ही, प्रदेश में इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन को गति मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष फरवरी माह में पीएम सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना की घोषणा की थी। वर्ष 2026-27 तक इस योजना में 75021 करोड़ रूपए का परिव्यय अनुमानित है। देश के एक करोड़ घरों में रूफ टॉप सोलर लगाए जाने का लक्ष्य है। इनमें से प्रदेश में 5 लाख घरों में रूफ टॉप सोलर लगाए जाने हैं। योजना में अधिकतम तीन किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक का अनुदान देय है। जिससे सौर ऊर्जा के रूप में प्रतिमाह 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकती है। प्रदेश में अब तक 13,191 घरों में कुल 68 हजार किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। इनमें जयपुर विद्युत वितरण निगम में 5,024, अजमेर विद्युत वितरण निगम में 4,178 तथा जोधपुर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 3,989 घरों की छतों पर सोलर संयंत्र लगाए गए हैं। राजस्थान इस योजना में रूफ टॉप इंस्टालेशन की संख्या के आधार पर देश के प्रथम सात राज्यों में है।

## सार-समाचार

### अमेजन पर त्यौंहारी सीजन का जश्न




**जयपुर ।** "अमेजन डॉट इन" को त्योहारी सीजन के दौरान जयपुर और राजस्थान में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी में ग्राहकों का जबर्दस्त रिस्पॉन्स देखने को मिला है। विशेष रूप से, स्मार्टफोन सेगमेंट में दोहरे अंकों में मजबूत वृद्धि हुई है, नए स्मार्टफोन खरीदारों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे जयपुर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में से एक बन गया है। संगीत के सबसे बड़े बाजारों में से एक के रूप में, जयपुर में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भी साल-दर-साल 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इसके अलावा, लैपटॉप और टैबलेट में साल-दर-साल 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि बड़े स्क्रीन वाले टीवी में साल-दर-साल 50 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। यह जानकारी अमेजन इंडिया के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के डायरेक्टर, रंजीत बाबू ने दी है।

### जयपुर में ईएसआई मेडिकल कॉलेज




**जयपुर ।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 194वीं बैठक केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा यूथ अफेयर्स एवं स्पोर्ट्स मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें 10 नये ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई। 10 मेडिकल कॉलेज में से एक जयपुर में भी खुलेगा। ईएसआईसी मेडिकल कॉजेज अलवर में पैरामेडिकल एवं बीएससी (नर्सिंग) के कोर्स शुरू होंगे। ईएसआईसी लाभार्थियों द्वारा लिये गये इलाज के खर्चे की कोई तय सीमा नहीं होगी। इसके अतिरिक्त ईएसआईसी के पंजीकृत व्यक्ति के बेरोजगार होने की स्थिति में अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना के तहत मिलने वाले बेरोजगारी भत्ते संबंधी योजना को भी 30 जून 2026 तक बढ़ाया गया है।

### सहकारी बैंकों में 450 पदों पर भर्ती शीघ्र

**जयपुर ।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बुधवार को बताया कि प्रदेष के 29 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों तथा राजस्थान राज्य सहकारी बैंक में बैंकिंग सहायक, प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं कम्पयूटर प्रोगामर के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ की जायेगी। उन्होंने बताया कि सहकारी बैंकों में कार्य निष्पादन में जवाबदेही सुनिष्चित करने के लिये रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। दक ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं लैम्पस में कार्यरत व्यवस्थापकों के लिये जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में बैंकिंग सहायक के पदों में 20 प्रतिषत पद आरक्षित किये गये हैं ताकि जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे व्यवस्थापकों के कार्य अनुभव का लाभ लिया जा सके। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों में पैक्स व्यवस्थापक से बैंकिंग सहायक के पद पर चयन हेतु नियम जारी कर दिये गये हैं। सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों में 299 पदों पर बैंकिंग सहायक, 92 पदों पर प्रबंधक तथा 7 पदों पर कम्प्यूटर प्रोग्रामार की भर्ती के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राजस्थान राज्य सहकारी बैंक में 46 पदों पर बैंकिंग सहायक, 7 पदों पर प्रबंधक, 5 पदों पर वरिष्ठ प्रबंधक के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है। सभी बैंकों से अद्यतन रिक्त पदों की सूचना प्राप्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बैंकों से रिक्त पदों की सूचना शीघ्र प्राप्त करने तथा सूचना का संकलन कर सहकारी भर्ती बोर्ड के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिये निर्देषित कर दिया गया है।

### गीत चांदनी का आयोजन 16 को

**जयपुर (कासं)।** शरतपूर्णिमा पर 16 अक्टूबर को जयपुर में विशुद्ध गीत पाठ के 51वें समारोह "गीत चांदनी" का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम जयपुर में अजमेर रोड पर डीसीएम स्थित होटल रीगल में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। राईटर्स क्लब के मुख्य कार्यकारी लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' ने बताया कि कार्यक्रम में आने के लिए बृजेश भट्ट गाजियाबाद, रमेश शर्मा चितौडगढ़, ज्ञानप्रकाश 'आकुल' लखीमपुर खीरी, निकुंज शर्मा बृजधाम गढ़मुक्तेश्वर, इति शिवहरे औरिया, बनवारीलाल शर्मा चूरू, धनराज दाधीच नागौर व सपना सोनी दौसा ने गीत पाठ के लिए स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के सुविख्यात गीत ऋषि स्व. ताराप्रकाश जोशी (रि. भारतीय प्रशासनिक अधिकारी) की स्मृति में एक सम्मान भी लखीमपुर खीरी से आ रहे ज्ञान प्रकाश 'आकुल' को प्रदान किया जायेगा, जिसमें माला, दुशाला, साफा व अभिनंदन पत्र के साथ 21 हजार रु. पुरस्कार राशि भी होगी।

### पर्यटन क्षेत्र में 14 हजार करोड़ का एमओयू

**जयपुर ।** होटल फैडरेशन ऑफ़ राजस्थान के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा और फैडरेशन के कोटा डिवीज़न के महासचिव संदीप पाडिया ने टूरिज्म इंडस्ट्री में निवेश के लिए राजस्थान सरकार के साथ एमओयू किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में पर्यटन सेक्टर में 14 हजार करोड़ रु. के एमओयू किए गए, जिससे आगामी दिनों में 60 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं 10 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम स्थल होटल ललित, जयपुर में होटल फैडरेशन ऑफ़ राजस्थान के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने सभी मेहमानों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गौपालन सचिव ने ली समीक्षा बैठक

**जयपुर ।** शासन सचिव मत्स्य एवं गोपालन डॉ. समित शर्मा ने जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने डेयरी फैडरेशन और इससे सम्बद्व जिला दुग्ध संघों की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों एवं प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक के दौरान डॉ. शर्मा ने सरस द्वारा चलाये जा रहे सरस अमृतम अभियान के दौरान व्यापक सैम्पलिंग एवं औचक निरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने दुग्ध समितियों के सुचारु संचालक हेतु एसओपी बनाने एवं ऑन लाईन इंफ्रोस्ट्रेक्चर विकसित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये इसके साथ ही घाटे में चल रहे दुग्ध संघों को उबारने के लिये विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की साथ ही सरस के दुग्ध उत्पादों को ग्रामीण इलाकों में पहुॅचे इसके लिये सरस बूथ खोलने के आवश्यक निर्देश दिये। सरस उत्पादों का इलेक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, सोशल मीडिया, होर्डिंग्स आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देश दिये।

### प्रज्ञा ने शुरू किया योग केन्द्र

**जयपुर।** नवरात्रि पर धावास इलाके में जगदम्बा नगर स्थित शिव शक्ति योग केंद्र का उद्घाटन बुधवार को जयपुर की पूर्व महापौर एवं वरिष्ठ पार्षद शील धाबाई ने किया। इस कार्यक्रम की आयोजक प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुईं शील धाबाई को एक छोटी कन्या यशिका के हाथों तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। प्रज्ञा ने बताया कि आज उनके जन्म दिवस पर नए योग केंद्र का शुरू होना उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है। प्रज्ञा ने कहा कि आजकल की भागदौड़ वाली लाइफ में स्वस्थ रहने के लिए सभी उम्र के व्यक्तियों को कुछ समय योगा के लिए भी निकालना चाहिए। इस मौके पर शील धाबाई ने प्रज्ञा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए इसी तरह आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रज्ञा की माता यशोदा शर्मा भी उपस्थित रहीं। इस दौरान सुनीता गोयल, पायल, ममता, पूजा, शालू, हेमा, सारिका, रंजना, प्रतिभा, प्रियंका, पिंकी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जयपुर ।** मानसरोवर थाना इलाके में एक बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार अशोक वाटिका सांगानेर निवासी ललित आर्य ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से मानसरोवर आया था। यहां पर अंकुश मीणा ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से उसके पेट पर दो बार वार किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



## World Mental Health Day

World Mental Health Day was established in 1992 by the World Federation for Mental Health. In some countries around the world, it forms just one part of the larger Mental Illness Awareness Week. Mental health problems, ranging from issues like depression and anxiety disorders to conditions like schizophrenia or bipolar disorder, affect millions of people around the world. The purpose of World Mental Health Day is to raise awareness of mental health issues, increase education on the topic and attempt to eliminate the stigma attached. It is hoped that this, in turn, will encourage sufferers to seek out help and support.



#DELICACY

# World Gulab Jamun Day

Mouthwatering spheres, dripping with sweetness-delightful treats that capture the essence of culinary indulgence and celebration.



World GulabJamun Day was established with the purpose of showing appreciation for this amazing dessert and celebrating the beautiful and rich flavors that it offers to the world!

Originating in the Indian subcontinent, gulabjamun is a sweet dessert that is now popular all throughout India, Pakistan, Nepal, Bangladesh and many other people with a heritage from South Asia. In many traditions, this delightful food may be served at festivals, holidays and other important celebrations. But this day is all about celebrating this favorite dessert in its own right!

The name gulabjamun means "rose water berry" or "rose berry" and it is made from milk solids that are



reduced into a soft dough and then fried. The dough balls are soaked in a rose flavored syrup that is sticky and sugary, then the sweet dish is sometimes given a garnish of nuts, like cashews or almonds before serving. The taste and fragrance of gulabjamun are subtle and enjoyable.

### Celebrate World GulabJamun Day

It's easy to get those taste buds on board with celebrating World GulabJamun Day including some of these ideas:

### Eat GulabJamun

Obviously, the first order of business on World GulabJamun Day is to find a restaurant or bakery that serves this dish and then order some. Whether enjoyed hot or served cold, this sweet dish can be enjoyed dunked in plenty of syrup. Those who want to enjoy gulabjamun at home in honor of this celebration can likely find an option for pre-made frozen or refrigerated desserts that can be cooked and eaten by the whole family - or even the whole neighborhood! Because, of course, gulabjamun is best enjoyed when shared with anyone and everyone.

### Try Making GulabJamun at Home

Those who are diehard cooks or people who are just looking for a culinary challenge might want to try making this delicacy at home in honor of National GulabJamun Day. Many modern day recipes use milk powder to create the dough balls, but it can also be made with khoya, made from dry evaporated milk solids. Other ingredients may include flour, ghee, curd, and baking soda, as well as oil to fry the dough balls in. The sugar syrup is made from sugar, water, rose water and flavored with spicy cardamom pods. Check out some online recipes to find out more!

### Get Creative with GulabJamun Variations

While gulabjamun is a delicious dessert that can certainly be enjoyed in its own basic style, some chefs and culinary creatives like to get more adventurous in their kitchens. This dessert flavored with rose water syrup has all sorts of ways that it can be nuanced and complemented with different flavors for people of different tastes. Other creative dishes that can be made from gulabjamun may include cheesecake, cupcakes, trifles, custards and so much more !





Djemal Pasha who ordered the expulsion.



Refugee jews.



Bombay's David Sassoon With A Big Heart.

# Bombay's David Sassoon With A Big Heart

"Djemal Pasha openly declared that the joy of the Jews on the approach of the British forces would be short lived, as he would make them share the fate of the Armenians," the newspaper said. This was obviously a reference to the Ottoman genocide of Armenians, in which one million are said to have died.

#GIVING



Ajay Kamalakaran

In early 1917, most members of Bombay's financial elite would have felt the horrors of the Great War unfolding a world away. After three years, the tide was turning in favour of Britain and its allies, but the human cost it exacted was heavy. In Bombay, all trading communities kept a close watch on the war, but the one that lost sleep over it was the city's Baghdadi Jews. Many members of this community had strong family connections to the area that was the theatre of bloody battles between British forces and the Ottoman Army.

By the end of April, telegrams and distress calls from Jews in West Asia were pouring into Bombay. A series of reports appeared in the international media, confirming the worst fears of Bombay's Jews - that the Ottoman Empire had turned on their brethren in West Asia.

An article in the May 9 issue of The Manchester Guardian described how Jews were expelled from the city of Jaffa. "On April 1, all Jews were ordered to leave the town within 48 hours," the newspaper said. "No means of transport were provided or obtainable; fares reached fabulous prices, 100 to 200 francs were charged for a carriage from Jaffa to Petah Tikwah (a distance of about nine miles), instead of the normal fare of about 15 to 25 francs." A week before this, 300 Jews were forced to leave Jerusalem.

Although the Ottoman authorities claimed the entire civilian population of Jaffa was evacuated, the Muslims and Christians of the town were allowed to live in nearby villages and visit the city and access their property. No such privilege was extended to the Jews.

The Guardian laid the blame for the evictions on Ahmed Djemal Pasha. One of the three pashas who ruled the Ottoman Empire during the First World War, Djemal was the military governor of Syria, which at the time included Palestine.

"Djemal Pasha openly declared that the joy of the Jews on the approach of the British forces would be short lived, as he would make them share the fate of the Armenians," the newspaper said. This was obviously a reference to the Ottoman genocide of Armenians, in which one million are said to have died. A total of 8,000 Jews were evicted from their homes and forced into destitution. "The roads to the Jewish colonies to the north of Jaffa are lined with thousands of Jewish refugees," The Guardian said.



David Sassoon (seated) with his sons.

> A total of 8,000 Jews were evicted from their homes and forced into destitution. "The roads to the Jewish colonies to the north of Jaffa are lined with thousands of Jewish refugees," The Guardian said.



Torah scrolls return to Tel-Aviv, 1918.

### Appeal for help

Special committees were formed by the Jewish diaspora to reach out to wealthy members of the community in Asia and Europe to help the evicted Jews of Jaffa and Jerusalem. "Please communicate following message to Sassoon, Bombay," a telegram from Cairo said. "During Passover entire Jewish population Jaffa expelled towards north homes property sacked population in flight robbed connivance Turkish authorities Jews resisting pillage hanged (stop) Thousands wandering helplessly on roads starving overcrowding colonies increasing misery disease (stop) Masses young Jerusalem Jews deported northwards destination unknown forcible evacuation of colonies imminent."

The telegram - signed by Jack Mosseri, P Pascal and Waitz Alexander - requested the Sassoons to "remit funds immediately". The Sassoons were a wealthy business family with a multinational empire that stretched from Europe to West Asia to China besides India. Their patriarch, David Sassoon, was born in Baghdad in 1792 and had moved to Bombay in the 1830s. The family had a strong philanthropic streak that made it contribute generously to diverse causes, with the result that its name can still be spotted at docks, educational institutions and a library in Mumbai.

Even before the telegram from Cairo arrived, the family had been informed about the disturbances in Palestine by friends and relatives in Baghdad. Concerned about the plight of fellow Jews, the Sassoons sprang into action.

Their first step was to arrange funds to be sent to Baghdad (then spelled Bagdad). The city was wrested from Ottoman control by the British using largely Indian troops in March 1917, and was a safe space for Jews in West Asia. Around 80,000 Jewish residents lived in the city, comprising more than a third of its population. Its chief rabbi was leading the relief efforts for Jews from Palestine, and the Sassoon family wanted to send money to him from Bombay.

"We have the honour to inform you that we have received an appeal from Bagdad for pecuniary help for the Jews who have suffered from the effects of the war," Nissim, a manager at David Sassoon and Co, wrote in a letter to the deputy secretary of the Political Department in Bombay. "We wish to remit about Rs 15,000 by telegraph in view of the urgency of the appeal but as telegraphic communication with Bagdad is not yet open to the public and we have no means of forwarding the money we shall feel highly obliged if Government would kindly receive the amount from us and telegraph to the Bagdad authorities to pay the same to the Chief Rabbi or to the Jewish Committee for distribution to the needy Jews there." For reference, Rs 15,000 in 1917 is equivalent in purchasing power to about Rs 90 lakh in 2023.



Kinnet cemetry the graves of the unknown sufferers.

This Sassoons' proposal was accepted since the British authorities in India had a good relationship with the family and seemed to be favourably inclined towards Jewish people. Once the money was sent to the authorities, the Accountant General in Bombay made arrangements for it to be remitted to the British Political Resident in the Persian Gulf, Percy Cox, who was in Basra at the time.

### Second contribution

As tensions grew in Ottoman Palestine over a British advance, the Sassoons continued to get reports of Jews being forced out of their homes. This prompted them to once again approach the British authorities for a contribution.

Sassoon David, presumably the grandson of David Sassoon, wrote a letter to J Crerar, the private secretary to the governor of Bombay, requesting an immediate money transfer to Cairo: "With reference to your letter to Messrs David Sassoon and Co. Ltd, dated 15th Instant, communicating the telegraphic message received by the Viceroy from Cairo regarding the lamentable plight of the Jewish population in Jaffa and Jerusalem, I fear it will take a little time to form the proposed Local Committee to accumulate adequate funds, and as it seems best to afford relief without loss of time, I enclose a cheque for Rs 5,000, and shall thank you to remit the amount to Cairo either through the Bombay Government or the Government of India as you think best." The British authorities in India immediately telegrammed the High Commissioner for Egypt to distribute the money to the needy Jews from Palestine who had taken refuge in the country.

> By the end of the First World War, the Ottomans were driven out of the Levant, and in 1920, Mandatory Palestine was established by the British. The Indian Archives contain a wealth of information about Jews.

By the end of the First World War, the Ottomans were driven out of the Levant, and in 1920, Mandatory Palestine was established by the British. The Indian Archives contain a wealth of information about Jews who came to Bombay from places such as Bukhara and Herat and then moved to Palestine with the help of both the local Jewish community and the British.

Some Jews who were driven out of Jaffa and Jerusalem managed to find their way back after the establishment of the British mandate. The financial help from the Sassoons went a long way in sustaining them during the dark period at the closing stages of the First World War.

rajeshsharma1049@gmail.com



The deportation.

#TECHNOLOGY

# Why Are Some TV Shows and Movies So Dark Now?

Display technology now allows for some extremely dark scenes to be captured and reproduced.

The topic of why some shows and movies have scenes of such utter darkness in them is a complicated one. The most direct answer is that camera and display technology has improved so much that it now allows for these extremely dark scenes to be captured and reproduced. Since creators have been given these tools, they're using them with artistic intent. Where before scenes would be lit using bright studio lighting on a sound stage or even on location, now they can just dial up the sensitivity to incredible levels without worrying about grainy noise ruining the shot.

On the display side of things, HDR (High Dynamic Range) televisions are now common, and these displays push the upper and lower limits of brightness and darkness way beyond what's been possible before. The old dynamic range is now known as SDR or Standard Dynamic Range. This technology is also commonplace in cinemas, and in the case of movies in particular, they are shot, lit, and colour-graded for these new cinema projectors. On the TV side of things, most creators are probably a little more conservative, but a few, especially in prestige television circles, are pushing things to the allowable limit without concern about the average person's viewing setup. So they do it because they can and because the technology is there to allow for us to enjoy it, but if you're still left in the dark by this new frontier in filmmaking, there are a few things you can do to lighten the situation.



### Calibrate Your TV

To get the best out of your TV, it's essential that you calibrate it. While some degree of calibration can be done in the factory, to get it right, it has to be done in the conditions where the TV will actually be used. If you have a recent iPhone and Apple TV, you can use the iPhone's camera to calibrate the picture output for your Apple TV. This doesn't calibrate the TV as a whole, but it can make a big difference to the shows or movies you're watching on your Apple TV.

### Adjust Contrast, Brightness, Gamma, and Backlighting

Your TV has settings that can improve image reproduction in dark scenes. Pause on the scene that's too dark for you to make out any details, and try adjusting the contrast, brightness, gamma, or backlight settings. Each of these has its own pros and cons, but adjusting each one a little can tease out details from dark scenes you might otherwise miss. How well these settings work depends entirely on the TV model you're using, so don't be afraid to experiment, writing down the original settings first in case you decide to reset.

### Enable HDR

If you have an HDR TV and you're watching a film made with HDR in mind, it's important to make sure HDR is actually active. This means checking that it's enabled on your TV and any connected device like an Apple TV or Amazon Fire Stick. It's also worth checking that your HDMI cable is certified for HDR, since some older HDMI cable standards may not carry HDR signals, especially not at 4K.

### Change Picture Mode

Most modern TVs have several "picture modes" which are just combinations of settings tuned for specific kinds of content. For example, you may have ones for movies, sports, games, and so on. Try flipping between these picture modes to see if they are good for elevating detail in dark scenes.

### Disable Power Saving


If your TV has any power-saving features active, turn them all off to see if his helps. Power saving modes don't just reduce brightness, they may also reduce the panel's performance in other areas, as well as the amount of post-processing that's done to optimize the image.

### Enable Dynamic Contrast

If you don't want to mess around with multiple image setting sliders, one quick potential fix is to enable the dynamic contrast feature if your TV has it. This automatically adjust the contrast level of your TV based on the current scene. So it will compensate for dark scenes without blowing out brighter scenes as would happen with a fixed setting. Alternatively, if this feature was already on, it may be a poor implementation of it. So try turning it off and cranking up the contrast manually instead.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बदहाल सड़कों को लेकर सांसद व जन प्रतिनिधियों ने आक्रोश जताया


## गरिमा के साथ समस्याओं का समाधान ढूंढें अधिकारी : सांसद रोत

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सांसद राजकुमार रोत ने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं का समाधान गरिमा के साथ ढूंढें। जिले की बदहाल सड़कों के मामले में उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रात-दिन घूमते हैं ऐसे में उन्हें स्थितियों का पता है। सांसद रोत टीएडी सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गलतियां और खामियां तो होती है लेकिन यदि ईमानदार प्रयास किये जाएं तो इन्हें दूर किया जा सकता है। उन्होंने नॉन पेचवर्क वाली सड़कों के प्रस्ताव बनाकर भेजने को भी कहा।

दिशा समिति की बैठक में शक्तिपीठ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर मार्ग को लेकर बांसवाड़ा विधायक अर्जुन सिंह बामनिया खासे आक्रोशित हो गये और वे अधिकारियों को चुनौती देते नजर आये। इधर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुनिमचंद मीणा ने दावा किया कि उन्होंने स्वयं खड़े रहकर दो दिन तक काम करवाया है। इसी दौरान आक्रोश में आकर बामनिया अपनी सीट से खड़े हो गये तो मीणा भी अपने दावे पर अड़िग नजर आये। उन्होंने कहा कि काम करते हुए झूठे आरोपों से वे दुखी है। उन्होंने अपना मोबाइल निकाला और विधायक व कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इससे पूर्व जब विधायक बामनिया ने जिला परिषद् की बैठक के दौरान इस मामले को उठाने की जानकारी देते हुए कहा कि कितना समय हो गया तो मीणा ने कहा कि श्राद्ध पक्ष में कोई काम नहीं होता। इसी बीच सदन के अनेक सदस्य बरसते नजर आये लेकिन मीणा विचलित नहीं हुए। इधर जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने अवैध कनेक्सन की जांच कराने तथा घरेलू उपयोग के कनेक्सन से आटा चक्की जैसे व्यावसायिक कार्य करने तथा बिल नहीं भरने की प्रवृत्ति पर रोष जताते हुए इस मामले में कार्यवाही की मांग की।

बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल ने कहा कि पांच से दस हजार रुपया तक कनेक्सन के नाम पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसकी व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। इधर मंडी शुल्क मामले में भी विधायक बामनिया ने सवाल किये। विधायक बामनिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद के स्टॉक के बारे में जानकारी मांगी। सांसद रोत ने खाद बिक्री दुकानों पर मूल्य अंकित करने के निर्देश दिये। विधायक जयकृष्ण पटेल ने कहा कि खाद कालाबाजारी के मामले में कितनी कार्यवाही हुई है और कालाबाजारी रोकने के लिये क्या व्यवस्थाएं की गयी है। खाद की उपलब्धता के लिये रेक डूंगरपुर स्थापित करने का भी सुझाव दिया गया।

वक्ताओं ने बताया कि उदयपुर और चित्तौड़ रेक होने से खाद सप्लाई में समस्याएं होती है। जिला प्रमुख ने कहा कि लाईसेंस प्रक्रिया की जानकारी आमजन को देनी होगी। इसी तरह से सोलर का मामला भी बैठक में गरमाया। जनप्रतिनिधियों ने लक्ष्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली वहीं सांसद रोत ने कहा कि अन्य जिले तो लक्ष्य पूरा कर लेते हैं लेकिन बांसवाडा पीछे क्यों है इसके कारणों पर जाना होगा। विधायक अर्जुन सिंह बामनिया ने कहा कि जब वे टीएडी मंत्री थे तो 50 से 100 लोगों का पैसा जमा करवाया लेकिन आज तक उन्हें सोलर सुविधा नहीं मिल पायी है। उन्होंने कहा कि जब पिछली सरकार का पैसा जमा है तो वो कार्य तो पूरा होना ही चाहिए। सांसद रोत ने टीएडी विभाग की ओर से संचालित छात्रावासों में उपयोग में लाई जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के लिये कमेटी गठित कर कार्यवाही करने, झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने, आंगनवाडी केन्द्रों में बनने वाले पोषाहार की उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी से जांच कराने, पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर श्रमिक कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में गति लाने, केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणरी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अगली बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित होने के भी निर्देश दिये। जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने पहली बैठक में सांसद का स्वागत किया। बैठक समिति सदस्य व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधि आक्रोशित नजर आये।

■ सांसद रोत ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक ली

# "नवो बाड़मेर अभियान" के तहत कार्य शुरु

## जिला कलेक्टर टीना डाबी ने मौके पर पहुंचकर सफाई अभियान का जायजा लिया

**बाड़मेर, (निसं)।** "नवो बाड़मेर अभियान" के तहत बुधवार को चामुंडा चौराहे एवं चौहटन चौराहे तक हाइवे की सर्विस लाइन पर सफाई अभियान चलाया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में चले इस अभियान में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ स्थानीय दुकानदारों की सक्रिय भागीदारी रही। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने भी मौके पर पहुंचकर सफाई अभियान का जायजा लेने के साथ आमजन से "नवो बाड़मेर अभियान" में अपनी भागीदारी निभाने एवं बाहर कचरा नहीं फैकने की अपील की। नवो बाड़मेर के तहत बुधवार को प्रातः 7 बजे से मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, आयुक्त विजयप्रतापसिंह, जिला रसद अधिकारी कंवराराम, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सोमेश्वर देवड़ा, आयोजना अधिकारी नखताराम, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. आर.बी. सिंह, विकास अधिकारी अतुल सोलंकी, अधिशाषी अभियंता राजेन्द्रसिंह समेत विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशन में सफाई अभियान की शुरूआत हुई।

जिला कलेक्टर टीना डाबी के निर्देशानुसार पूर्व में निर्धारित इलाकों में प्रशासनिक अधिकारियों ने सफाई का जिम्मा संभालते हुए हाइवे की दोनों तरफ सर्विस लाइन पर सफाई के कार्य को अंजाम दिया। सफाई कर्मचारियों के सड़क एवं पटरियों के किनारे बिखरे कचरे, रेत एवं झाड़ियों की सफाई की। इस कार्य में जरूरत के अनुंसार जेसीबी का भी सहयोग लिया गया।

मौके पर सफाई करवाने के साथ ट्रैक्टरों एवं ट्रक के माध्यम से कचरे को हटवाया गया। इस दौरान स्थानीय दुकानदारों से सर्विस लाइन पर सामान वगैरह रखकर अतिक्रमण नहीं करने का अनुरोध किया गया। कुछ स्थानों पर सर्विस लेन पर रखे गए सामान को हटवाते हुए संबंधित दुकानदारों को भविष्य में ऐसा नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं नगर परिषद की सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए कई दुकानदार भी नवो बाडमेर में सहयोग के लिए आगे आए। उन्होंने अपने प्रतिष्ठानों के आसपास सफाई के कार्य को अंजाम दिया। बुधवार दोपहर तक चले सफाई अभियान की बदौलत सर्विस लेन की तस्वीर बदलने के साथ सड़कों पर आवाजाही भी सुगम हो गई। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने चामुंडा चौराहे से चौहटन चौराहे तक चलाए गए सामूहिक श्रमदान एवं सफाई अभियान का निरीक्षण किया।

उन्होंने सफाई अभियान में जुटे अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने के साथ दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कचरा इधर-उधर फैंकने के स्थान पर नगर परिषद की ओर से निर्धारित स्थान पर कचरा पात्र में डालें। जिला कलेक्टर ने आमजन एवं दुकानदारों से अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में डस्टबिन रखने तथा उसका इस्तेमाल करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कचरा फैंकते पाए जाने पर नगर परिषद की ओर से नियमानुसार जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाएगी।

नवो बाडमेर अभियान की बदौलत बाडमेर शहर में विभिन्न चौराहों एवं सड़कों का जीर्णोद्धार का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा हैं। इसमें भामाशाह अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे है। नवो बाडमेर में हुए समन्वित प्रयासों की बदौलत चौराहों एवं सड़कों की तस्वीर बदलने लगी है। कई चौराहों पर रंग रोगन का कार्य रहा है। वहीं रेलिंग एवं डिवाइडर की मरम्मत के साथ पेटिंग की जा रही है। मुख्य सड़कों के दोनों ओर सफेद पट्टी करवाने के साथ ठेलों को वेडिंग जोन में खडा करने सड़कों पर यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है।

■ कलेक्टरने आमजन से "नवो बाड़मेर अभियान" में अपनी भागीदारी निभाने एवं बाहर कचरा नहीं फैकने की अपील की



छबड़ा। शक्ति के आराधना का पर्व नवरात्र में इन दिनों गरबा, डांडिया की धूम मची हुई है, जिसमें महिलाएं, युवतियां पारंपरिक परिधानों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही हैं। अंबेडकर सामुदायिक भवन में राधा-कृष्ण ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय डांडिया महोत्सव का समापन हुआ। ग्रुप अध्यक्षा किरन गर्ग ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष कैलाशचंद जैन थे। अन्य अतिथियों में पूर्व पालिकाध्यक्ष नाथूलाल अग्रवाल, भारत विकास परिषद के प्रांतीय सदस्य ललित अग्रवाल, मालव समाज अध्यक्ष ओम मालव, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, पार्षद रोहित अरोड़ा, श्याम सेवा अध्यक्ष अंकित आदि थे। कार्यक्रम में बेस्ट डांडिया, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट कपल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन में उपाध्यक्ष अंजनि बंसल, कोषाध्यक्ष नीतू सिंघल, रेणु कालरा, शिखा नामा, मनीला गर्ग, भावना, कृष्णा, सूरज, मीना, अलका, एकता, कविता, मंजू, सारिका, रेखा, शशि, अरुणा, रजनी, कमलेश, लीना, सुमित्रा, अनिता, रिक्की, मिथलेश, दिशा, हेमा, रीतू, गीतिका, नीतू, प्रियंका, राखी, किरन बंसल सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** मथुरागेट पुलिस ने हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए बयाना में पहाड़ पर मिले शव को हत्या कर पटकने के मामले में आरोपी मुकटसिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पहाड़ पर ले जाकर हत्या की थी।

जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरतपुर मुख्यालय लालचंद कायल व वृताधिकारी वृत शहर पंकज यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी करनसिंह मय गठित टीम द्वारा थाना मथुरागेट के प्रकरण में बयाना पहाड़ पर ले जाकर हत्या करने के मामले में आरोपी मुकुट सिंह उर्फ ऊधम सिंह पुत्र महाराजसिंह गुर्जर निवासी गढी महरावर थाना सदर बयाना को गिरफ्तार किया है।

## फर्जी पट्टा प्रकरण में मां-बेटा गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** गांधीनगर थाना पुलिस ने किराये के मकान को हड़पने की नियत से फर्जी पट्टा बनवाकर बैंक से लोन उठाने वाली मां व बेटा को गिरफ्तार किया है। मकान मालिक ने इनकी कथित हरकतों से आहत होकर न्याय नहीं मिलने पर आत्महत्या का प्रयास भी किया।

चितवन गार्डन लक्ष्मीनगर निवासी पीड़ित डालचंद यादव ने 7 फरवरी को गांधीनगर थाना में मामला दर्ज कराया कि मेरे मकान में बतौर किरायेदार रह रही मधु सोनी व इसके बेटे मोनू सोनी ने सुनियोजित षड़यंत्र के तहत आयुक्त व सभापति के फर्जी हस्ताक्षर कर मकान के दो अलग अलग पट्टे बनवा लिये।

दोनों पट्टों से अलग-अलग बैंको से लोन ले लिया। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर तमाम दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने पर मामले का पर्दाफाश हो सका। पुलिस ने मां-बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां मधु सोनी को न्यायिक हिरासत में एवं बेटे सोनू को दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया।

## हादसे में महिला की मौत

**जोधपुर, (कास)।** शहर के निकटवर्ती गंगाणी गांव में अपने खेत की तरफ जा रहे दंपती की बाइक नीलगाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर स्लीप हो गई। हादसे में घायल महिला की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। इस बारे में पति की तरफ से करवड़ थाने में रिपोर्ट दी गई। करवड़ स्थित गंगाणी निवासी भगाराम पुत्र बस्तीराम मेघवाल ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। इसमें वह अपनी पत्नी रूपी देवी के साथ बाइक पर खेत की तरफ जा रहा था। तब रास्ते में अचानक आई नीलगाय को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर स्लीप हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। उसकी पत्नी रूपी देवी की उपचार के बीच मौत हो गई। करवड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

# धोखे से जमीन बेचकर लाखों रुपये हड़पे

## पुलिस ने प्रोपर्टी कारोबारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के नाई थाना पुलिस ने प्रोपर्टी कारोबारी के खिलाफ भूखण्ड बेचने का सौदा कर पीड़ितों से लाखों की नकदी वसूल कर हड़पने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नरेन्द्र पुत्र बदा मीणा निवासी बड़वाला खेरवाड़ा, सेठजी की कुण्डाल गेपला फला वलीचा निवासी हीरालाल पुत्र पूना मीणा, टीडी फला विरिया निवासी प्रभूलाल पुत्र रूपा मीणा, भेवरा फला वलीचा सेठजी की कुण्डाल निवासी नरेन्द्र पुत्र पूना मीणा ने प्रेम नगर डूंगला चित्तौड़गढ़ निवासी अखिलेश्वर मोगरा के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण पुलिस थाने में दर्ज करवाये। जिसमें पीड़ित नरेन्द्र ने बताया कि बीएसएफ से रिटायर्ड होने के बाद से में जावर माइंस में सिक्यूरिटी गार्ड का काम करता था। इससे पूर्व हिरणमगरी सेक्टर 11 स्थित कॉपरेटिव बैंक लि. में काम करते समय आरोपी अखिलेश्वर से संपर्क हुआ।

बातचीत के दौरान उसने स्वयं को प्रोपर्टी कारोबार करने तथा नया खेड़ा में प्लाटिंग काटने की जानकारी दी। इस पर बातचीत में सौदा तय होने पर मैने भूखण्ड खरीदने के लिए 11 दिसंबर 2022 से 19 मार्च 23 तक 8 लाख 94 हजार 780 रूपये का भुगतान किया। इसी तरह हीरालाल ने 12 दिसबर 2022 से 16 मई 2023 तक 4 लाख 60 हजार रूपये का, नरेन्द्र पुत्र पूना ने 2 लाख रूपये का एवं प्रभूलाल पुत्र रूपा ने आरोपी अखिलेश्वर मोगरा को 6 लाख 30 हजार रूपये का भुगतान किया। कुछ समय बाद संपर्क किया तो उसने रजिस्ट्री करवाने में टालम टोल करना शुरू कर दिया। न तो नकदी लौटाई न रजिस्ट्री करवाई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच की जा रही है।

## युवक का शव मिला, नहीं हुई शिनाख्त

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में बीती रात कामधेनू अण्डरपास के पास एक अज्ञात पुरूष का शव मिला, जिसकी उम्र 30-35 साल है, जो भिखारी जैसा प्रतीत होता है। पुलिस के अनुसार युवक की मौत सम्भवतः किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ कि युवक मानसिक रूप से विकसित होकर पिछले 4-5 माह से अर्धनग्न अवस्था में कामधेनू सर्किल के आस-पास ही घूमता रहता है, जिसके शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक का रंग सावंला, उम्र 30-35 साल के बीच, सिर पर हल्के काले बाल, हष्ट पुष्ट मजबूत शरीर, बायें ललाट पर खून आलून्दा, रडकनुमा चोटें तथा बांये पेर के नीचे फ्रेक्चर है। शिनाख्त के अभाव में शव मोर्चरी में रखा गया है।

## दो युवतियों सहित कई गिरफ्तार

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के भीनमाज पुलिस ने बुधवार को स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक कृत्य करते चार युवक व चार युवतियों गिरफ्तार किया। जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिला हाजा में चलाये जा रहे संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ अभियान के मध्यनजर पुलिस ने भीनमाल में जुजाणी रोड पर स्थित मिलन स्पॉ सेंटर पर भारतीय युवक तथा भारतीय व विदेशी युवतियों द्वारा अनैतिक कार्य करने की सूचना मिलने पर थानाधिकारी भीनमाल मय जाब्ता द्वारा कस्बा भीनमाल में जुजाणी रोड पर स्थित स्पॉ सेंटर पर दबिश देकर संदिग्ध गतिविधियों व अनैतिक कार्य में लिप्त होने की संभावना के मध्यनजर गैरसायलान चार युवक व चार युवितयों को गिरफ्तार किया।

## साइबर ठगी की नकदी वसूल कर पीड़ित को लौटाई

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ठगी की नकदी रिकवर कर पीड़ित को लौटाई।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित रेहाना जारोली निवासी अम्बामाता ने बताया कि ऑनलाइन प्रोडक्ट खरीदने के लिए एमेजन एप पर गई जहां कुछ प्रोडक्ट चैक किए। कुछ समय बाद बिना किसी जानकारी के मेरे एयू बैंक खाते से तीन ट्रांजेक्शन के लिए ओटीपी मिला तथा कुछ समय बाद खाते से तीन टुकडों में 59240 रूपये निकाले जाने की जानकारी मिली।

इसी तरह मो. सलीम छीपा निवासी छीपा कॉलोनी अंबामाता ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि एक्सिस बैंक के नाम से लड़की का कॉल आया। उसने क्रेडिट कार्ड सिक्यूरिटी केंसल करने के लिए कॉल करना बताया। इस प्रोसेस के लिए फार्म भरकर भेजने को कहा। इस पर मैने डिटेल भेजी तो कुछ समय बाद मेरे बैंक खाते से 87407 रूपये नकदी की ठगी हो गई। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 लाख 46 हजार 647 रूपये रिकवर कर पीड़ितों को लौटाई।

# सीजीएसटी की समीक्षा मीटिंग में राजस्व बढ़ाने और करदाताओं की समस्याओं के निदान पर जोर दिया

**जयपुर।** सीजीएसटी कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने नीमराणा में कमिश्नरेट के मुख्यालय और सभी सातों संभाग के कामकाज और सितम्बर- 2024 तक की राजस्व वसूली की समीक्षा मीटिंग ली, जिसमें अधिकारियों के साथ, अपर आयुक्त नरेश सैनी और महेश भारद्वाज, अलवर, भिवाड़ी, बहरोड़, भरतपुर और सीकर के सभी सात संभागों के डिप्टी और असिस्टेंट कमिश्नर, और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस मीटिंग में अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं जैसे राजस्व वसूली ,कर अपवंचना, न्याय निर्णय, रिटर्न्स की स्क्रूटनी, एरियर वसूली, करदाताओं की समस्याओं के शीघ्र निदान पर विस्तार से चर्चा हुई।

कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने मीटिंग में सितम्बर 2024 तक 2803 करोड़ रुपए के जीएसटी राजस्व वसूली, जो पिछले साल सितम्बर 2023 तक के 2388.90 करोड़ राजस्व से 415 करोड़ अधिक है, पर संतोष व्यक्त कर राजस्व बढाने के लिए यथोचित प्रयास करने और करदाताओं की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए उचित कदम उठाने पर जोर दिया। कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने स्वच्छता ही सेवा (2024)- स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान को कार्यालय के साथ लोक व्यवहार में निरतर अपनाने और करदाताओं के प्रति अधिक संवेदनशील होने की आवश्कता पर जोर दिया और मीटिंग के बाद बहरोड संभाग का भी निरीक्षण और वृक्षारोपण भी किया।

सीजीएसटी अलवर कमिश्नरेट के अंतर्गत अलवर, तिजारा-भिवाड़ी, बहरोड, खैरथल, भरतपुर, धोलपुर, डीग, करौली, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, झुंझुनू, नीमकाथाना, कोटपुतली क्षेत्रों के 13 जिले आते है जिनमें 7 डिवीज़न और 36 रेंज है। हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, एनसीआर से इसकी सीमा जुड़े रहने और कई राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरने और बड़े इंडस्ट्रियल एरिया होने के कारण अलवर सीजीएसटी महत्वपूर्ण और संवेदनशील आयुक्तालय है। इन सब गतिविधियों के उपरांत, राजस्थान ज़ोन के मुख्य आयुक्त महेंद्र रंगा के आवाह्न पर करदाताओं के साथ बेहतर संचार, तालमेल और सहयोग के लिए अलवर सीजीएसटी कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने राजस्थान में पहल- 'एक कदम उन्नित की ओर' अभियान में नीमराणा में सीजीएसटी संभाग बहरोड के शीर्ष ट्रेड और टैक्स प्रोफेशनल एसोसिएशन और करदाताओं से नीमराना में संवाद कर विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाई।

पहल-'एक कदम उन्नित की ओर' के द्वितीय चरण में इन क्षेत्रों के प्रमुख करदाता, शीर्ष ट्रेड और टैक्स प्रोफेशनल एसोसिएशन, जिनमें नीमराणा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बहरोड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, केसवाना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, सोतानाला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, गिलोठ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, शाहजहांपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के शीर्ष पदाधिकारी कृष्ण गोपाल कौशिक, किशन लाल अग्रवाल, रमेश कुमार सांखला, जे. पी. चौधरी, आर. एस. अरोड़ा, विजेंद्र चौधरी और बड़े करदाता ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के वाईस प्रेसिडेंट ए. के. गुप्ता, जी.डी. फूड्स के डायरेक्टर विशाल बग्गा, एम. जी. पॉलिप्लास्ट के मैनेजर सुनील कुमार शर्मा तथा टी.एस. टेक्शन राजस्थान प्राईवेट लिमिटेड के प्लांट हेड विकास मित्तल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये और करदाता की समस्यायों पर प्रकाश डाला और सुझाव दिए। सबने क्षेत्र में आकर रुबरु संवाद करने की इस पहल की प्रशंसा की और विभाग द्वारा सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त किया। बहरोड संभाग के अंतर्गत बहरोड़, बानसूर, नीमराणा, मांडण, कोटपूतली, विराटनगर सोतानाला, केसवाना, शाहजहांपुर, मुण्डावर के हजारों करदाता और औद्योगिक इकाईयां आती है। बहरोड में इस प्रकार के पहले कार्यक्रम में कमिश्नरेट के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

संवाद के दौरान सीजीएसटी कमिश्नर ने एसोसिशन और करदाताओं के सवालों के उत्तर दिए और कहा कि व्यवसाय और व्यापार के सुचारू संचालन, करदाता की समस्या-समाधान और विभाग के साथ बेहतर समन्वय के लिए, सीजीएसटी और ट्रेड/टैक्स प्रोफेशनल एसोसिएशन, संगठन, संस्थान को समन्वित कोशिश एक राष्ट्र-एक कर की संकल्पना देश निर्माण और अर्थ व्यवस्था मज़बूत करने में निरंतर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन सहायक आयक्त सान्या सिंहानिया ने किया।



सीजीएसटी कमिश्नर सुमित कुमार यादव ने नीमराणा में कमिश्नरेट के मुख्यालय और सभी सातों संभाग के कामकाज और सितम्बर-2024 तक की राजस्व वसूली की समीक्षा मीटिंग ली।

■ नीमराणा में कमिश्नरेट के मुख्यालय और सभी सातों संभाग के कामकाज और सितम्बर-2024 तक की राजस्व वसूली की समीक्षा मीटिंग हुई

## चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र गैस गोदाम रोड़ पर चाकू से व्यक्ति पर हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार 7 अक्टूबर को पीड़ित पिन्टु देवी पत्नी पुष्कर शर्मा निवासी कोल्यारी झाड़ोल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरे पति पुष्कर हलवाई का काम करते है, 6 अक्टूबर को बेदला से खाना बनाने का काम पूरा कर लेबर को कार में लेकर छोड़ने के लिए गैस गोदाम गये थे। वहां वेणीराम उसके घर छोड़ रहे थे। इसी दौरान मिले मित्र दिनेश पटेल व नारायण से बातचीत कर रहे थे कि अचानक आया एक लड़का मेरे पति पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। जिसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन हमलावर फरार हो गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएसआई रणजीतसिंह मय टीम ने हिम्मत पुत्र किशन तेली निवासी कर्मचारी कॉलोनी रामपुरा अम्बामाता को नाथी घाट से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि पुष्कर से मेरा कोई विवाद नहीं है लेकिन शक्ल अन्य झगड़ालु व्यक्ति से था। रात में उसको देखते ही गलती से चाकू मार दिया। आरोपी हिम्मत के खिलाफ तीन अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## संक्षिप्त

### भजन गायकों ने प्रस्तुतियां दी

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे की ढाणी जयरामकावाली मैं सार्वजनिक बाडे में स्थित नीलकंठ हनुमान मंदिर में नवरात्रि के मौके पर सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता ओमप्रकाश (उद्धी) ने बताया कि करीब 10 रोज से चल रही तैयारी को लेकर अंतिम रूप दिया गया व रात को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । देव सैनी व योगेश सैनी ने बताया कि भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय भक्त मंडल द्वारा व बाहर से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई । श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया।हारमोनियम, ढोलक, तबला आदि वाद्ययंत्रों के साथ भजन गायकों ने संगीतमय सुंदरकांड की चौपाइयां प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मंडली की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ को सुन श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। इस दौरान जामवंत के बचन सुहाए, सुनि हनुमंत हृदय अति भाए.. सहित सभी चौपाइयों पर श्रद्धालुओं ने धर्म की इस वेला में गोता लगाया।इस दौरान मंदिर की आकर्षक सजावट की गई। सोनू सैनी व मुकेश सैनी ने बताया कि मंदिर में बहुत सुंदर भगवान की झांकी सजाई गई।

### हनुमानजी ने लंका में लगाई आग

**निवाई।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में बुधवार को जागृति रंगमंच के कलाकारों ने हनुमानजी द्वारा लंका दहन करने सहित कई संवाद का मंचन किया गया। जिसको देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भीड उमड पडी। मंच के पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि दशहरे मेला महोत्सव पर आयोजित रामलीला में सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सुग्रीव राज्यभिषेक, जामवंत हनुमान प्रसंग, हनुमान उडान, समन्दर में हनुमान सुरसा संवाद, लंकनी वध, हनुमान अशोक वाटीका में प्रवेश, हनुमान मेघनाथ संवाद, अक्षयकुमार वध, रावण हनुमान संवाद व लंका दहन सहित कई संवाद का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि गुरूवार को रामेश्वरम् स्थापना, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण मुरछा व विभिषण शरणागति संवाद का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, परसराम कुमावत, दयाराम चौधरी, करणसिंह राजावत, पवन शर्मा, सर्वेश द्विवेदी, रामविलास बलाई, गोपाल पारीक, राम शर्मा व छत्रधारी शर्मा सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### भजन संध्या का हुआ आयोजन

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास में मंगलवार को बूढला जी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भाजपा नेता हनुमान गुर्जर ने बताया कि विधायक रामसहाय वर्मा ने बूढला बालाजी मंदिर में ढोक लगाकर सुखसमृद्धि की मनोकामना की। नवरात्रा के चलते विधायक वर्मा की ओर से बूढला बालाजी महाराज के चोला चढ़ाकर आकर्षक झांकी सजाकर जागीरण का आयोजन किया। भजन संध्या की शुरुआत मंदिर के संत श्री रामगोपालदास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। भजन गायक कलाकार ब्रजमोहन डांगी ने गणेश वंदना के साथ शुभारंभ किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर विमोचित

**मानपुरा माचेडी।** निकटवर्ती ग्राम चोंप में होने वाली सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन बुधवार को कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुरेश जासरावत ने किया । क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक समिति के मदन शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता 20 अक्टूबर से 27अक्टूबर तक चलेगी । प्रतियोगिता में 31टीम भाग लेंगी ।प्रथम विजेता टीम को 55 हजार रुपए व ट्रॉफी इनाम में दी जाएगी ।इस मौके पर भानुप्रतापसिंह, राकेश शर्मा, मदनलाल, सत्यनारायण व प्रतियोगिता आयोजन समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

### ढाई घंटे रहेगी शहर की बिजली बंद

**निवाई।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को मरम्मत कार्य को लेकर ढाई घंटे शहर में बिजली बंद रहेगी। विभाग के अभियांत्रिकी पर्यवेक्षक राजेशकुमार शर्मा ने बताया कि विद्युत लाईनों के रख रखाव व मरम्मत कार्य के चलते सुबह 8:30 से 11 बजे तक गणगौरी बाजार, चौहटी बाजार, मायला बाग, पुलिस थाने के आस-पास व शिवाजी कॉलोनी में बिजली बंद रहेगी।

# परिवादों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए संपर्क पोर्टल पर परिवादों का निस्तारण करने में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी व तहसीलदार बीड़ा को कारण बताओं नोटिस देकर जवाब मांगा है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वीसी के माध्यम से बैठक लेते हुए अधिकारियों से संपर्क पोर्टल परिवादों की समीक्षा की।एव संपर्क पोर्टल परिवादों का निस्तारण करने में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित तहसीलदार बीड़ा व जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल तथा सीएमओ परिवादों का समय से निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा संपर्क एवं सीएमओ परिवादों में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही होगी । जिला कलेक्टर ने दिवाली त्योहार को देखते हुए जिले भर में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए जिसके तहत 14




खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ तथा 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक शहरी क्षेत्र में नगर निकायों द्वारा प्लास्टिक मुक्त एवं सफाई अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। भिवाड़ी में आगामी इन्वेस्टमेंट समीट को देखते हुए विशेष रूप से ध्यान रखते हुए निरंतर सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने खैरथल एवं भिवाड़ी एडीएम एवं सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में इन अभियानों के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

इस बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आगामी त्यौहार के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए जिले में टीम गठित कर विशेष अभियान चलाकर मिलावटखोरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के बेचान पर पाबंदी होने पर कार्य योजना तैयार कर जिले में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण तथा बेचान के ऊपर कड़ी कारवाई करने के निर्देश दिए हैं।

- **प्रतिबंधित क्षेत्र एनसीआर में पटाखों की बिक्री व भंडारण तथा मिलावटी सामान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश**

जिला कलेक्टर की वीसी बैठक में किशनगढ़ बास एसडीएम मनीष कुमार जाटव, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग अजय यादव, सांख्यिकी अधिकारी हरीश स्वामी, सहायक प्रोग्रामर अनिल हरसोरिया सहित सभी शाखाओं के कर्मचारी तथा सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मीटिंग आयोजित

**मनोहरपुर ।** शहर के थाना परिसर में बुधवार को थाना प्रभारी राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में दशहरा पर्व पर सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र सदस्यों की मींटिंग आयोजित हुई। जिसमें थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव ने सभी से सांप्रदायिक सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने व्हाट्सएप मैसेंजर आदि एप्स के माध्यम से आने वाले अनजान नंबरों से वीडियो कॉलस को रिसीव नहीं करने की अपील की। इस समय वीडियो कॉल के माध्यम से अनजान लोग अपने जाल में फंसा कर ब्लैकमेल किया जा रहा है। अनजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल्स से सतर्क रहने की अपील की। इस दौरान सीएलजी मीटिंग में उपस्थिति लोगो ने बताया कि मनोहरपुर बस स्टैंड पुलिया के नीचे एनएचएआई के द्वारा सड़क की खुदाई कर उसे यू ही छोड़ दिया।ओर वही पुलिया के नीचे दूसरी और सब्जी, फ्रूट आइसक्रीम, चाट भंडार के ठेले लगे हुए हैं जिसपर खरीददारी करने के लिए आने वाले लोग अपने वाहनों को आड़े तिरछे खड़े कर जाते है। जिसके कारण पुलिया के नीचे से बाजार की ओर तक आए दिन जाम लगा रहता है। और वही लोगों ने अवगत करवाया कि शहर में कई लोगों द्वारा बुलेट गाड़ी व मोटरसाइकिल को तीव्र गति चलाते हुए ध्वनि प्रदूषण कर वाहनों को दौड़ाते रहते है।

# डॉक्टर सहित एक कर्मचारी मिला अनुपस्थित, वेतन रोकने का आदेश

**पावटा।** समय से अस्पताल न पहुंचने कि शिकायत पर बुधवार को कोटपूतली बहरोड सीएमएचओ डॉ. आशीष शेखावत ने उप जिला अस्पताल पावटा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान

- **उपजिला अस्पताल पावटा का कोटपूतली बहरोड सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण**



कोटपूतली बहरोड सीएमएचओ डॉ. आशीष शेखावत ने उप जिला अस्पताल पावटा का औचक निरीक्षण किया।

एक चिकित्सक व एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला। जिस पर दोनों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया।

सीएमएचओ डॉ. आशीष शेखावत ने कहा कि जवाब संतोषजनक न हुआ तो कडी कार्रवाई की जाएगी। उपजिला अस्पताल पावटा मे ग्रामीणों द्वारा चिकित्सक के देर से आने की शिकायत पर बुधवार को सीएमएचओ डॉ. आशीष सुबह 9 बजे अस्पताल पहुंचे। वहां एक चिकित्सक व एक कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। एक मरीज ने बताया कि इस अस्पताल में डॉक्टर के आने और जाने का कोई समय नहीं होता। जिस पर सीएमएचओ डॉ. आशीष ने अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मचारियो का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा। सीएमएचओ की इस कार्यवाई के बाद से ही महकमें में हडकंप मचा हुआ है। मुय चिकित्साधिकारी डॉ आशीष सिंह शेखावत, नोडल अधिकारी रवि जांगिड सबसे पहले ओपीडी पहुंचे। जहां सीएचसी प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र शर्मा मरीजों को देख रहे थे। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया, जिसमें एक चिकित्सक व तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

इसके बाद वह दवा स्टोर रूम, लैब, ओपीडी के वार्ड पहुंच चिकित्सकीय व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद वह प्रसव कक्ष, आपातकालीन कक्ष, आफिस आदि का निरीक्षण करने के साथ ही, टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण, मौसमी बीमारियों आदि के बारे में जानकारी ली ।

## पाठ्य सामग्री पाकर मुस्कुराए छात्रों के चेहरे

**फुलेरा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नोरंगपुरा के घीसा बाबा की ढाणी में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ललिता वर्मा के मुख्य आतिथ्य और शाला प्रधानाध्यापिका अनिता राज शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुआ। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ललिता वर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है, शाला प्रधानाध्यापिका अनिता राज शर्मा ने एक भामाशाह के रूप में आगे आकर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की राह को आसान किया है। साथ ही आगे कहा कि हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। गौरतलब है कि कार्यक्रम के अंतर्गत भामाशाह प्रधानाध्यापिका अनिता राज शर्मा के द्वारा विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को नवरात्रि के उपलक्ष में पाठ्य सामग्री बैग, कॉपी, पेन, पेन्सिल, ड्राइंग सेट, कलर आदि प्रदान किये। साथ ही विद्यार्थियों को अल्पाहार भी करवाया।

# 'बीमार पशुओं का उपचार घर बैठे संभव हो सकेगा'

**टोंक।** मोबाईल वेटेनरी यूनिट कॉल सेंटर 1962 का लोकार्पण जिला प्रमुख सरोज बंसल ने बुधवार को पशुपालन कार्यालय से किया। साथ ही, जिला प्रमुख ने रोगी पशु के उपचार के लिए मोबाईल पशु चिकित्सा वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख ने कहा की केंद्र एवं राज्य सरकार की संवेदनशीलता से पशुपालकों के रोगी पशुओं का नि:शुल्क उपचार अब उनके घर बैठे उपलब्ध हो सकेगा। खुशहाल पशुपालक, समृद्ध राजस्थान के तहत रोगी पशुओं के नि:शुल्क उपचार के लिए ही मोबाईल वेटनरी यूनिट की शुरुआत की गई है।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने बताया कि जिले के समस्त ब्लॉक स्तरों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने




मोबाईल वेटेनरी यूनिट कॉल सेंटर 1962 का लोकार्पण जिला प्रमुख सरोज बंसल ने बुधवार को पशुपालन कार्यालय से किया।

बताया कि जिले में 11 मोबाईल वेटरनरी यूनिट संचालित हो रही है। इस दौरान संयुक्त निदेशक ने मोबाईल चिकित्सा वाहनों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न पशु चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मोबाईल वाहन में पशुचिकित्सक एवं पशुधन सहायक हर समय तैनात रहेंगे। पशु चिकित्सा वाहन में आवश्यक औषधियां एवं हर प्रकार के सर्जिकल आईटम मौजूद रहेंगे। साथ ही, पशु चिकित्सा के साथ-साथ माईनर वेटनरी सर्जरी की सुविधा भी पशुपालकों को उनके घर पर ही उपलब्ध होगी।

## सडकों के नवीनीकरण के लिये 6.51 लाख रूपये स्वीकृत

**कोटपूतली।** राज्य सरकार ने विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में वर्षा से क्षतिग्रस्त सडकों की स्थाई मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु 25.46 किमी लम्बी 08 सडकों के लिये कुल 06 करोड़ 51 लाख 63 हजार रूपयों की राशि स्वीकृत की है।

इनमें राजमार्ग से ग्राम चानचक्की तक 4.05 किमी लम्बी सडक के लिये 01 करोड़ 03 लाख 68 हजार, ग्राम भैंसलाना से ढ़ाणी मंगलदास वाली स्थित 04.10 किमी लम्बी सडक के लिये 01 करोड़ 04 लाख 96 हजार, कस्बे में बानसूर रोड़ से ढ़ाणी नोनावाली तक 02.71 किमी लम्बी सडक के लिये 69 लाख 23 हजार, बानसूर रोड़ टापरी मोड़ से ग्राम टापरी तक 04.12 किमी लम्बी सडक के लिये 01 करोड़ 05 लाख 47 हजार, डाबला रोड़ पर चौलाई मोड़ से ग्राम नौरंगपुरा के लिये 02.25 किमी लम्बी सडक हेतु 57 लाख 60 हजार, कोटपूतली कस्बे से ग्राम पंचायत बसई

- **25.46 किमी लम्बी 08 सडकों का होगा नवीनीकरण**


मुख्यालय हेतु 05 किमी लम्बी सडक के लिये 01 करोड़ 28 लाख, चिमनपुरा रोड़ से ग्राम रामसिंहपुरा की 01.20 किमी लम्बी सम्पर्क सडक हेतु 30 लाख 72 हजार व ग्राम सांगटेड़ा से ग्राम बनका तक 02.03 किमी लम्बी सडक हेतु 51 लाख 97 हजार रूपयों की राशि आंवटित करते हुये वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है।

उक्त सभी सडकों के जल्द ही टेंडर आमंत्रित कर निर्माण कार्य शुरू किये जायेगें। विधायक हंसराज पटेल ने इसको लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व पीडब्ल्यूडी मंत्री डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव व ढ़ाणी को पक्की सडकों से जोडने के लिये हरसम्भव प्रयास किये जा रहे है।

# आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा अंगद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन

**पावटा।** आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दौरान मंगलवार व बुधवार को अंगद रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बडी संया में महिला-पुरूष शामिल हुए। यह आयोजन आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा किया जा रहा है।

रामलीला में वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ पटेल, महेश पारिक, संरक्षक उमेश टांक, सुभाष गोयल, वीरेंद्र बंसल, सुरेश शर्मा अध्यक्ष योगेश शर्मा, निदेशक मोहन गौड, सचिव चेतन जोशी, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड, रामशरण बोहरा, सोनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, ललित शर्मा, दीपक भारद्वाज, सुनील गौड सहित स्थानीय कलाकारों ने बताया कि भगवान श्रीराम (लक्की भारद्वाज) वानर सेना को लेकर लंका में प्रवेश करते हैं। जब इसकी



रामलीला में कलाकारों ने मंचन किया।

जानकारी रावण (विकास पुजारी) को लगती है, तो वह युद्ध के लिए घोषणा कर देता है। मगर प्रभु ने रावण को एक और मौका देते हैं और अंगद (सुनील गौड) को रावण के दरबार में दूत बनाकर भेजते हैं। कहते हैं कि आप माता जानकी (तनुज शर्मा) को प्रभु श्रीराम को लौटा दो और अपना सिर प्रभु के चरणों में झुका कर माफी मांग लो। इतना सुनते ही रावण क्रोधित हो गया और अंगद को बंदी बनाने के लिए आदेश देता है। युद्ध के मैदान में रावण की ओर से सेनापति मेघनाथ (अभिषेक शर्मा) और लक्ष्मण (शुभम शर्मा) में घनघोर युद्ध होता है। अंत में मायावी मेघनाथ के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। रामलीला में लक्ष्मण पर शक्ति का प्रयोग होने से राम दल में हाहाकार मच गया। कलाकारों के मंचन से दर्शक भाव विभोर हो गए व आँखों से अश्रु धारा बह चली। सुखेन वैद्य(महेश पारिक)

- **लक्ष्मण को लगी शक्ति, हनुमान लाए संजीवनी बूटी, दर्शक हुए भाव विभोर, आँखों से बही अश्रुधारा**

को हनुमानजी (रामशरण बोहरा) रामा दल में लेकर आए और सुखेन वैद्य के बताए अनुसार सूर्योदय से पूर्व संजीवनी लाने की बात कही। हनुमानजी संजीवनी लेकर रामा दल में पहुंचे। संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा खुलने से रामा दल में खुशी की लहर छा गई। इस दौरान आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। वही 22 सितबर से आरंभ हुई रामलीला में कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ, राम वनवास, भरत मिलाप, सीताहरण, लंका दहन का शानदार मंचन किया गया।

## सार-समाचार

### क्लीन अलवर पोर्टल एप से लोगों के दिलों में जागी उम्मीदें

**अलवर ।** जिला प्रशासन के नवाचार 'अतुल्य अलवर अभियान' के तहत सफाई की शिकायतों को दूर करने के लिए शुरू किया गया क्लीन अलवर इन पब्लिक एप पोर्टल आमजन की सफाई की समस्या को दूर करने में काफी मददगार साबित हो रहा है। एक सप्ताह में क्लीन अलवर इन पोर्टल पर डाली गई 450 शिकायतों का त्वरित निराकरण होने से आमजन का प्रशासन की ओर से शुरू किए गए अतुल्य अलवर अभियान और क्लीन अलवर इन पोर्टल पर विश्वास बढ़ा है।जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया जिला प्रशासन द्वारा अलवर शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु नवाचार करते हुए पब्लिक पोर्टल लॉन्च किया है जिसमें आमजन अपनी सफाई से जुडी शिकायतें डालने पर नगर निगम द्वारा त्वरित साफ-सफाई कराई जाएगी और इसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन के द्वारा निरन्तर की जा रही है। आमजन का इस पोर्टल पर फीडबैक भी दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्लीन अलवर इन पोर्टल को गांधी जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर को लॉन्च किया गया था। लॉन्च करने से अब तक मात्र एक सप्ताह में आमजन से प्राप्त 692 में से 450 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है तथा 214 शिकायतें साफ-सफाई से जुडी न होकर अन्य प्रकार की थी उनको निरस्त किया गया है। कुछ घण्टों पूर्व प्राप्त 28 शिकायतें निस्तारण हेतु प्रक्रियाधीन है। जिला कलेक्टर ने बताया कि नगर निगम को शिकायत मिलते ही उनके द्वारा गठित टीम द्वारा साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर निगम के द्वारा सफाई कराए जाने से पूर्व एवं सफाई कराए जाने के उपरान्त की फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है जिससे शहर के नागरिकों को यह प्रक्रिया काफी रास आ रही है। और लोगों का पोर्टल के प्रति विश्वास हुआ । उन्होंने बताया कि अलवर शहर में सफाई से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वेब पोर्टल क्लीन अलवर इन को विकसित किया है जिसमें अलवर शहर के समस्त वार्डों (वार्ड सं. 1 से 65 तक) के निवासी सफाई से संबंधित समस्या डाल सकते हैं। इसमें नागरिकों को स्वयं के व समस्या के विवरण के साथ उसकी फोटो डालना अनिवार्य है। शिकायत सबमिट होने पर शिकायतकर्ता को एक शिकायत क्रमांक मिलेगा जिसमें वह डाउनलोड करके अपने पास रख सकता है ताकि शिकायत की स्थिति देख पाये।

### ईश भारद्वाज इस बार चुनाव मैदान में

**अलवर।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव की तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन टिकट की मारामारी अभी से शुरू चुकी है भाजपा के कर्मठ एवं जुझारू नेता के रूप में पहचान रखने वाले स्वच्छ एवं बेदाग छवि के नेता ईश भारद्वाज भी इस बार टिकट की लाईन में लगे हुए है। उन्हें सर्व जाति समाज का समर्थन प्राप्त है अगर पार्टी ईष भारद्वाज को इस बार अपना उम्मीदवार बनाएगी तो हो सकता है दस साल से रामगढ़ से सूखा झेल रही भाजपा की झोली में इस बार सीट आ सकती है। ईश भारद्वाज पिछले बीस साल से भाजपा से जुड़े हुए है वे 2014 से अभी तक दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंत्र राजस्थान का प्रदेश उपाध्यक्ष,विप्र फाउंडेशन राजस्थान वैश्विक संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष 2022 से 2024 भारतीय जनता पार्टी में दायित्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंचायती राज राजस्थान रहे। ईश भारद्वाज ने 2018 के चुनाव में भी अपनी टिकट के लिए मजबूत दावेदारी पेश की उनका नाम उस समय भी पैनल में नाम टॉप पर रहा इसी प्रकार 2023 के चुनाव में भी उनका नाम पैनल पर टॉप पर रहा। ईश भारद्वाज पिछले 21 साल से पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी से सेवा करते रहे है और पिछले दस साल से रामगढ विधान सभा की जनता के बीच रहे है वे नौगावा के रहने वाले है। ईश भारद्वाज को स्वर्ण समाज के अलावा एससी,एसटी समाज का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। वे रामगढ़ क्षेत्र के सभी मतदाताओं की पहली पसंद बने हुए है उनकी स्वच्छ और बेदाग छवि और मजबूत व्यक्तित्व और योग्यता उन्हें इस बार रामगढ़ से मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रही है। उनके प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से अच्छे संबंध है जो उनकी पार्टी में मजबूत पकड़ को दर्शाता है।

### निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**कोटपूतली ।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। यह नवीन जिले कोटपूतली-बहरोड़ की पहली बैठक थी जिसमें राव राजेंद्र सिंह द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित 23 विभागों की 64 योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर देश को विकसित बनाना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों का समन्वय के साथ काम कर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करना होगा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस बैठक में जो कुछ भी मुद्दे उठाए गए हैं उनपर अधिकारियों को ध्यान देना होगा। मीटिंग के दौरान सांसद द्वारा प्रत्येक विभाग की योजनाओं की पीपीटी के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा पात्र सभी लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ देने के निर्देश दिए । उन्होंने सभी विभागाधिकारियों से चल रही प्रमुख योजनाओं तथा विकास कार्यों का ब्लूप्रिंट मय नक्शा का पेन ड्राइव जिला, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए जिससे चल रहे विकास कार्यों के बारे में प्रत्येक स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जा सके। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निजी अस्पतालों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने, बायोमेडिकल वेस्ट को नियत समय पर निस्तारित करने तथा उनके द्वारा उपयोग में लिए जा रहे मेडिकल उपकरणों की समय-समय कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने के निर्देश दिए गए इसके अलावा मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर जिले में फॉगिंग करवाने, चिकित्सालयों में नर्सिंग कर्मियों, दवाओं एवं बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ एंटी लार्वा गतिविधियों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

### राम बारात मे शामिल हुये नगरवासी

**मालपुरा** (निस) दशहरा महोत्सव एवं रामलीला आयोजन समिति व नगरपालिका मंडल के तत्वाधान मे आयोजित भव्य रामलीला मंचन मे मंगलवार की रात राम बारात,सीता स्वेम्बर जैसी लीलाओं का किया गया मंचन। रामलीला मंडली द्वारा लीला मंचन के दौरान राजा दशरथ के यहां से जनकपुर तक निकली राम लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न की बारात मे शहरवासियो ने शामिल हो बाराती बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। जनकपुर पहुंची बारात की भव्य अगवानी की गई। पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने सीता विवाह मे सीताजी के माता-पिता बन कन्यादान सौभाग्य प्राप्त किया। व्यास पीठ पर सुशोभित भगवत किशोर व्यास एवं गोपाल शर्मा ठाकुर जी की मंडली द्वारा रामलीला मंचन मे मंगलवार को छठे दिन लक्ष्मण परशुराम संवाद,राम बारात,सीता स्वेम्बर,जैसी लीलाओं का मंचन किया गया। सफेद अश्वो पर बैठे भगवान राम सहित चारो भाईयों की बारात नगर भ्रमण करते हुये जनकपुर पहुंचने के सुन्दर सजीव दृश्यो के मंचन को देख अभिभुत हुये सनातन प्रेमी।

## पशु जीवन दायिनी वेटनरी वैन पशुओं का करेगी उपचार

**मालपुरा** (निस) राज्य सरकार के निर्देशों पर पशु पालन विभाग द्वारा राजस्थान मे 108 जीवनदायिनी एम्बूलेंस की तर्ज पर अब टॉल फ्री नम्बर जारी कर विभाग ने वेटनरी वैन सेवा के जरिये घायल व बिमार पशुओं का तत्काल उपचार करने की सुविधा शुरू की। जिसका बुधवार को मालपुरा व टोडारायसिंह मे शुभारम्भ हुआ।

प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय मालपुरा प्रभारी एवं उपनिदेशक डॉ. अनिल परतानी ने बताया कि सडक दुर्घटना मे घायल होने वाले पशु व गंभीर बिमारी से ग्रसित बैजुबान पशुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिये राजस्थान सरकार के पशु पालन विभाग मंत्रालय द्वारा ऑन कॉल मोबाईल पशु वेटनरी कॉल सेवाऐं शुरू की है। मालपुरा व टोडारायसिंह को मिली मोबाईल वेटनरी वैन का आज शुभारम्भ किया गया। पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपडा द्वारा मोबाईल वैनो को पूजा अर्चना कर पशु सेवार्थ के लिये किया रवाना। डॉ. परतानी ने बताया कि पशु वेटनरी वैन के लिये विभाग ने टॉल फ्री नम्बर 1962 जारी किये है। जिन पर कॉल करने व लॉकेशन बताने पर तत्काल मौके पर ही बिमार व घायल पशुओं का इस मोबाईल यूनिट वैन का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान पशु चिकित्सक डॉ. सरोज,डॉ. लहना सिंह,प्रमोद चौधरी,गोविन्द जांगिड सहित जनप्रतिनिधि व किसान मौजूद रहे। जिन्होने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुये बैजुबान व निराश्रित पशुओं के लिये जीवनदायिनी बताया।

## संक्षिप्त

### डांडिया महोत्सव का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के जी डी एम एल पटवारी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्राचार्या डॉ सुमित्रा गुप्ता के निर्देशन पर पंडित आशुतोष एवं घनश्याम डोरवाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रबन्धकारिणी समिति सदस्य प्रत्युष पटवारी व पूजा पटवारी के करकमलों से विद्या की देवी माॅ सरस्वती एवं माँ दुर्गा की पूजा व हवन कार्यक्रम सम्पन्न करवाकर तत्पश्चात पूजा पटवारी ने डांडिया महोत्सव के आगाज हेतु गुजरात के गरबा का हुंकार भरते हुए गरबा नृत्य हेतु छात्राओं को प्रेरित किया । गरबा नृत्य में छात्राओँ ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर रंगारंग प्रस्तुति दी। सामूहिक प्रतियोगिता में पायल जागिड़ समूह ने प्रथम एकल नृत्य में दीपिका सैनी युगल नृत्य में धारा व राखी ने प्रथम एवं परिधान स्व सज्जा में भूमिका कुमावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रसाद वितरण के पश्चात् प्राचार्या ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सभी व्याख्याता गण एवं छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन व्याख्याता पूनम जागिड़ ने किया।

### पशु चिकित्सा सेवा मोबाइल वाहन शुरू

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर संचालित पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सालय पर विभाग द्वारा 9 अक्टूबर से शुरू की गई पशु चिकित्सा सेवा मोबाइल वाहन का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया इस अवसर पर उपनिदेशक डॉक्टर सुजाता मौर्य ने बताया कि इस वाहन के हेल्प नंबर 1962 पर पशुपालक द्वारा पशुधन के बीमार होने की सूचना मिलने पर वाहन की टीम द्वारा पशुपालक के घर पहुंच कर निशुल्क उपचार प्रदान करेगी इस वाहन में तीन कार्मिक कार्य करेंगे शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद उपसभापति अमित जोशी डॉक्टर नीरज चौधरी लक्ष्मण मीणा पशु चिकित्सा सहायक कुमारी ज्योति मीणा एवं सभी कर्मचारी पशुपालक मौजूद रहे।

### मृतका के परिजनों को सहायता राशि स्वीकृत की

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने ऊंचाई से गिरने पर मृतका महिला के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि मृतका मधु बाहेती पत्नी राधेश्याम बाहेती निवासी जोशियों का मोहल्ला पुरानी टोंक तहसील टोंक के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

### 10 को रात्रि चौपाल का आयोजन

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार की ओर से पंचायत समिति मण्डावर की ग्राम पंचायत गढ हिम्मतसिंह में 10 अक्टूबर, गुरूवार को रमण, निरीक्षण एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट एवं सहायक निदेशक लोक सेवाएं मनमोहन मीना ने बताया कि रात्रि चौपाल में साी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे और मौके पर ही आमजन की जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

### कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**कोटपूतली।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में स्थानीय नगर परिषद पार्क में बसपा संस्थापक कांशीराम का 18 वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने दलित वंचित वर्ग की प्रखर आवाज व सामाजिक न्याय के पुरोधा कांशीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान बसपा जिला प्रभारी दीपचंद आर्य, बलवंत सिंह रैवाला, संजय आर्य, गिरिराज आर्य, बनवारी लाल रजक, कृष्ण आर्य, भूपसिंह आर्य, सतीश आर्य, रोशन लाल आर्य, हीरालाल आर्य, इंद्राज सिंह बाल्मिक, सुरेश समेत अन्य मौजूद रहे।

### जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में गुरुवार 10 अक्टूबर को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल ने बताया कि प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जहां सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# निरंतर आगे बढ़ती किशनगढ़बास की रामलीला ने 50 साल पूरे किए



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

■ प्रतिदिन वरिष्ठ कलाकारों एवं जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ जनों का कला मंच की ओर से किया जा रहा है सम्मान

**किशनगढ़ बास।** रामलीला कला मंच की ओर से हर वर्ष शहर में की जाने वाली रामलीला को इस बार 50 साल पूरे हो चुके हैं। यह 50 साल का सफर रामलीला कला मंच सदस्यों के बदलने से लेकर अभिनय का पात्र करने वाली आज की नई पीढ़ी के कलाकारों के बाद भी पुरानी यादों को संभाले निरंतर आगे बढ़ रही रामलीला के सफल आयोजन को लेकर नवीन जैन विकास गोयल सहित युवाओं की टीम लगी है।

बदलते परिवेश और आधुनिक युग में आज भी रामलीला मंच की व्यास गद्दी से रामायण की चौपाई और पर्दे के पीछे से कलाकारों को प्रमोट करने व कलाकारों को वस्त्र देने का कार्य करने वाले भंडारी की परंपरा 50 साल से वही चली आ रही है। बदला है तो सिर्फ उम्र के साथ व्यास गद्दी पर बेठकर रामायण की चौपाई सुनाने वाले और पर्दे के पीछे से कलाकारों को प्रमोट करने व भंडारी के चेहरे बदले हैं। पूरी रामलीला में व्यास गद्दी का और पर्दे के पीछे प्रमोट करने वाले और भंडारी की अहम भूमिका है क्योंकि इन तीनों के बिना बड़े से बड़ा कलाकार भी अधूरा रहता है।

इन 50 साल में रामलीला के अंदर बदला है तो अभिनय करने वालों के चेहरे बदले हैं पोशाक बदली है राजा महाराजाओं के बैठने के लिए सिंहासन बदले हैं। सबसे अहम बात यह है कि उम्र व अन्य परिस्थितियों के कारण अभिनय छोड़ दिया हो फिर भी उनका मार्गदर्शन नए कलाकारों को तैयार करने के लिए बराबर मिल रहा है। इनमें ऐसे भी कलाकार रहे हैं जिन्होंने वर्षों तक अभिनय किया। उसके बाद उनके बेटे ने और अब बेटों के बाद पोते अभिनय कर रहे हैं। रामलीला मंच के अध्यक्ष पद पर रहते खेमचंद यादव बताते हैं कि वह करीब 35 साल से रावण के किरदार की भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य खराब रहने के कारण इस बार रावण का रोल गजेंद्र यादव बेखुबी किए हुए हैं। संस्था के संरक्षक और कला मंच के वरिष्ठ कलाकार उमेश कांत वशिष्ठ और अशोक अग्रवाल अभिनय के साथ-साथ कलाकारों को सहयोग और मार्गदर्शन दिए हुए हैं।

### मोबाइल वेटरनरी सेवा का शुभारंभ

**फुलेरा ।** कस्बे की सांभर सड़क स्थित प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय परिसर में संचालित नोडल कार्यालय पर बुधवार को प्रात: 11 बजे नोडल प्रभारी डॉ. राकेश कुमावत की अध्यक्षता में मोबाइल वेटरनरी सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के रुप में भाजपा नगर अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पार्षद पूजा भाटी, सरदार चौधरी, श्रवण वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, यतेन्द्र झाकड़ा, मदन गढ़वाल, त्रिलोक चन्द भाटी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों का माला पहनना का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के दौरान मोबाइल वेटरनरी वैन प्रभारी व अधिकारियो को माला पहनाकर एवं श्रीफल देकर तथा आगन्तुक अतिथियों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन पशु प्रसार अधिकारी सीताराम नागा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. राकेश कुमावत कहा कि फुलेरा और सांभर के लिए 1962 कॉल पर पशुपालक के घर पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए यह सुविधा चालू की गई है।

### सीता हरण की लीला का हुआ मंचन

**गोविंदगढ़ /अलवर ।** गोविंद गौतम गोविन्दगढ़ कस्बे में गांधी पार्क मैदान में श्री गोविन्द अभिनय समाज की और से चल रही रामलीला में भगवान राम ने पंचवटी पर अपनी कुटिया बनाई और सीताजी का भगवान राम ने श्रंगार किया। रावण की बहिन सुपर्णखा पंचवटी पर पहुंचकर भगवान राम और लक्ष्मण से शादी का प्रस्ताव रखती हैं और प्रस्ताव ठुकराने पर सुपर्णखा अपना असली चेहरा दिखाती हे । जिस पर लक्ष्मण सुपर्नखा की नाक काट देते है इसके बाद भगवान राम से युद्ध में खर दूषण का संहार कर देते है ।और अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने रावण साधु का वेष धारण कर सीताजी का छल से हरण कर लेता है। और कुटिया में सीताजी को नहीं देख भगवान राम विलाप करते हैं भगवान की इस लीला को देखने दूर दराज के गांवो से लोग पहुंचे। कमेटी के अध्यक्ष हरी शंकर रावत ने बताया कि कस्बे में चल रही रामलीला में जनता का विशेष प्यार एवम दुलार मिल रहा है।

# नवरात्री के छठवें दिन पंडालों में उमड़ा माता के भक्तों का सैलाब



सम्मानित करते अतिथिगण।

■ पंडालों में श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में शीश नवाया और समृद्धि की कामना की

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे के ढाणी सुतलिया वाली मे रमेश पंजाबी के बाड़े मे चल रही शारदीय नवरात्रों के छठवें दिन दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर मोहल्ला मैं माता के मंदिर व पंडालों में अटूट श्रद्धा का नजारा देखने को मिला वार्ड के सुरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में शीश नवाया और सुख समृद्धि की कामना की। माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की होड़ लगी रही ।

नवरात्र व दुर्गा पूजा महोत्सव में छठवें दिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जय मां दुर्गा मित्र मंडल के कार्यकर्ता महेश सैनी ने बताया कि यह दुर्गा महोत्सव चौथी बार पंडाल लगाया गया है जिसमें प्रतिदिन शाम होने के बाद महिला, पुरुष, छोटे, में बड़े सभी अपना जल्दी काम निपटा कर मां के दरबार में हाजिरी लगाने को पहुंच जाते हैं। श्याम लाल सैनी व मुकेश सैनी ने बताया कि आरती के समय सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माता रानी के पांडाल धोक लगाकर आशीर्वाद व प्रसाद लेते हैं। कस्बे में जगह-जगह, अंबेडकर पार्क ,हरिजन बस्ती ,जीण माता मंदिर आदि जगह पर प्रतिदिन अलग-अलग झांकियां सजाई जाती है। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का - आयोजन किया जाता है। महा आरती के समय हेमराज यादव, नरेश यादव, दिनेश सैनी, दिनेश कुमावत ,पप्पू सांखला, करण सैनी, अर्जुन सैनी, राजू कुमावत ,अशोक कुमावत, सुरेश सैनी सहित अनेक महिलाएं, पुरुष, बच्चे आदि भक्तों से पंडाल पूरा भर जाता है। इसी प्रकार हांसपुर के गांव डूंगरी वाली ढाणी में श्री दुर्गा मां सेवा समिति हांसपुर मैं 10 वां विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । आयोजकों ने बताया कि शनिवार 11 अक्टूबर को महानवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 8 अक्टूबर को विशाल हनुमान चालीसा पाठ विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल श्रीमाधोपुर के द्वारा किया गया।

# 'बच्चों में हनुमान चालीसा और विजय मंत्र का क्रेज'

**अलवर ।** शिवाजी पार्क रामलीला मैदान में शाम होते ही भजन कीर्तन और जाप शुरू हो जाते हैं। इससे पूरा इलाका राममय हो गया है।

रामलीला प्रवक्ता शिवचरण कमल ने बताया कि शिवाजी पार्क में चल रहे रामलीला महोत्सव ने लोक उत्सव का रूप ले लिया है। यहां रामलीला देखने प्रतिदिन उमड़ रही भक्तों की भीड़ में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की होती है। सांझ होते ही मैदान में लाइट की जगमगाहट के साथ माइक पर हनुमान चालीसा के पाठ और विजय मंत्र के जाप शुरू हो जाते हैं। इससे हर व्यक्ति की जुबां पर श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का जाप चढ़ गया है।रामलीला के कथा व्यास पंडित गौरी शंकर पाराशर की देखरेख में शाम सात बजे से ही रामलीला मैदान में राम रस धारा बहने लग जाती है। रामलीला रात नौ बजे संगीत मय आरती अवध दुलारे की भक्त जन जीवन प्यारे की से प्रारंभ हो जाती है। रामलीला आयोजन में रामचरित मानस प्रसंगों के भाव पूर्ण मंचन के दौरान भी व्यास पीठ से बार बार विजय मंत्र के जाप का आव्हान होता है और दर्शक बच्चों से श्री राम जय जय जय जय राम का उच्चारण कराया जाता है। रामलीला से पहले ग्यारह पाठ हनुमान चालीसा के प्रतिदिन होते हैं। इस दौरान बच्चे मोबइल की दुनिया से दूर होकर राम नाम का जाप करते नजर आते हैं। बच्चों में संस्कार और इस परिवर्तन को देखकर उनके अभिभावक बेहद खुश हैं। अनेक बुजुर्ग लोग अपने पोते नातियों को लेकर शाम होते ही रामलीला मैदान पहुंच जाते हैं यहां वे अपने बच्चों के साथ बैठकर भगवान के भजन में लीन रहते हैं। रामलीला के निर्देशक महेंद्र शर्मा ने बताया कि रामलीला प्रदर्शन के समय आजकल बच्चों में हनुमान जी की सेना में बंदर भालू बनने का बड़ा उत्साह है रामलीला महोत्सव से पहले आयोजित हुई रामलीला की रिहर्सल में आए बच्चों के अलावा बड़ी संख्या में बच्चे इन दिनों जिद करके रोल ले रहे हैं।

रामलीला के निर्देशक और समिति ऐसे बच्चों को हर संभव मंच पर उतारने का प्रयास कर उनमें संस्कार निर्माण का कार्य कर रही है। रोल करने वाले बच्चों में रामलीला को लेकर जितना उत्साह है उससे कहीं ज्यादा दर्शक बच्चों में भी रामलीला देखने को लेकर जोश और जुनून है।रामलीला मैदान में चल रहे इस राम मेले में उमड़ रही दर्शकों की भारी भीड़ सनातन की जड़ों को मजबूत कर रही है। हर दिन आयोजकों को रामभक्तों को बैठाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है। रामलीला परिवार के अध्यक्ष श्याम शर्मा ने बताया कि यह परम सौभाग्य है कि राम भक्तों की सेवा का अवसर मिल रहा है। रामलीला देखने और रोल करने आ रहे बच्चों को कई घण्टे मोबइल फोन से निजात मिलना भी एक सुखद अहसास है।

रामलीला मंचन में आज अंगद जब लंका से वापिस सुमेल पर्वत पर श्री राम के चरणों मे नमन करते है तो रामादल में श्री राम की जय जयकार होने लगती है। राम अपने सबसे वयोवृद्ध सलाहकार जामवंत से कहते हैं कि मैं एक विजय यज्ञ करना चाहता हूँ अत: वैष्णव होने के नाते किसी वैष्णव पुरोहित के द्वारा यज्ञ हो तो जामवंत कहते हैं कि पुरोहित तो रावण जैसे प्रकाण्ड पण्डित से अच्छा कोई नही किंतु वह अपना निवेदन स्वीकार नही करेगा तब राम एक बार उनसे पूछने के लिए जामवंत जी को भेजते हैं ज्योहि रावण को अपने दादा पुलिस्त मुनि के मित्र के आने की सूचना मिलती है तो वह अपने सभी सभासदों व सैनिकों को उनको नमन करने की आज्ञा देता है व स्वंय द्वार पर जाकर उनके चरण स्पर्श कर पितामह कहकर आदरपूर्वक उनके आने का प्रयोजन पूछता है।

# 'पशुपालकों के बकाया अनुदान का भुगतान करें सरकार'

■ शाहपुरा विधायक ने योजना के तहत प्रदेश के पशुपालकों के बकाया अनुदान का भुगतान करने लिए के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**शाहपुरा न्यूज।** शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने प्रदेश के लगभग 5 लाख पशुपालकों के मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 8 माह के बकाया चल रहे लगभग 300 करोड रूपये के अनुदान का भुगतान करवाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

विधायक यादव ने कहा कि हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि कार्यो एवं पशुपालन पर निर्भर करती है, तथा कृषि के उपरान्त पशुपालन ही जीविकोपार्जन का सामान्य साधन है। प्रदेश का अधिकांश क्षेत्र शुष्क अथवा अर्द्ध प्रदेश है, परन्तु फिर भी प्रदेश में बड़ी संख्या में पशुपालन किया जाता है। देश में कुल दुग्ध उत्पादन में प्रदेश का लगभग 15 प्रतिशत योगदान है तथा इसके साथ ही प्रदेश में निर्धनता उन्मूलन में भी पशुपालन की महत्ती भूमिका रही है। पशुपालकों के परिवार का जीविकोपार्जन, बच्चों की पढाई व पालन पोषण भी सामान्यत: पशुपालन पर निर्भर रहता है।

विधायक ने कहां कि प्रदेश में पशुपालन को बढावा देने के लिए बजट वर्ष 2013-14 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना जिसके तहत पशुपालकों को सहकारी दुग्ध उत्पादक संघों में दूध की सप्लाई करने पर 2 रूपये प्रतिलीटर का अनुदान दिया जाता था, जिसे तत्पश्चात तत्कालीन बीजेपी सरकार द्वारा बंद कर दिया गया था, लेकिन 01 फरवरी 2019 को पुन: तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शुरू किया तथा बजट वर्ष 2022-23 में अनुदान को 2 रूपये से बढाकर 5 रूपये प्रतिलीटर भी किया गया था। परन्तु जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से पशुपालकों का अनुदान बकाया चल रहा है। विधायक ने कहा कि प्रदेश में पेयजल व सिंचाई के पानी की बहुत विकट समस्या है, जिसके कारण सामान्यत कृषि भी मानसून पर आधारित है। प्रदेश के किसानों व पशुपालकों को सरकार के साथ ही प्रकृति की मार भी झेलनी पड रही है।

# 'योजनाबद्ध विकास के लिए तैयार की गई कार्य योजना को अमल में लाए'



जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास की अध्यक्ष डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में नगर विकास न्यास की बैठक आयोजित हुई।

■ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में नगर विकास न्यास की बैठक आयोजित

**अलवर ।** जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास की अध्यक्ष डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में नगर विकास न्यास की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बिन्दुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि शहर के विकास हेतु योजनाबद्ध रूप से कार्य योजना के अनुरूप कार्य करें। साथ ही विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे।

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिन्दुवार विचार-विमर्श कर 3 बेबी केयर सेन्टर निर्माण सहित आधारभूत संरचना विकास कार्यों हेतु करीब 40 करोड रूपये के विकास कार्य कराए जाने, शहर के सुनियोजित विकास हेतु ग्राम ढाढोली, बहाला एवं सांखला में न्यास के नाम दर्ज रिक्त भूमि पर आवासीय योजनाएं विकसित किए जाने, बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन जिनमें पीएम-500 ई-बसों हेतु पार्किंग, इंफस्ट्रक्चर, शेड, कार्यालय एवं अन्य सुविधाओं हेतु ग्राम बहाला में 13000 वर्ग मीटर भूमि, विज्ञान नगर में विज्ञान केंद्र की स्थापना हेतु 2 हैक्टेयर भूमि, शिवाजी पार्क में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु 3500 वर्गमीटर भूमि नि:शुल्क आवंटन कराने, नगर निगम द्वारा सीएण्डी वेस्ट प्लॉट स्थापित करने हेतु ग्राम अग्यारा में कुल 18000 वर्गमीटर भूमि तथा नव सृजित पहाडी का बास ग्राम बहाला में प्राथमिक विद्यालय हेतु 1500 वर्गमीटर भूमि नि:शुल्क आवंटन करने, अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति को बालिका छात्रावास हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाने तथा नगर विकास न्यास की विभिन्न योजनाओं, गैर योजनाओं, कृषि भूमि के आरक्षित दरों का पुन: निर्धारण किए जाने के निर्णय लिए गए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि नगर विकास न्यास की विभिन्न योजनाओं में पेयजल की सुनिश्तिता किए जाने हेतु यथाशीघ्र डीपीआर तैयार करे।

उन्होंने यूआईटी सचिव को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से शहर का सौन्दर्यकरण व विकास कराया जाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रारम्भिक चरण में यूआईटी की हर स्कीम के एक-एक पार्क को 'वेस्ट टू आर्ट' थीम पर अनुपयोगी सामग्री से पार्कों में आकर्षक कलाकृतियां लगवाई जाए, नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहर में तीन साइकिल ट्रैक विकसित किए जाने हेतु उपयुक्त स्थान का चयन कर रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

### सेवानिवृत सैनिक के निधन पर शोक व्यक्त किया

**सावरदा ।** रिटायर्ड फौजी का निधन: भारत-पाकिस्तान का युद्ध लड़ने वाले रिटायर्ड फौजी ठाकुर मानसिंह खंगारोत नहीं रहे । मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत सावरदा निवासी रिटायर्ड फौजी ठाकुर मानसिंह खंगारोत का मंगलवार क अल सुबह बिमारी के चलते निधन हो गया। मंगलवार को उनके पैतृक गांव में अंतिम यात्रा निकाली गई। ठाकुर मानसिंह ने 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपनी वीरता का अदम्य परिचय दिया था ।

खंगारोत का निधन हो जाने पर मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा में काफी लोग शामिल हुए। उनके पुत्र दुर्गासिंह, महेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 1963 में सेना में पोस्टिंग हुई। उन्होंने 1965 की लड़ाई वीरता पूर्वक लड़ी और अदम्य साहस का परिचय दिया। इसके बाद खंगारोत ने 1971 की जंग में भी अपना योगदान दिया। खंगारोत लद्दाख जैसे दुर्गम इलाके में भी तैनात रहे थे ।इसके साथ ही असम , भरतपुर मे भी सेवाएं दी। उन्हें अपनी सेवा के दौरान समरसेवा पदक , पूर्वी स्टार पदक से सम्मानित किया गया था।

## सार-समाचार

### भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**निवाई।** बाईपास पर स्थित ललवाडी मोड पर खंडार विधायक व प्रदेश महामंत्री जितेंदर गोठव का भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए जनसमास्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान विधायक व प्रदेश महामंत्री जितेंदर गोठवाल ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई है। जिसकी भाजपा के कार्यकर्ताओं को बधाई देते मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर शंकरलाल, लक्ष्मी नारायण, शंकरलाल सैनी, मुरारीलाल शर्मा, सत्यनारायण, रामनारायण, गजानद सैनी, सीताराम, दुर्गालाल सैनी, रामजीलाल मीणा, बाबूलाल मीणा व अशोक पारीक सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### लंका दहन मंचन का आयोजन

**चाकसू,** (निसं)। रामकला मंडल के तत्वावधान में चाकसू में आयोजित रामलीला के दौरान आज लंका दहन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे और उन्होंने इस पावन आयोजन में भाग लिया।रामकला मंडल द्वारा आयोजित रामलीला में लंका दहन का मंचन किया गया, जिसमें हनुमान जी द्वारा रावण की लंका के विनाश का अभिनय किया गया। रामलीला में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण के चरित्रों का अभिनय किया गया।आयोजन में स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।आयोजित रामलीला का शुभारम्भ मा सीता की खोज से हुई जिसमें हनुमान जी को शक्तियां याद दिलाने पर लंका गए जहाँ बीच समुद्र में अनेक पड़ाव को पर किया लंका पहुचने के बाद मे सीता का आशीर्वाद लेकर लंका में हनुमान जी ने तबाही मचाई तो लंकापति रावण के आदेश पर मेघनाद ने बंदी बनाकर पूछ में आग लगाई तो उस आग से हनुमान जी के लंका जलाने का जो सजीव कला का प्रदर्शन किया वह चकसुवासियो के मन को भाया। लंका दहन के बाद आतिशबाजी का आयोजन किया गया। रामकला मंडल के चंद्र प्रकाश शर्मा,भंवर ज्ञानी, रामकिशोर शर्मा,कन्हैया लाल सैनी, राजेश अग्रवाल,पंकज अग्रवाल, विक्रम कुमार गर्ग,उमेश कुमार तिवाडी,रोहित सेन, मोहित अग्रवाल, सुमित प्रजापति, विशालसैनी, अभिनवशर्मा, शिवमज्ञानी आदि सदस्यों द्वारा आयोजित रामलीला में हनुमान जी द्वारा सीता माता की खोज करते हुए लंका पहुचने के बाद बंधी बनाने और उसके बाद पूंछ में आग लगाने के बाद जो लंका का विनाश किया उसका खूबसूरत मंचन किया गया।रामकला मंडल के अध्यक्ष उमेश तिवाड़ी ने कहा कि यह आयोजन हर साल की तरह इस साल भी बहुत ही अच्छी तरह से आयोजित किया गया। उन्होंने इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई

**खाटूश्यामजी ।** वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी स्व.मदन पुजारी की 20वीं पुण्यतिथि खाटूश्यामजी में शीश के दानी मंदिर के पुजारी श्याम दास महाराज के सानिध्य में श्रंद्धाजलि सभा आयोजित कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। समाजसेवी स्व.पुजारी के सुपुत्र पवन पुजारी सहित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष के ओएसडी प्रमोद शर्मा ने कहा कि स्व.पुजारी के मूल्य,आदर्श व संवेदनशीलता हमेशा प्रेरणा देती है।उनके जीवन से सीखते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व बैंक प्रबंधक हरिप्रसाद चंदनिया ने कहा कि स्व. पुजारी का जीवन हमेशा लोगों को प्रेरणा देता है।उनके जीवन का संघर्ष,निर्णय क्षमता,सादगी वो समाज के प्रति सेवा का भाव हमेशा हमें प्रेरणा देता है।वक्ता राजेन्द्र सरोज ने कविता वाह रे मदन पुजारी के माध्यम से पुजारी की सम्पूर्ण जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। बाबूलाल हल्दुनिया ने कहा कि स्व.पुजारी ने हर चुनौती का मुकाबला किया और आगे बढ़ते हुए देखा है। पुजारी का सेवा व समर्पण का भाव अद्वितीय रहा है।इस दौरान खाटूधाम व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुरेश हरनाथका,बाय सरपंच मुकेश खांडल,रामगोपाल सुंदरियां,हनुमान कुमावत,कृष्ण कुमार शर्मा,राकेश रामूका, सुरेश शर्मा,योगेश सोनी, दीपेंद्र कौशिक, गौरीशंकर मीणा,शंकर बलोदा,नेमीचंद सामरिया, भगवान सहाय शर्मा, गौरीशंकर जोशी,मनीष योगी, केदारमल जांगिड़ विनोद सोनी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### डाक दिवस के महत्व की जानकारी दी

**सांभरझील,** (निसं)। यहां सांभर मुख्य डाकघर में पोस्टमास्टर कुलदीप कुमावत के सानिध्य में समस्त स्टाफ की ओर से विश्व डाक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। पोस्ट मास्टर कुमावत ने बताया कि लोगों को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की स्थापना का जश्न मनाया जाता है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय मेल सेवाओं को सरल बनाने और देशों के बीच सुचारू मेल आदान-प्रदान की सुविधा के लिए एकीकृत डाक प्रणाली बनाने के लिए स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे बड़े डाक नेटवर्क के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए मेल पार्सल, मनी ट्रांसफर, बैंकिंग, बीमा और खुदरा सेवाओं को गति और विश्वसनीयता के साथ प्रदान करना प्रमुख उद्देश्य है । इस मौके पर सहायक डाकपाल रामकुमार उपाध्याय, कृष्ण लाल मीणा, अनिल कुमार शर्मा, फतेह सिंह, कमल कांत शर्मा, छोटेलाल बैरवा, यादराम, डाक वितरक रवि कुमार व वसीम अन्य ग्राहकों की भी मौजूदगी रही।

### शताब्दी समारोह मनाया

**निवाई/गुंसी ।** जैन धर्म के प्रथमाचार्य आचार्य शांतिसागर महाराज के शताब्दी वर्ष महोत्सव के चलते सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ सानिध्य में पौधारोपण किया गया। जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने गुलमोहर व धनिया का पौधा लगाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं अध्यक्षता हितेश छाबड़ा एवं विशिष्ट अतिथि संयोजक विमल जौंला एवं संजय सोगानी रहे। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने गुरु मां को श्रीफल चढाकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का मंगलाचरण विमल पाटनी, शकुंतला छाबड़ा, शशी सोगानी, वंशिका छाबड़ा एवं अवनी जैन ने किया। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने आचार्य शांतिसागर महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर अभिषेक किए।

### संगीतमय कथा का आयोजन संपन्न

**चाकसू,** (निसं) कच्छावा वंश की कुलदेवी श्री जमवाय माता की संगीतमय कथा का आयोजन संपन्न हुआ।ग्राम हिंगोनिया चाकसू निवासी राजपूत सरदार अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया एडवोकेट ने बताया कि दिनांक 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2024 को गांव रूण्डल (आमेर) जयपुर में किया गया।इस दौरान विश्व प्रसिद्ध करणी कथा वाचक महंत डॉक्टर करणी प्रताप एमबीबीएस और भजन प्रवाहक किन्नू बन्ना के द्वारा रुण्डल की पावन धारा पर श्री जमवाय माता की संगीतमय कथा का गुणगान किया गया। जिसमें भवर कंवर, कसेरी कंवर,उमा कंवर, विनोद कंवर, विनोद कंवर, अच्छन कंवर सहित चाकू विधानसभा से कई भक्तगण कुलदेवी जमवाय माता की कथा के समापन समारोह व आरती में शामिल हुए।यह कथा समस्त रूण्डल गांव और टिंकू बन्ना रूण्डल के निमंत्रण पर चाकसू राजपूत सरदार गांव रूण्डल पहुंचे। इस दौरान समाज के कई समाजसेवियों का जमवाय माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया।

### जनसुनवाई का आयोजन

**दौसा।** राज्य सरकार के निर्देश पर गुरुवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जावेगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट एवं सहायक निदेशक लोक सेवाएं मनमोहन मीना ने बताया कि जिले में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 10 अक्टूबर, गुरूवार को उपखण्ड मुख्यालयों पर किया जाएगा। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार उपखण्ड लवाण एवं नांगल राजावतान में जनसुनवाई में ाग लेंगे एवं उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में साी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर मौके पर ही आमजन की जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण करेंगे।




खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई।
– दीपा कर्माकर

खेलमंत्री मनसुख मांडविया, दीपा कर्माकर के खेल को अलविदा कहने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## ईशान किशन



**भारतीय** बल्लेबाज ईशान किशन की झारखंड रणजी टीम में कप्तान के रूप में वापसी हुई जिन्हें पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। दिसंबर 2022 में ऋषभ पंत की सड़क दुर्घटना के बाद भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से शामिल हुए ईशान ने पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद उन्होंने बीसीसीआई के किसी भी आधिकारिक मैच में हिस्सा नहीं लिया जबकि बोर्ड ने खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर जोर दिया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** 19वीं सदी तक बॉक्सिंग को हिंसक खेल माना जाता था और इस पेशेवर खेल से प्रतिबंध 1901 में हटा।

## एशियाई टेटे चैम्पियनशिप : भारतीय पुरुष टीम ने लगातार तीसरा पदक सुनिश्चित किया, महिला टीम को कांस्य



नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान को 3-1 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा पदक पक्का कर लिया। पुरुषों की टीम स्पर्धा में पदक तब सुनिश्चित हुआ जब महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से हार गई और उसे पहली बार कांस्य पदक मिला।

पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में विश्व के 60वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने कजाखस्तान के शीर्ष रैंकिंग के विश्व के 41वें नंबर के खिलाड़ी किरिल गेरासिमेंको को 3-0 (11-9, 11-7, 11-6) से हराकर उलटफेर किया। कजाखस्तान के एलन कुरमंगलियेव (विश्व रैंकिंग 183) ने अपनी टीम को वापसी दिलाते हुए हरमीत देसाई को 3-0 (11-6, 11-5, 11-8) से हराया और मैच को 1-1 से बराबर कर दिया।

भारत के दिग्गज खिलाड़ी अनुभवी शरत कमल ने तीसरे मैच में ऐडोस केंजिगुलोव को 3-0 (11-4, 11-7, 12-10) से आसानी से हराया और भारत की बढ़त 2-1 हो गई। हरमीत ने चौथे मैच में गेरासिमेंको को हराकर भारत की जीत तय की। अस्थिर शुरुआत के बाद विश्व के 91वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत ने अपने पैर जमाए। उन्होंने दूसरे और चौथे गेम जीतने के बाद पांचवें गेम में 6-1 की बढ़त बनाई।

गेरासिमेंको ने वापसी की कोशिश की लेकिन हरमीत ने पांचवां और निर्णायक गेम जीतकर भारत को सेमीफाइनल में जगह दिलाई। भारत की पुरुष टीम ने 2023 और 2021 में पिछले दो सत्र में कांस्य पदक जीता था। भारत ने इस जीत के साथ एशियाई चैंपियनशिप में अपना सातवां पदक सुनिश्चित किया। भारत गुरुवार को सेमीफाइनल में चीनी ताइपे और जापान के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से खेलेगा।इससे पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है।

भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी के खिलाफ जापान की मिमा इतो ने 11-9, 11-4, 15-13 से जीत दर्ज की। दी। मिमा ने इसके बाद मनिका को 11-6, 6-11, 11-2, 11-3 से हराकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## बुमराह को पछाड़ सकते हैं ये दो खिलाड़ी

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। भारत-बांग्लादेश के बीच दूसरा टी20 मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को खेला जाएगा। ग्वालियर में पहला मैच जीतकर भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। हालांकि, अरुण जेटली स्टेडियम में उसे 7 साल से जीत का इंतजार है। बांग्लादेश ने भारत के केवल एक टी20 में हराया है। उसे जीत दिल्ली में ही मिली थी। इस जीत को भले ही 5 साल हो गया हो, लेकिन नजमुल हसन शंतो की टीम वापसी करना चाहेगी।ग्वालियर में भारत के लिए अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन अच्छा रहा था। उन्होंने 3 विकेट लिए थे। हार्दिक पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था। 16 गेंद पर 39 रन ठोके थे और 1 विकेट लिया था। अर्शदीप और हार्दिक के पास टी20 में भारत के लिए सबसे ज्याद विकेट लेने के मामले में जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ने का मौका है। हार्दिक पंड्या के 87 विकेट हैं। वहीं, अर्शदीप के 86 विकेट हैं।

# भारत ने 86 रन से जीता दूसरा टी-20

### नीतीश रेड्डी ने 74 रन बनाए और 2 विकेट भी लिये, बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से भारत आगे



नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। भारत ने नई दिल्ली में बांग्लादेश को 86 रन से दूसरा टी-20 हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सका। भारत से नीतीश रेड्डी ने 34 गेंद पर 74 रन बनाए, उन्होंने फिर बॉलिंग से 2 विकेट भी लिए।

रेड्डी को ही प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वरुण चक्रवर्ती ने भी 2 विकेट लिए। बांग्लादेश से महमूदुल्लाह ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। दूसरा मुकाबला जीतकर भारत ने 3 टी-20 की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरा मुकाबला 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।

221 रन के टारगेट के सामने बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सका। टीम से महमूदुल्लाह ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। परवेज हसन इमोन ने 16, मेहदी हसन मिराज ने 16, लिटन दास ने 14 और नजमुल हुसैन शांतो ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन से ज्यादा का आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से नीतीश रेड्डी और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। जबकि मयंक यादव, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह और अभिषेक शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

## आईसीसी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अर्शदीप सिंह ने पहली बार टॉप-10 में जगह बनाई

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाते हुए आठवें पायदान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने पिछले रविवार को ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। वह 642 रेटिंग अंकों के साथ आठ पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''ताजा रैंकिंग अपडेट में अर्शदीप को भी काफी फायदा हुआ है, बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने टी20 गेंदबाजों की अपडेट की गई सूची में आठ पायदान की छलांग लगाई है और बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है।'' बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन की पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गए।

इस शीर्ष भारतीय ऑलराउंडर ने 26 रन देकर एक विकेट भी चटकाया और ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दूसरे स्थान पर हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर आ गए। उन्हें पाकिस्तान के बाबर आजम ने पीछे छोड़ दिया।

जायसवाल बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। वाशिंगटन सुंदर ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह टी20 गेंदबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# महिला टी-20 विश्वकप : द. अफ्रीका ने स्कॉटलैंड को 80 रनों से हराया



दुबई, 9 अक्टूबर। मैरीजान कप्प (43), तेज़मिन ब्रिट्स (43) और लॉरा वुलफार्ट (40) रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने हुए बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 80 रनों से हरा दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने 27 गेंदों में पांच चौकों एवं एक छक्के की मदद से (40) रन बनाए जबकि तेजमिन ब्रिटस ने 35 गेंदों का सामना कर पांच चौकों एवं एक छक्के की मदद से (43) रनों का योगदान दिया। वुलफार्ट को फ्रेजर ने बेल के हाथों कैच आउट कराया जबकि ब्रिटस को बेल ने ब्राइस के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद मैरीजान कप्प ने 24 गेंदों में धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए (43) रन बना दिए। काप ने इस दौरान छह चौके लगाए। काप को ब्राइस ने कार्टर के हाथों कैच आउट कराया। सुने लूस ने मैच के अंतिम क्षणों में 13 गेंदों का सामना करते हुए दो चौकों की मदद से (नाबाद 18) रन बनाए। उनके साथ अनरी डर्कसन एक रन बनाकर नाबाद रही।

स्कॉटलैंड की ओर से स्लेटर, ब्राइस, बेल, फ्रेजर एवं कार्टर ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी स्कॉटलैंड टीम शुरु से ही दबाव में रही। अभी टीम का स्कोर 14 रन पहुंचा था कि खाका ने सलामी बल्लेबाज सस्किया हॉली (छह) को ब्रिटस के हाथों कैच आउट कराकर स्कॉटलैंड को पहला झटका दे दिया। दो रन बाद ही ट्राइऑन ने सेरा ब्राइस (05) को अपनी ही गेंद पर खुद ने कैच लेकर वापस पैवेलियन भेज दिया। इसके बाद नियमित अंतराल पर स्कॉटलैंड के विकेट गिरते गए। स्कॉटलैंड की ओर से केवल दो बल्लेबाज एयलसा लिस्टर (12) एवं कैथरीन फ्रेजर (14) दहाई संख्या में पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए स्कॉटलैंड की पूरी टीम 17.5 ओवर में 86 पर समेट कर 80 रनों से मुकाबला जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से नोनकुललेको ग्लाबा ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए जबककि क्लोई ट्राइऑन, नडीन डी क्लर्क ने दो-दो तथा अयाबोंगा खाका, सुने लूस एवं अनरी डर्कसन ने एक एक विकेट लिया।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने श्रीलंका को 82 रन से हराया



दुबई, 9 अक्टूबर। भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को श्रीलंका को 82 रन से हरा दिया। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। भारत ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 172 रन बनाए और श्रीलंका को 173 रन का टारगेट दिया। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत का 98 रन पर पहला विकेट गिरा। स्मृति मंधाना को कंचना और अट्टापट्टू ने रन आउट किया। वह 38 गेंदों में 50 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटीं। भारत की ओपनर शेफाली वर्मा भी आउट हो गई है। उन्हें चामरी अट्टापट्टू ने गुणारत्ने के हाथों कैच कराया। वह 40 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुईं। 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर उदेशिका प्रबोधनी ने अमा कंचना के हाथों कैच करा कर जेमिमा रोड्रिग्ज को पवेलियन भेजा।

## स्टर्नहेगन भावनगर पोलो ट्रॉफी : वी पोलो और आरपीसी/कैवेलरी के बीच मैच आज

जयपुर, 9 अक्टूबर। स्टर्नहेगन भावनगर पोलो ट्रॉफी (08 गोल) टूर्नामेंट में रामबाग पोलो मैदान पर वी पोलो ओर आरपीसी/कैवेलरी के बीच शाम4.30 बजे मैच खेला जाएगा। वी पोलो टीम की ओर से निमित मेहता, गौरव सहगल, अंगद कलान, गेरार्डो माज़िनी खेलेंगे वहीं आरपीसी/कैवेलरी में कैप्टन एआरएस वाररिच, लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान, रणशेय पुरोहित, गोंज़ालो यनज़ोन खेलेंगे।

## डीपीएल में वाटिका की धमाकेदार जीत

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार को पहली लीग की विजेता वाटिका एफसी ने पिछड़ने के बाद फ्रेंड्स यूनाइटेड को छकाते हुए 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज की। आज यहां अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गये इस मैच में विजेता वाटिका एफसी के लिए कुशाग्र कक्कड़ और अभिषेक बाक्सला ने दमदार गोल जमाए। वहीं दिन के पहले मुकाबले में सीआईएसएफ ने सुदेवा एफसी को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर अंक बांटे।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए इस दिन ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी टीम इंडिया



### 14 अक्टूबर के बाद भारत-ए टीम का चयन

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। नवंबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी का आगाज होगा। इस ट्रॉफी में दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे जो की 22 नवंबर से शुरू होंगे। खबर के मुताबिक, भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए कम से कम दो सप्ताह पहले यानी नवंबर के पहले हफ्ते में ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। दरअसल, रोहित शर्मा ब्रिगेड अपनी ए टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ एक या दो इंट्रा स्क्वॉड अभ्यास मैच खेलेगी।बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर टेस्ट सीरीज खेलनी है। जिसके बाद भारतीय टेस्ट टीम मुंबई से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम का चयन रणजी ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होगा। बीसीसीआई की चयन समिति अगले सप्ताह भारत की अंडर-25 टीम का भी चनय करेगी। इंडिया अंडर-25 टीम मस्कट में खेले जाने वाले एमर्जिंग एशिया कप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड साउथ अफ्रीका के पिछले दौरे की तरह ऑस्ट्रेलिया में भी भारत और भारत ए के बीच चार दिवसीय मैच का आयोजन कर सकता है।

## अंडर-19 टीम : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पारी, 120 रन से हराया और सीरीज भी जीती

चेन्नई, 9 अक्टूबर। अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीत लिया है। इसी के भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली है। मैंच में शानदार गेंदबाजी नौ विकेट लेने वाले अनमोलजीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत की घातक गेंदबाजी का आलम यह था कि बुधवार को दिन ऑस्ट्रेलिया के रिकार्ड 17 विकेट गिरे।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओकॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया । ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया।

## पाकिस्तान में 69 साल बाद विदेशी खिलाड़ी ने किया कमाल, हैरी ब्रूक ने जड़ा शतक का चौका



नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। मुल्तान में खेला जा रहा पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट पाकिस्तान के हाथ से निकलता हुआ दिख रहा है। बांग्लादेश के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को दिन में तारे दिखा दिए हैं। वहीं पहले टेस्ट मैच में हैरी ब्रूक ने शतकीय पारी से रिकॉर्ड्स की लाइन लगा दी है। ब्रूक ने न सिर्फ शतक लगाया बल्कि वह कारनामा कर दिखाया जो कि पिछले 69 सालों में किसी ने नहीं किया।

हैरी ब्रूक ने मुल्तान टेस्ट के तीसरे दिन शतक जड़ा। तीसरे दिन स्टंप्स तक उन्होंने 173 गेंदों में 141 रन बनाए थे। ये हैरी ब्रूक का पाकिस्तान लगातार चौथे टेस्ट में शतक जमाया था। उन्होंने इससे पहले साल 2022 में कराची और मुल्तान में शतक ठोका था। हैरी ब्रूक का ये 6 पारियों में चौथा शतक है। वह पाकिस्तान के खिलाफ उसकी जमीन पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी है। वहीं पाकिस्तान के 69 साल के टेस्ट क्रिकेट में पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार चार शतक जमाए हैं। 50वें ओवर में बेन डकेट ने 84 रन बनाकर अपना विकेट गंवाया था। उनके बाद ब्रूक बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरे और आते ही उन्होंने स्कोरबोर्ड को तेजी से आगे बढ़ाना शुरू कर दिया था।

### जो रूट ने जड़ा 35वां टेस्ट शतक, गावस्कर-लारा समेत चार खिलाड़ी को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीचमुल्तान में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस टेस्ट में खूब रन बन रहे हैं, जहां पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए वहीं अब इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने रन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस बीच इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट का बल्ला पाकिस्तान में भी खूब बोल रहा है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 35वां शतक जड़ा है और अब वह टेस्ट क्रिकेट में छटे सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को बेहतरीन पारी खेलकर इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक के मामले में लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर और ब्रायन लारा समेत 4 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है।

## स्टेट स्नूकर में अमित जैन, दीपक करवा, शंटी सेमीफाइनल में



जयपुर, 9 अक्टूबर। मुरारी श्री मुरारी मेघानी स्मृति स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप में आज अमित जैन, दीपक करवा, शंटी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया वही अजमेर केआविश कामरान ने प्री क्वार्टर फाइनल में सौरव जोहरी को 69-0 8, 23-55, 66-20 ,66-11 के संघर्षपूर्ण मैच में, हरा क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया वहीं धीरज नाचनी ने मोहम्मद यूसुफ को 51-45, 70-20, 45 -56 72-48 से हराया दीपक करवा ने प्री क्वार्टर फाइनल में निपुण तोमर को 71- 56, 87-18, 85- 50 से हराया। आयोजन सचिव कुणाल मनचंदा के अनुसार आज खेले गए क्वार्टर फाइनल में शंटी ने डॉक्टर धीरज को अमित जैन ने आदित्य गोयंका को और दीपक करवा ने धीरज नाचनी को हरा सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल पाक में नहीं दुबई में होगा

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में होना है। भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने को लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पहले ही साफ-साफ इनकार कर दिया है और हाइब्रिड मॉडल के तहत टूर्नामेंट खेले जाने को लेकर मांग की है। वहीं इस बीच टेलीग्राफ यूके की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान से बाहर कराए जा सकते हैं। अगर भारतीय टीम फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई तो इसे भी बाहर ही कराया जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान में अगले साल आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के पाकिस्तान जाने को लेकर चर्चा काफी तेजी से हो रही है।

## शिक्षा जैन का शानदार प्रदर्शन, यूएस किड्स गोल्फ इंडिया टूर 2024 में किया अंडर-2 स्कोर का कमाल, गोल्ड मेडल अपने नाम किया



जयपुर, 9 अक्टूबर। यूएस किड्स गोल्फ इंडिया टूर 2024 के तीसरे मैच में उभरती हुई गोल्फ स्टार शिक्षा जैन ने शानदार खेल दिखाते हुए अंडर-2 स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीत लिया। यह मैच एशिया के बेहतरीन गोल्फ कोर्सों में से एक, आईटीसी गोल्फ कोर्स में हुआ, जहाँ शिक्षा ने 6 बर्डी और 1 ईगल मारते हुए अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया और अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। यूएस किड्स गोल्फ इंडिया टूर युवा गोल्फर्स के लिए एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है, जिसमें देश भर से युवा प्रतिभाएं अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करती हैं। शिक्षा जैन, जो पहले से ही गोल्फ जगत की उभरती हुई खिलाड़ी मानी जाती हैं, ने आज अपने जबरदस्त खेल से सभी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए बेहतरीन स्कोर किया। उनकी रणनीतिक खेल की सोच, मानसिक मजबूती, और सटीकता ने उन्हें बाकी खिलाड़ियों से आगे कर दिया।

उपविजेता कृति पारेख ने भी शानदार खेलते हुए 1 ओवर स्कोर किया, लेकिन शिक्षा जैन ने अपने अंडर-2 स्कोर और गोल्ड मेडल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। आईटीसी गोल्फ कोर्स, जो अपने चुनौतीपूर्ण लेआउट के लिए जाना जाता है, में शिक्षा की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि वह न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी कितनी मजबूत और तैयार हैं। शिक्षा जैन की इस अद्भुत जीत ने गोल्फ प्रेमियों में उत्साह भर दिया है और यह दर्शाता है कि वह भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

आज का उनका प्रदर्शन न केवल उनकी प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि वह गोल्फ जगत में अपने आप को स्थापित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यूएस किड्स गोल्फ इंडिया टूर 2024 के बाकी मैचों में सभी की निगाहें अब शिक्षा पर होंगी, यह देखने के लिए कि वह अपनी इस शानदार फॉर्म को कैसे बनाए रखती हैं। शिक्षा जैन की इस उपलब्धि ने उन्हें युवा गोल्फरों में एक प्रेरणा के रूप में स्थापित किया है, और उनके इस गोल्ड मेडल जीतने से यह स्पष्ट है कि वह भारतीय गोल्फ की भविष्य की चमकती सितारा बन चुकी हैं।

## राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला प्रतियोगिता में दो मैच आज

जयपुर, 9 अक्टूबर। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जारी 29 वी राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में मंगलवार को दो मैच खेले जाएंगे, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की सुबह आठ बजे होने वाले मैच में पंजाब का मुकाबला छतीसगढ़ से तथा दोपहर को साढ़े तीन बजे मेजबान राजस्थान का मुकाबला उत्तराखंड से होगा। राजस्थान फुटबॉल संघ महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टाक ने बताया की ये दोनों ग्रुप डी के अंतिम मैच है। रविवार से शुरू हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा युवा मामले एवं खेल विभाग सचिव नीरज के पवन ने किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को डूंगरपुर में चौरासी व सलुम्बर उपचुनावों के संदर्भ में भाजपा कार्यकर्त्ताओं की बैठक ली तथा जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। डूंगरपुर पहुँचने पर पुलिस लाइन हैलीपैड पर उनका स्वागत किया गया व गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।*

# जिन्होंने युवाओं को आँसू देने का काम किया है उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा: भजनलाल शर्मा

## डूंगरपुर में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश विरोधी बात करने वाले को नहीं बख्शा जायेगा

डूंगरपुर, 9 अक्टूबर (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान, चौरासी व सलूम्बर विधान सभा क्षेत्र के आगामी उप चुनावों को लेकर मण्डल स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा, इन दोनों उप चुनावों में पार्टी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग के साथ काम करते हुए जीत सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र की जनता को विकास के मूलमंत्र के साथ जोड़ा जा सके।

गुरुकुल पी.जी. कॉलेज में आयोजित इस बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि केन्द्र व राज्य में सत्ता हमारी होने के कारण कार्यकर्ताओं की भावनाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। साथ ही, उन्होंने चेतावनी भी दी कि देश विरोधी बात

**■ मुख्यमंत्री ने उदयपुर संभाग की आदिवासी बैल्ट, चौरासी व सलुम्बर में होने वाले विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की जीत के बारे में पार्टी कार्यकर्त्ताओं से फीडबैक लिया।**

करने वाले किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जायेगा और ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने राज्य के युवाओं को आंसू देने का काम किया है, उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा, युवा अपने भविष्य के प्रति निराश न हों। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ें एवं आगामी उप चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चि करें, ताकि विकास यात्रा को अनवरत गति से जारी रखा जा सके। इस दौरान, दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मण्डल कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने समस्याएं सुनीं तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

बुधवार दोपहर को डूंगरपुर के दौरे पर पुलिस लाइन हेलीपेड पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद बोरी में गुरुकुल कॉलेज में चौरासी और सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री ने बंद कमरे में मंत्रणा की तथा कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। इस यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी थे। पुलिस लाइन हेलीपेड पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, सागवाड़ा विधायक शंकर डेचा सहित भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। गुरुकुल कॉलेज में श्रीचंद कृपलानी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह समेत कई नेताओं ने उपरणा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री भाजपा की संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। कॉलेज परिसर के हॉल में डूंगरपुर के चौरासी और सलूंबर विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विस्तारक मौजूद थे।

## बॉर्डर पर 2,280 किलोमीटर सड़क बनेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में 2,280 किलोमीटर सड़क बनाने की मंजूरी दे दी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए यह मंजूरी दी गई है। इस पर 4,406 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

**■ केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 4,406 करोड़ रू. की लागत के इस प्रोजैक्ट को मंजूरी दी गई। इसमें राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर पर सड़क बनाई जाएगी।**

यह प्रोजैक्ट सोच में आए बदलाव का नतीजा है, जिसके तहत देश के अन्य भागों की तरह सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास किए जाने को भी महत्व दिया जा रहा है।

इस निर्णय से इन क्षेत्रों में सड़क व दूरसंचार कनैक्टिविटी बढ़ेगी और जल आपूर्ति, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में विकास होगा, ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरेगा, यात्रा की सुविधा होगी।

# पैंथर ने सायरा के पास दो बछड़ों का शिकार किया

## वन विभाग ने पैंथर की तलाश के लिए लाइव स्ट्रीमिंग सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये

उदयपुर, 9 अक्टूबर (कासं)। जिले की गोगुंदा तहसील में पैंथर अब तक वन विभाग के जाल में नहीं फंसा है, वो टीम को छका रहा है और थका भी रहा है। टीम को पैंथर के पगमार्क मिले हैं और जंगल में अब सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगाये जा रहे हैं। गोगुंदा से करीब 45 किमी दूर सायरा में भी पैंथर के मूवमेंट की जानकारी मिली है।

आदमखोर पैंथर को पकड़ने के लिए वन विभाग ने जंगल में लाइव स्ट्रीमिंग करने वाले सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए हैं। इससे पहले ट्रेप कैमरे लगवाए गए थे लेकिन उनका डेटा अगले दिन प्राप्त होने के कारण एक्शन लेने में देर हो रही थी। अब सी.सी.टी.वी. कंट्रोल एक्सेस से तुरंत पता चल जाएगा कि पैंथर का मूवमेंट शूटर वाली टीम के आस पास हो रहा है या नहीं।

पैंथर ने मंगलवार रात सायरा थाना क्षेत्र के पदराडा गांव में पूर्व सरपंच हरिसिंह राणावत के घर के परिसर में बंधे दो बछड़ों का शिकार किया। बुधवार सुबह जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 10 दिन से पदराडा

**■ गोगुंदा से 25 किलोमीटर दूर सायरा के परराडा गाँव के पेट्रोल पम्प के पास सोमवार रात 11:30 बजे पैंथर नज़र आया था।**

**■ एमरजैंसी रैस्पाँस टीम को मंगलवार की रात जंगल में पैंथर के "पग मार्क" मिले।**

गांव के आसपास पैंथर का मूवमेंट बढ़ा है। इससे पहले पैंथर एक गाय का शिकार कर चुका है।

पदराडा के पेट्रोल पंप के समीप भी पैंथर के विचरण की जानकारी मिली है। सुआवतो का गुडा गांव के बंशीलाल मेघवाल ने बताया कि सोमवार रात करीब 11.30 बजे पदराडा के पेट्रोल पंप के पास पैंथर देखा था। मंगलवार दोपहर को सड़क किनारे एक गाय मृत मिली थी। उनका अंदेशा है कि पैंथर ने ही गाय को मारा है। गोगुंदा में पैंथर की तलाश के लिए वन विभाग की टीम बडगांव पंचायत समिति के राठौडों का गुडा और पड़ोसी गांव गोगुंदा के केलवों का खेडा में तैनात है। जयपुर से आई एमरजैंसी रैस्पाँस टीम (ई.आर.टी.) के दल ने बुधवार को भी जंगल को खंगाला। टीम को मंगलवार रात जंगल में पैंथर के पगमार्क मिले थे। पगमार्क के आधार पर पता चला कि पैंथर आगे की तरफ बढ़ता गया है। वन अधिकारियों का मानना है कि पगमार्क से पैंथर के यहीं पर होने का अंदेशा है। दल में अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एडिशनल पी.सी.सी.एफ.) वाइल्ड लाइफ, राजेश गुप्ता, रणथंभौर के फील्ड डायरेक्टर अनूप के.आर. और केवलादेव नेशनल पार्क के डी.एफ.ओ. मानस सिंह ने स्थानीय अधिकारियों और ग्रामीणों से भी फीडबैक लिया है।

वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि सी.सी.टी.वी. कैमरे सोलर ऊर्जा से चलने वाले हैं और इनका एक्सेस एक टीम और कुछ अधिकारियों को दिया गया है। इनसे लगातार निगरानी की जाएगी। उसके बाद जैसे ही पैंथर दिखेगा, तो उसे ट्रेंक्यूलाइज या शूट करने के लिए वहां तैनात टीम को अलर्ट कर दिया जाएगा।

# दिवराला सती महिमा मंडन प्रकरण में 8 आरोपी बरी

जयपुर, 9 अक्टूबर। सती निवारण मामलों की विशेष अदालत ने सीकर के दिवराला में वर्ष 1987 में हुए रूप कंवर सती कांड के बाद घटना के महिमामंडन के मामले में आठ आरोपियों, महेन्द्र सिंह, दशरथ सिंह, श्रवण सिंह, निहाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, उदय सिंह, लक्ष्मण सिंह और भंवर सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों पर लगाए गए आरोप को साबित नहीं कर पाया है। ऐसे में उन्हें संदेह का लाभ देना उचित होगा। मामले में वर्ष 2004 में अदालत प्रताप सिंह,

**■ विशेष अदालत ने वर्ष 1989 में हुई इस घटना के महिमा मंडन के मामले में आठ आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।**

राजेन्द्र सिंह राठौड़ और रूप कंवर के भाई गोपाल सिंह राठौड़ सहित 25 लोगों को बरी कर चुकी है, जबकि मूल घटना के बाद गिरफ्तार किए गए 32 लोगों को सीकर की कोर्ट अक्टूबर, 1996 में बरी कर चुकी है।

मामले के अनुसार, जयपुर निवासी रूप कंवर का विवाह दिवराला के मालसिंह के साथ हुआ था। विवाह के करीब सात माह बाद ही मालसिंह की बीमारी से मौत हो गई थी। चार सितंबर, 1987 को 18 वर्षीय रूप कंवर की, अपने पति मालसिंह की चिता के साथ जलकर मौत हो गई थी। इसके बाद 22 सितंबर, 1988 को समाज के लोगों ने दिवराला से अजीतगढ़ तक जुलूस निकाला, लेकिन बारिश के कारण जुलूस ज्यादा आगे नहीं चल पाया। रात करीब आठ बजे 45 लोगों ने ट्रक में बैठकर जुलूस को फिर से शुरू किया। इसके चलते, पुलिस ने इन 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के महज चार दिन बाद ही, पुलिस ने 26 सितंबर को इनके खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। लंबी सुनवाई के बाद, अदालत ने इनमें से 25 लोगों को साल 2004 में बरी कर दिया था। मामले में 11 सितंबर, 2019 को आरोपी लक्ष्मण सिंह ने अदालत में समर्पण किया था। इन 45 लोगों में से करीब आधा दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है और इतने ही फरार चल रहे हैं।

## तीन वैज्ञानिकों को कैमिस्ट्री का नोबल

स्टॉकहोम, 9 अक्टूबर। साल 2024 के रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार के विजेताओं का ऐलान कर दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साईन्सेज़ ने बुधवार को बताया है कि रसायन विज्ञान में 2024 का प्रोटीन पर रिसर्च के लिए पुरस्कार डेविड बेकर, डैमीस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर को देने का फैसला लिया है। डेविड बेकर को "कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन" के लिए के लिए पुरस्कार मिला है। डैमीस हसाबिस और जॉन जम्पर को "प्रोटीन स्ट्रक्चर प्रैडिक्शन" (प्रोटीन संरचना की भविष्यवाणी) के लिए चुना गया है।

रॉयल स्वीडिश अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ के महासचिव हैंस एलेठोन ने बताया है कि इस साल का रसायन विज्ञान का नोबल दो हिस्सों में दिया जा रहा है। एक हिस्से में डेविड बेकर हैं और दूसरे

**■ प्रोटीन पर रिसर्च के लिए दिए गए इस अवॉर्ड में आधी पुरुस्कार राशि डेविड बेकर को नये प्रोटीन के निर्माण के लिए तथा आधी राशि डैसीस हसाबिस और जॉन जम्पर को प्रोटीन की जटिल संरचनाओं की भविष्यवाणी के लिए दिया गया है।**

आधे हिस्से में संयुक्त रूप से डैमीस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर हैं। डेविड बेकर सिएटल में यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में काम करते हैं तथा डैमीस हसाबिस और जॉन जम्पर लंदन में गूगल डीपमाइंड में काम करते हैं।

बेकर ने पूरी तरह से नए प्रकार के प्रोटीन के निर्माण की लगभग असंभव उपलब्धि हासिल की है। वहीं, हसाबिस और जम्पर ने प्रोटीन की जटिल संरचनाओं की भविष्यवाणी करने की 50 साल पुरानी समस्या को हल करने के लिए एक ए.आई. मॉडल तैयार किया है। रॉयल स्वीडिश अकैडमी ने कहा है कि बेकर के रिसर्च ग्रुप ने कई प्रोटीन का उत्पादन किया है, जिनका उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, टीके, नैनोमटीरियल्स और छोटे सैंसर के तौर में किया जा सकता है।

## हरियाणा के निर्दलीयों ने भाजपा को समर्थन दिया

चंडीगढ़ , 09 अक्टूबर। हरियाणा विधानसभा में चुने गये तीनों निर्दलीय विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

चुनाव में तीन निर्दलीय विधायक, सावित्री जिंदल, देवेन्द्र कादियां और राजेश जून, क्रमशः हिसार, गनौर एवं बहादुरगढ़ से चुने गये थे। इनमें से जिंदल और कादियां भाजपा के बागी थे और जून कांग्रेस के बागी थे। हरियाणा भाजपा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैन्डल पर यह जानकारी दी है।

भाजपा को 48 सीटें मिली हैं, जो बहुमत के आँकड़े 46 अधिक थीं, तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन मिलने पर भाजपा ने लिखा है, शगुन की संख्या इक्यावन।

## रतन टाटा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केयर यूनिट में भर्ती हैं। उनका ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया था।

इसके बाद रतन टाटा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया था, मैं ठीक हूं और ज्यादा उम्र के कारण रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल गया था।

चिंता की कोई बात नहीं है। 28 दिसंबर 1937 को जन्मे रतन टाटा, टाटा ग्रुप के संस्थापक जमशेदजी टाटा के परपोते हैं। वे 1990 से 2012 तक ग्रुप के चेयरमैन थे और अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम चेयरमैन थे। रतन, टाटा ग्रुप के चैरिटेबल ट्रस्ट्स के प्रमुख थे।

# हरियाणा की जीत का साउथ इफैक्ट

## हरियाणा में लगातार तीसरी बार जीतने से दक्षिण भारत में भाजपा की ताकत बढ़ी है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी जीत का निश्चित रुप से दक्षिण पर पार्टी के लिए काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, खासकर आंध्र प्रदेश में और तमिलनाडु में।

भाजपा में जन सेना नेता पवन कल्याण के करीब आने के प्रयास चल रहे हैं और कोशिश यह है कि पवन कल्याण को जन सेना का भाजपा में विलय करने के लिए मनाया जाए और हिन्दुत्व की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए कहा जाए। पवन कल्याण इस समय सनातन धर्म को मजबूत करने की बात कर रहे हैं और मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त कराने की बात कर रहे हैं। ऐसे सुझाव दिए जा रहे हैं कि पवन कल्याण से तमिलनाडु में भी यह अभियान चलाने के लिए कहा जाए। फिल्म स्टार से नेता बने पवन कल्याण इस मसले को लेकर सड़कों पर उतर आए है। तमिलनाडु में अन्नामलाई, जो अभी विदेश में हैं, पहले ही मंच तैयार कर चुके हैं। भाजपा नेता चाहते हैं कि तमिलनाडु में पवन कल्याण और अन्नामलाई संयुक्त रुप से अभियान चलाएं। इस जीत ने भाजपा में संगठनात्मक बदलाव को लेकर व्याप्त तमाम संदेहों को खत्म कर दिया है।

**■ आंध्र में भाजपा, जन सेना के पवन कल्याण के साथ मिलकर हिंदुत्व मुहिम को शुरु कर चुकी है। तिरुपति लड्डू में पशु चर्बी की मिलावट से शुरु हुई यह मुहिम मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त कराने तक पहुँच चुकी है, जो निश्चित रुप से चंद्रबाबू को अटपटी स्थिति में ला सकती है।**

**■ भाजपा चाहती है कि पवन कल्याण पार्टी सहित भाजपा में आ जाएं और फिर अन्नामलाई के साथ मिलकर तमिलनाडु में भी यह मुहिम शुरु करें।**

**■ कर्नाटक में भी भाजपा भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ उग्र अभियान शुरु करेगी।**

संभावना है कि आर.एस.एस. अब भाजपा के अध्यक्ष पद पर अपनी पसंद का नेता लाने की कोशिश कम कर देगी, जिसकी सोशल मीडिया पर भारी चर्चा हो रही थी। अभी तक भाजपा अध्यक्ष मोदी के प्रति निष्ठावान रहे हैं। चर्चा थी कि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या फिर संजय जोशी, जो मोदी के खिलाफ हैं, को भाजपा का अध्यक्ष बनाया जाएगा, जो पार्टी मामलों में मोदी और शाह पर अंकुश लगाएंगे।

लेकिन हरियाणा के नतीजों ने भाजपा में भारी बदलाव करने की संघ की शक्तियों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। इससे दक्षिण में पैर फैलाने की पार्टी की ताकत बढ़ी है। अब भाजपा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ राजनैतिक मुहिम तेज करेगी, जो पहले ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं।

आंध्र प्रदेश में पवन कल्याण की जन सेना उग्र हिंदुत्व अभियान चला रही है और अगर तेलुगूदेशम की तरफ से कोई आपत्ति होती भी है तो भाजपा व जन सेना उसे दरकिनार कर देंगे। आंध्र के अगले विधानसभा चुनावों एवं लोकसभा चुनावों में भाजपा ज्यादा बड़ी ताकत के रुप में मैदान में होगी। अभी भाजपा तेलुगूदेशम और जन सेना के साथ गठबंधन में है, और कुछ सीटें जीती है। पर इस गठबंधन में अब नए समीकरण उभर रहे हैं। खासकर तिरुपति लड्डू विवाद के बाद, जो अब बढ़कर मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने की हद तक पहुंच गया है। यह मांग राज्य सरकार के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण कर रहे हैं। निश्चित रुप से पवन कल्याण इस मांग से तेलुगूदेशम को मुश्किल में डाल सकते हैं क्योंकि 80 के दशक में जब तेलुगूदेशम बनी थी और एन.टी. रामाराव मुख्यमंत्री बने थे, तब आंध्र प्रदेश चैरिटेबल एण्ड हिंदू रिलीज़ियस इंस्टीट्यूशन एण्ड एन्डाऊमेंट्स एक्ट बनाया था जो कि मंदिरों में लोकतांत्रिक काम काज सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया था। पवन कल्याण की मांग उस कानून को निरस्त कर मंदिर की सत्ता कुछ ही हाथों में सीमित कर देने की है।

विश्व हिंदू परिषद भी पवन कल्याण के साथ आ गई है और वह देश भर के मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से निकालने और इनका नियंत्रण सनातन धर्म रक्षण बोर्ड को देने की मांग कर रही है।

यह मांग चंद्रबाबू की राजनीति के खिलाफ है, क्योंकि वे हमेशा से धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर रहे हैं।

## अदालत ने सी.एम. को विदेश जाने की सशर्त अनुमति दी

जयपुर, 9 अक्टूबर। जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक जर्मनी और यू.के. जाने की सशर्त अनुमति दे दी है। अदालत ने ये आदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि विदेश जाने से पूर्व यात्रा का विवरण अदालत में पेश किया जाए। इसके अलावा, विदेश यात्रा से आने पर इसकी सूचना तत्काल अदालत में पेश की जाए। अदालत ने कहा कि उनकी अनुपस्थिति के आधार पर अदालत की कार्रवाई में कोई रुकावट नहीं की जाएगी और न अनावश्यक स्थगन ही लिया जाए।

मुख्यमंत्री की ओर से अधिवक्ता अश्विनी बोहरा द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि प्रार्थी के खिलाफ एक

**■ अनुमति में, विदेश जाने से पहले यात्रा का विवरण तथा वापस आने पर अदालत को तत्काल सूचना देने की शर्त लगाई है।**

मामले में 30 सितंबर 2013 को कोर्ट में चालान पेश किया गया था। प्रार्थी प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और उन्हें अक्सर राजकार्य से बाहर जाना पड़ता है। उन्हें "राइज़िंग राजस्थान" कार्यक्रम के तहत विदेशी निवेशकों से चर्चा व संवाद और प्रदेश में निवेश के निमंत्रण के लिए 13 से 25 अक्टूबर तक यू.के. व जर्मनी की यात्रा करनी है। पूर्व में भी, इस संबंध में एक व्यक्ति सांवरमल ने एक प्रार्थना पत्र पेश किया था, जो कोर्ट में पेंडिंग है। उन्होंने अग्रिम जमानत की शर्तों की अवहेलना नहीं की है। केस में कोई नया विवाद या नई पेचीदगियां पैदा नहीं हों, इसके लिए कोर्ट से विदेश जाने की मंजूरी लेने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया है। इसलिए उन्हें विदेश जाने की मंजूरी दी जाए।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग को हरियाणा चुनाव पर 20 शिकायतें सौंपी

## आयोग से बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने कहा, 48 घंटे में और शिकायतें पेश करेंगे

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त के बाद, जयराम रमेश सहित कई पार्टी नेताओं ने इसे अस्वीकार्य बताया था और चुनाव आयोग पर भी सवाल खड़े किए थे। इसी के बाद, चुनाव आयोग ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो लोकतांत्रिक व्यवस्था में कभी नहीं सुने गए। साथ ही, कांग्रेस के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को बैठक के लिए बुलाया गया। बुधवार शाम को हुई इस बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने बताया कि हमने चुनाव आयोग के सामने अपनी बातें रख दी हैं। बीस शिकायतें हमारे पास थीं। अगले 48 घंटों में हम बाकी शिकायतें भी उनके सामने रखेंगे। चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया है कि वह इनके जवाब देगा।

चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आज केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, अजय माकन, जयराम रमेश, भूपिंदर सिंह हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। हमने चुनाव आयोग को हर बात से अवगत कराया। करीब 20 शिकायतें, जो हमारे पास आई थीं, उनमें से 7 लिखित शिकायतों में ऐसी मशीनों का जिक्र था, जो वोटिंग के दिन 99 फीसदी बैटरी दिखा रही थीं। अन्य सामान्य मशीनें 60-70 फीसदी दिखा रही थीं। हमने चुनाव आयोग को इससे अवगत कराया।

पवन खेड़ा ने आगे कहा, हमने मांग की है कि जांच पूरी होने तक उन मशीनों को सील कर सुरक्षित रखा जाए। हमने चुनाव आयोग को यह भी कहा कि अगले 48 घंटों में हम बाकी शिकायतें भी उनके सामने रखेंगे। चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया है कि वह जवाब देगा।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता

**■ कांग्रेस नेताओं की शिकायत के अनुसार, सात जगह वोटिंग मशीनें 99 प्रतिशत बैटरी दिखा रही थीं जबकि, सामान्य मशीनें 60-70 प्रतिशत दिखा रही थीं।**

भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के नतीजे चौंकाने वाले हैं, क्योंकि सभी को लग रहा था कि कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। सभी सर्वे रिपोर्ट में यही था। जब पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू हुई तो कांग्रेस हर जगह आगे चल रही थी, लेकिन जब ई.वी.एम. की गिनती शुरू हुई तो कांग्रेस पिछड़ रही थी। हमें कई शिकायतें मिली हैं। कई जगहों पर वोटों की गिनती में देरी हुई।

इससे पहले, हरियाणा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले कांग्रेस नेताओं के बयान पर चुनाव आयोग ने सवाल उठाए। आयोग ने कहा कि देश के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसे बयान पहले नहीं सुने गए। ये बोलने की स्वतंत्रता की वैधानिकता से भी परे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं, जयराम रमेश और पवन खेड़ा की ऐसी टिप्पणियां वैधानिक और नियामक चुनावी ढांचे के अनुसार व्यक्त की गई लोगों की इच्छा को अलोकतांत्रिक तरीके से खारिज करने की ओर ले जाती हैं।

## अप्रत्याशित हार के बाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का सवाल है, उनका कहना है कि कांग्रेस पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई है, फिर भी इस साल हुये लोकसभा चुनावों में, आप ने तीन सीटें कांग्रेस के लिये छोड़ दी थीं। आप नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को, इसका ख्याल रखते हुए ही सही, हरियाणा में आप के लिये कुछ सीटें छोड़नी चाहिये थीं। हालाँकि आप एक भी सीट नहीं जीती है, लेकिन पार्टी को 1.5 प्रतिशत वोट मिले हैं, जिनका कांग्रेस की संभावनाओं पर प्रतिकूल असर हुआ है।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महाराष्ट्र एवं झारखंड चुनावों से पहले, आने वाले सप्ताहों में, सीट - शेयरिंग व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पर मित्र दलों का दबाव बढ़ता जायेगा और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देने की वाली राहुल गांधी की छवि, हरियाणा चुनावों के बाद कमज़ोर हुई है।

## हरियाणा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

छुटभैये नेताओं को नहीं सौंपने चाहिए तथा बाहरी लोगों की स्फिारिशें को मानने से बचना होगा। और उन्हें इस बात का भी जायज़ा

लेते रहने की जरुरत है कि उनकी नाक के नीचे क्या हो रहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908